e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 181

मंगलवार

04.07.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

सफ़लता कोई पहले से ही निर्मित वस्तु नहीं इसे पाना पड़ता है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
सत्यमेव जयते

ॐ नमः शिवाय

राजकीय श्रावणी मेला

में सभी श्रद्धालुओं और कांवरियों का

हार्दिक अभिनंदन और जोहार

भगवान भोलेनाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करें

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR NO - 301304 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, मंगलवार, 04 जुलाई 2023| पेज 2

संक्षिप्त खबरे

बिजली तार की चपेट में आने से 14 वर्षीय बालिका की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भजनिया गांव में सोमवार की अहले सुबह अवैध तरीके से खींचे हुए विद्युत नंगे तार की चपेट में आने से गांव के ही अरविंद पासवान की पुत्री ममता कुमारी उम्र 14 वर्ष की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन घर के पास खेत में अचेत अवस्था में पड़े ममता को देखा।इसके बाद आनन फानन में उसे इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गये।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतिका की मां गुंजन देवी और दादी आशा कुंवर ने बताया की ममता अहले सुबह घर से बाहर खेत की ओर निकली थी। खेत के बाड़े में अवैध तरीके से प्रवाहित विद्युत के करंट के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।उक्त खेत गांव के ही प्रमोद मेहता का बताया जाता है।जिसके चारो ओर नंगी तार में करंट प्रवाहित था।

माओवादियों का साजिश नाकाम

पुलिस ने पिपरा में दो लैंडमाइंस किया बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : पुलिस ने माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। सोमवार को सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने पिपरा थाना क्षेत्र के झरना गांव के समीप पिपरा-छतरपुर रोड में लगाये गये दो लैंडमाइन को बरामद किया है। इनमें करीब 19 किलोग्राम का केन में बनाया हुआ बंम तथा एक सिलेंडर बंम शामिल है। लैंडलाइन बरामद होने की सूचना पर बम निरोधक दस्ते ने पहुंच कर उक्त दोनों बम को डिफ्यूज कर दिया है । इस संबंध में पिपरा के प्रभारी थाना प्रभारी अभय आनंद ने बताया कि उक्त इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान लैंडमाइन बरामद किया गया। मालूम हो कि पुलिस सर्च अभियान के लिए वह रास्ते का उपयोग करते थे। इस लैंडमाइन के बरामद होने से माओवादियों की बड़ी साजिश विफल हो गया है। सर्च अभियान में पिपरा के प्रभारी थाना प्रभारी अभयआनंद, छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, एसआई पिनियस मुंडा सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

हरिहरगंज में अवैध अंग्रेजी शराब निर्माण का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : थाना क्षेत्र के पिरोजी गांव में अवैध अंग्रेजी शराब बनाने के कारोबार का पुलिस ने सोमवार को भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में पुलिस ने पिरोजी गांव स्थित एक ईट करकट के मकान में छापामारी कर 70 कार्टून में अवैध देशी शराब, ब्लू रंग का गैलन में 360 लीटर स्प्रिट, बॉटलिंग पंचिंग मशीन, प्लास्टिक का खाली बोतल, ढक्कन, रॉयल ब्लू वाइन का स्टीकर 50 सीट, शराब पैक करने वाला 300 गता तथा एक लाल काला रंग का टीवीएस बीआर 26 डब्ल्यू 7502 अपाची बाइक बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने मौके से वैद्य बिघा निवासी रमन पासवान का पुत्र मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पिरोजी स्थित जिस मकान से उक्त सभी सामग्री को जब्त किया गया वह मकान भगत तेंदुआ ग्राम निवासी पिंटू सिंह उर्फ अमित सिंह का है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब निर्माण तथा बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी। छापामारी दल में थाना प्रभारी के अलावे एएसआई संजय कुमार सिंह, आरक्षी चालक रामचंद्र राम, प्रशांत कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

मुखिया और पंचायत सेवक ने कूप स्वीकृति के लिए 10 -10 हजार रुपए की उगाही

नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): नौडीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत ललगाडा के मुखिया किरांती देवी एवं पंचायत सेवक श्री विनोद कुमार राम के द्वारा बिरसा हरित योजना अंतर्गत कूप निर्माण के लिए दोनों मनमानी तरीका से लाभुक का चयन कर लिया गया, और इस प्रत्येक कुआँ पर 10000 रुपया की उगाही भी किया। पंचायत विशाल कुमार यादव एवम बद्री नारायण यादव, उपमुखिया के संयुक्त हस्ताक्षर से उप विकास आयुक्त पलामू को लिखित आवेदन कर मामले की जांच करने के गुहार लगाई है। मुखिया और पंचायत सेवक बिनोद कुमार राम पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पंचायत मे तत्काल 25 कूप और 3 डोभा सहित अन्य योजना की वार्ड सदस्य और उप मुखिया के सहमति के बिना योजना का चयन कर लिया जाता है जो मोटी रकम देने के लिए सक्षम रहते है, वैस लोगों की चयनित करके जनकल्याणकारी योजना के लाभ दिया जाता है। समाचार लिखें जाने तक पंचायत सेवक श्री बिनोद कुमार राम से दूरभाष के माध्यम संपर्क किया, तो उन्होंने ने यह आरोप निराधार बताया और कहा कि पंचायत मे किसी प्रकार के कोई लेन देन की मामला नहीं है।

जिले के पदाधिकारी भी दोनों बीडीओ को बचाने का प्रयास कर रहे है : राम चन्द्र केशरी

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले के सगमा एवं नगर उंटारी बीडीओ द्वारा विभिन्न योजनाओं में भ्रष्टाचार एवं लूट की शिकायत उपायुक्त से बार-बार किया गया है। जिला से गठित जांच टीम को प्रभावित किया जा रहा है। कुछ अधिकारी भ्रष्ट बीडीओ को बचाना चाहते है।उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने सोमवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा।उन्होंने कहा कि उक्त दोनों बीडीओ के चाल, चरित्र तथा पिटाई की बातें लगातार अखबारों में छपते रहना तथा जिलाधिकारी द्वारा जांच के आदेश के बाद भी कार्रवाई नहीं किया जाना इस बात का प्रमाण है कि कही न कही उनका बचाव किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पत्र जिला को मेरे द्वारा दिया जा चुका है।उन्होंने कहा कि उक्त दोनों बीडीओ जहां भी रहे हैं, इनके कृत कार्यों के कारण उपायुक्त के द्वारा इन पर कार्रवाई किया गया है।दोनों का कृत्य दोनों प्रखंडों में देखा जा सकता है।उन्होंने कहा कि पूर्व में मेरे द्वारा राज्य स्तर की जांच टीम से विभिन्न मामलो का जांच करा कर लोगो को न्याय दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पर उन्हें पूर्ण विश्वास है की जिला प्रशासन उचित जांच टीम का गठन कर सभी आवेदक गणों को सूचना देकर स्थल जांच कराने एवं दोषियों को दंडित करने तथा दोनों प्रखंड की जनता को राहत दिलाने का कार्य करेंगे। प्रेसवार्ता में सलीम अंसारी, सोबराती खां, दिनेश शर्मा,सोनू कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेसी नेता हृदयानंद मिश्रा का किया गया सम्मान समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य बनने पर वरिष्ठ कांग्रेसी हृदयानंद मिश्र के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय परिसदन भवन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन पलामू जिला बीस सूत्रीकार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की उपाध्यक्षा विमला कुमारी ने किया ।अपने सम्मान समारोह के अवसर पर हृदानंद मिश्रा ने कहा कि पहली प्राथमिकता रहेंगे जो मंदिर की पंजीयन नहीं हुआ है उसको प्राथमिकता के साथ कराने का काम करूंगा। झारखंड सरकार जिस आस्था और विश्वास से मुझे सदस्य बनाया है उनके आस्था और विश्वास को मंजिल तक पहुंच जाऊंगा। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता के डी सिंह ने कहा कि झारखंड कांग्रेस धन्यवाद के पात्र हैं जो झारखंड प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हृदयानंद मिश्र को धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य बनाकर सम्मानित किया। इससे आने वाले दिनों में झारखंड में कांग्रेस मजबूत होगी तथा सभी धर्मों में सद्भाव बढ़ेगा ।समारोह को संबोधित करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे प्रदेश सचिव राम आशीष पांडे लक्ष्मी नारायण तिवारी विनोद कुमार तिवारी राजेश चौरसिया वरिष्ठ कांग्रेसी ओम प्रकाश अमन सुनीता देवी, रा विश्राम दुबे सत्येंद्र कुमार सिंह विद्या सिंह चेरो मनोज कुमार पांडे ओम प्रकाश अमन रघुनंदन प्रसाद रामानंद पांडे शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार पांडे ने की।

वन भूमि पर कराया जा रहा आवास का निर्माण कार्य

➲मोहम्मदगंज बराज डेम के बदले वन विभाग को चेचरिया गांव 47 एकड़ जमीन कराई गई है उपलब्ध

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : नावा बाजार अंचल के द्वारा चेचरिया गांव में वन विभाग को उपलब्ध कराई गई जमीन पर आवास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को भी स्थानीय लोगों के द्वारा दी जाती रही है। बावजूद निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगाई गई। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मदगंज बराज डेम निर्माण के क्रम में लगभग 47 एकड़ जमीन वन विभाग की प्रभावित हुई थी। जिसके बदले जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नावा बाजार अंचल क्षेत्र के चेचरिया गांव स्थित सरकारी जमीन वन विभाग को देने की प्रक्रिया पूरी की गई। नावा बाजार अंचलाधिकारी सहित राजस्व कर्मचारी व अमीन के द्वारा जमीन का सीमांकन कर कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए जिला प्रशासन को सौंप दी गई। साथ ही वन विभाग के नाम 47 एकड़ जमीन हस्तांतरित भी कर दी गई। बावजूद वन विभाग के पदाधिकारी आज भी इससे अनभिज्ञ हैं। वन विभाग की जमीन पर आवास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इतना ही नहीं मनरेगा की दर्जनों योजनाएं बेखौफ कराई गई। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारी व कर्मियों से बात करने पर बताया गया कि चेचरिया गांव में विभाग को जमीन उपलब्ध कराए जाने संबंधी किसी प्रकार की कागजात उनके पास उपलब्ध नहीं है। पूर्व में भी मिली शिकायत के अनुसार स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य करा रहे लोगों से जानकारी ली गई तो उनके द्वारा कागजात दिखाए गए। बताया कि इस संबंध में वरीय अधिकारियों से बात की जाएगी। जो भी निर्देश प्राप्त होगा उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वज्रपात से 45 वर्षीय युवक की मौत

भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी गाँव में सोमवार के शाम में तेज बारिश के बीच हुई वज्रपात की चपेट में आकर मकरी गांव निवासी शिव शंकर चंद्रवंशी 45 वर्ष व उसका एक मवेशी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों द्वारा तत्काल शिव शंकर को ईलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, वहाँ डॉ. निशंक निश्रम ने जांचोंपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शंकर चंद्रवंशी मकरी गाँव स्थित डीहवार बाबा के समीप खेत मे बैल चरा रहा था, कि अचानक तेज बारिश और हवा के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से शिव शंकर व उसका बैल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर भवनाथपुर पुलिस ने अस्पताल पहुंच शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढवा भेज दिया।

सम्मान समारोह आयोजित कर टॉप टेन छात्रों को किया गया पुरस्कृत

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : प्रखंड क्षेत्र के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में सोमवार को समारोह आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक लाने वाले 10 छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने वालों में अक्षय कुमार, शुभम कुमार, पुष्पांजलि कुमारी, पम्मी, कुमारी दीक्षा, हंसप्रिया, रानी, सत्यम राज, मुस्कान कुमारी, रौनक तरन्नुम, अनुप्रिया तथा अंशु शामिल है। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने कहा कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता है। शिक्षकों के मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए निष्ठा पूर्वक नियमित रूप से पढ़ाई करने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने सभी सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सूरजमल राम, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, एसएमसी सदस्य, लिपिक सहित बड़ी संख्या में छात्र व अभिभावक उपस्थित थे।

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर महामहोत्सव का दिव्य आयोजन

जीयर स्वामी जी महाराज के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : नगर उंटारी स्थित पाल्हे जतपुरा में ब्रम्हलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्रीत्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्यपाद श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज द्वारा संकल्पित चातुर्मास्यव्रत के अवसर पर सोमवार को गुरू पूर्णिमा महामहोत्सव का भव्य और दिव्य आयोजन किया गया. महामहोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी.हजारो लोग इस विशेष उत्सव के भागी बने. जानकारी के अनुसार प्रातः मंगला आरती के बाद पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज ने त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के तस्वीर के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन अर्चन किया. बड़ी संख्या में भक्तों ने पूज्य जीयर स्वामी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लिया.गुरु पूर्णिमा उत्सव में शामिल होने के लिए रविवार रात से ही रेल और सड़क मार्ग से लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था. यह सिलसिला सोमवार देर शाम तक चलता रहा. महा भंडारे में हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति की ओर से महाप्रसाद की व्यवस्था किया गया था. विभिन्न क्षेत्रो से पहुंचे और स्थानीय हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। महाप्रसाद में 15 तरह का व्यंजन परोसा जा रहा था. पुलाव, तड़का, मिक्स सब्जी, नमकीन कचौड़ी, लिट्टी, बुंदिया, दही बड़ा, मालपुआ, दाल पूड़ी, बेसन हलवा, दधिओदन, फुलेहरा, खिचड़ी, इमली का चटनी आदि लोगों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया.गुरु पूर्णिमा उत्सव को लेकर यज्ञ स्थल पर उमड़ी भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए यज्ञ समिति के सदस्यों ने काफी मेहनत की. समिति के सदस्य भीड़ को व्यवस्थित करने में मुस्तैद थे. वाहन पार्किंग, सुरक्षा, प्रसाद वितरण, पूज्य स्वामी के दर्शन के लिए सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गयी थी. बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को तनिक भी परेशानी और कठिनाई ना हो इसका विशेष ख्याल सदस्य रख रहे थे. रविवार रात बड़ी संख्या में लोग ट्रेन से यहां पहुंचे थे। समिति के सदस्य श्रद्धालुओं के ठहरने, जलपान समेत अन्य सुविधाओं का ख्याल रख रहे थे। सुरक्षा को लेकर पुलिस के जवान भी यज्ञ स्थल पर उपस्थित थे।

पूर्व डीएसपी भिखारी राम की बेटी का शव तालाब से बरामद, तीन दिन से लापता थी कंचन

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर थाना क्षेत्र के सिंचाई विभाग इलाके में एक पूर्व डीएसपी की बेटी का शव तालाब से बरामद हुआ है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए. पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवा कर शव को पोस्टमार्टम के मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए. मृतक कंचन कुमारी रिटायर्ड डीएसपी भिखारी राम की बेटी थी. कंचन कुमारी पिछले तीन दिनों से लापता थी, इसकी जानकारी परिजनों ने मेदिनीनगर टाउन थाना की पुलिस को दी थी।पुलिस मामले में अनुसंधान कर ही रही थी कि रविवार की देर शाम मेदिनीनगर के बरलोटा सिंचाई विभाग के पास तालाब में लोगो ने देखा की एक महिला का शव पड़ा हुआ है।शव देखने के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस की जांच में पता चला कि शव कंचन कुमारी का है। वह रिटायर्ड डीएसपी भिखारी राम की बेटी थी। भिखारी राम बिहार के बक्सर के रहने वाले हैं और पलामू में तैनात रहे थे। परिवार फिलहाल पलामू के मेदिनीनगर के चैपियन चौक के पास किराया के मकान में रहता है।शव के बरामद होने के मामले में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर थी और दो दिनों से लापता थी. पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है. फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेज दिया है।

सावन माह में पूरा भक्तिमय हो जाता है श्री बंशीधर नगर

➲हरियाली और मनमोहक हो जाता राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर
➲दूर से ही श्रद्धालुओं को लुभाता है पहाड़ी पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : अनुमण्डल मुख्यालय स्थित मुख्य पथ से उतर दिशा में लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है राजा पहाड़ी शिव मंदिर।यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था व विश्वास का केंद्र बन चुका है। प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सीमावर्ती उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार व झारखण्ड के विभिन्न स्थानों से आकर बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते है तथा जल चढ़ाते है।श्रद्धालुओ का मानना है कि यहाँ पूजा अर्चना करने से उनकी मन्नते पूरी हो जाती है। पूरे श्रावण माह भर श्रद्धालुओ के आने जाने वालो का तांता लगा रहता है। **प्राकृतिक छटाओं से आच्छादित है राजा पहाड़ी शिव मंदिर :** पहाड़ की ऊंचाइयों पर बना भगवान शिव का मंदिर एक मनोरम स्थल है। चारो तरफ पेड़ पौधों की हरियाली ,मंदिर तक जाने के लिए बना पीसीसी पथ व उसके किनारे हरे भरे पेड़ पौधे श्रद्धालुओ को सहसा अपनी ओर आकर्षित करते है।यहाँ पहुँचकर लोग शांति महसूस करते है।मंदिर निर्माण समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रावण महोत्सव का आयोजन किया जाता है।मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है।मंदिर परिसर से लगातार भक्ति गीतों के प्रसारण होने से अनुमण्डल मुख्यालय पूरे सावन माह में भक्तिमय हो जाता है।मंदिर निर्माण समिति द्वारा भगवान शिव का महारुद्राभिषेक किया जाता है, जो देखने लायक होता है। महारुद्राभिषेक के दिन पूरे रात दिन मंदिर आने जाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। **वर्ष 1988 में हुआ था मंदिर का शिलान्यास :** वर्ष 1988 से पूर्व राजा पहाड़ी पर एक छोटा सा मंदिर था। वहाँ भगवान रुद्र की पूजा होती थी.उस समय मंदिर तक जाने का कोई रास्ता नही था।1988 में नगर उंटारी के लोगो ने मंदिर निर्माण के लिए बैठक कर मंदिर निर्माण समिति बनाया।मंदिर निर्माण समिति के चिंतन,लगन व परिश्रम का फल है कि राजा पहाड़ी शिव मंदिर वर्तमान स्थिति में खड़ा है।मंदिर निर्माण समिति द्वारा 1988 में वनांचल के जगतगुरु शंकराचार्य द्वारा मंदिर का शिलान्यास कराया गया था। शिलान्यास के बाद से मंदिर निर्माण समिति के लोग मंदिर निर्माण में लग गये।एक एक लोगो का सहयोग मिलता रहा और कारंवा बढ़ता चला गया। आज मंदिर अपने भव्य व आकर्षक रूप में तैयार है।मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिये ठहरने व पेयजल की पूरी व्यवस्था है। श्रावणी मेला-राजा पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में एक माह तक चलनेवाला श्रावणी मेला देखने लायक होता है.इस वर्ष भी मेला में बच्चो के मनोरंजन के लिए झूला भी लगाया जा रहा है। अब इस मंदिर की ख्याति दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पूरे वर्ष श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला जारी रहता है। पहाड़ी के ऊपर मंदिर के निकट प्रसाद की कई स्थायी दुकानें भी है, जिससे स्थानीय लोगो को रोजगार भी उपलब्ध हुआ है। श्रावण माह में पूरे एक माह तक कई अस्थायी दुकानें भी लगती है, जिससे यहां के लोगो को रोजगार उपलब्ध होता है।

बालू माफियाओं पर प्रशासन के आदेश बेअसर रोक के बावजूद कर रहे अवैध उत्खनन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भवनाथपुर : मॉनसून के आगमन के साथ ही बालू घाटों व नदियों से बालू उठाव पर पूर्व तरीके से रोक लगा दी गई है। एनजीटी के आदेश के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नहीं किया जाना है। एनजीटी के रोक के बाद बरसात के मौसम में नदी क्षेत्र से बालू नहीं निकाला जा सकता। जिले में इस आदेश को खनन विभाग ने प्रभावी तरीके से लागू कर दिया है। कहीं भी अवैध बालू उठाव की सूचना पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है। इसके विपरीत प्रशासनिक आदेश पर बालू माफिया भारी पड़ते दिखाई दे रहे है। पुलिस प्रशासन भवनाथपुर और केतार प्रखंड में नदियों से अवैध बालू का उठाव पर रोक लगाने में अब तक विफल साबित हो रही है। पुलिस की शिथिलता के कारण बालू माफिया बरसात के दिनों में भी इन नदियों में अवैध खनन का बालू का उठाव बे रोक टोक करने में लगे हुए है। प्रतिदिन नदियों से दर्जनों ट्रैक्टर रात भर बालू खनन कर उठाव करने में लगे हुए है, जिससे सरकार को लाखो रूपये की राजस्व की क्षति पहुँच रही है।

भवनाथपुर व केतार प्रखंड के इन नदियों से हो रहा है, अवैध ढंग से बालू का उठाव

` बालू माफिया भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के कैलान पंचायत के झोंक नदी, दुहान नदी, मकरी के बगही नदी तथा केतार प्रखंड के मुकुंदपुर व ताली के पंडा नदी, खैरवा गांव स्थित सोन नदी से बालू का अवैध तरीके से उठाव बदस्तूर जारी है। तो दूसरी तरफ बालू माफिया बालू का खनन करा नदी व जंगल का अस्तित्व मिटाने को आतुर है इसी तरह कैलान उतरी जंगल झोंक दुहान नदी में धड़ल्ले से खनन हो रहा है मजदूर भोर में ही बालू निकाल नदी के किनारे इकट्ठा करते हैं, और सुबह होते ही इसे ट्रैक्टरों से कैलान में बन रहे एलएनटी कंपनी पंप हाउस में भेज दिया जाता है, लगातार खनन से जंगल की मिट्टी का क्षरण हो रहा है जिसके चलते पेड़ नदी में गिर रहे हैं और वन विभाग के कर्मचारी सब कुछ जानते हुए भी चुप्पी साधे हुए हैं और खनन के चलते जंगल का अस्तित्व खत्म हो रहा है। नदी से बालू माफिया बेखौफ खनन कर रहे हैं, प्रशासन की चुप्पी से माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 181

मंगलवार
04.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

सफ़लता कोई पहले से ही निर्मित वस्तु नहीं इसे पाना पड़ता है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान

अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

क्विक न्यूज

वज्रपात से दो की मौत

बालूमाथ : बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेमपुर ग्राम में हुए वज्रपात से हृदय गंझु 50 वर्ष की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि महेश गंझू 45 वर्ष पिता स्व0 पूरन गंझु गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा जाँच के बाद हृदय गंझू को मृत घोषित कर दिया। वही महेश गंझू की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया।परिजनों ने बताया कि हृदय गंझु एवं महेश गंझू दोनों तालाब से मछली मार कर अपने घर वापस लौट रहा था। इसी बीच एकाएक वज्रपात होने से दोनों उसकी चपेट में आ गया। वहीं दूसरी घटना बरियातू थाना क्षेत्र के ग्राम में टुंडाहुटु ग्राम की है जहाँ खेत में काम करने के दौरान भोला यादव 35 वर्ष पिता बबूर यादव की मौत हो गई ।बताया जाता है कि भोला यादव खेत में काम कर रहा था इसी बीच एकाएक वज्रपात होने से उसकी चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलस गया।

अजित पवार गुट ने एनसीपी पर ठोंका अपना दावा

मुंबई: अजित पवार गुट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एनसीपी पर अपना दावा ठोंका. इसके साथ ही उन्होंने शरद पवार से सुलह का फॉर्मूला भी पेश किया. अजित पवार ने कहा है कि इस नए फॉर्मूले के तहत शरद पवार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. इसके साथ ही अजित गुट ने कहा है कि वे नहीं चाहते कि चुनाव दोबारा हो इसलिए पार्टी में आपसी सहमति से फैसले लेने का आग्रह किया गया है. कहा गया है कि आपसी सहमति नहीं होने की स्थिति में चुनाव आयोग को फैसला लेना होगा. अजित पवार ने कहा है कि वे फिलहाल किसी को पार्टी से निष्कासित नहीं कर रहे हैं बल्कि पार्टी का विस्तार कर रहे हैं.

प्रिया दुबे को एडीजीपी रैंक में मिली प्रोन्नति

रांची : झारखंड कैडर के 1998 बैच की आईपीएस प्रिया दुबे को आईजी रैंक से एडीजी रैंक में प्रोन्नति दी गई है. प्रिया दुबे को एडीजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए सरकार ने एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण के पद पर पदस्थापित किया है. इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा सोमवार की देर शाम अधिसूचना जारी कर दी गई है.

राज्यपाल ने पूर्व मंत्री स्व. जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को पद एवं गोपनीयता की दिलायी शपथ

मंत्री बनी बेबी देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी ने झारखंड सरकार में 11वें मंत्री के रूप में शपथ ली। बेबी देवी को राजभवन के दरबार हॉल में सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण के बाद बेबी देवी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जो भी आदेश होगा, वह उसका पालन करेंगी। वह क्षेत्र की जनता की सेवा करेंगी और अपने पति जगरनाथ महतो के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए लगातार काम करेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता व राज्यसभा सदस्य महुआ माजी तथा कई विधायक मौजूद थे। इससे पूर्व बेबी देवी ने अपने बेटे अखिलेश महतो और परिजनों के साथ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना की। राजभवन पहुंचने से पहले बेबी देवी ने झामुमो प्रमुख गुरुजी शिबू सोरेन से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। बता दें कि इसी साल छह अप्रैल को शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का चेन्नई में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनके निधन के बाद से ही मंत्री पद खाली था।

बेबी देवी का 1979 में जगरनाथ महतो के साथ शादी हुई थी।

पति जगरनाथ महतो के अधूरे सपनों को करूंगी पूरा : बेबी देवी

बेबी देवी के हैं चार पुत्री व एक पुत्र

बेबी देवी और जगरनाथ महतो के चार बेटी व एक बेटा है. सबसे बड़ी बेटी सुनीता कुमारी की शादी गिरिडीह के मदेडीह, दूसरी बेटी रीना कुमारी नावाडीह, तीसरी बेटी गीता कुमारी हजारीबाग व कनिष्ठ बेटी पूनम कुमारी की शादी रांची के तमाड़ में हुई है. इकलौता बेटा अखिलेश महतो ऊर्फ राजू है. बेबी देवी विवाह बंधन में बंधने के बाद घर गृहस्थी के कामों में लगी रहीं. उन्हें क्या पता था कि तकदीर एक दिन घर गृहस्थी के कामों से इतर राजनीति, सत्ता और मंत्रालय के गलियारे में ले आयेगी. वैसे तो जगरनाथ महतो ने भी हाई स्कूल तक की पढ़ाई की थी. इंटर में उन्होंने मंत्री रहते अपना नामांकन कराया था. लेकिन कोरोना महामारी के दौरान वे बीमार पड़ गये. बाद में स्वस्थ होने के बाद पुनः मंत्रालय का काम काज संभाल लिया था. इस बीच फिर बीमारी ने उन्हें ऐसा जकड़ा कि 6 अप्रैल को उनका निधन हो गया. और बेबी देवी के कंधे पर घर गृहस्थी के साथ पति के राजनैतिक दायित्व को भी संभालने की जिम्मेवारी आ गई.

मुख्यमंत्री समेत कई ने दी बधाई

मंत्री पद की शपथ लेते ही नवनियुक्त मंत्री बेबी देवी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता व कई विधायकों, सांसदों ने भी उन्हें बधाई और शुभकामनांए दी।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर को शपथ ग्रहण समारोह में जाने से रोका गया, कहा : केंद्र के इशारे पर काम कर रहा है राजभवन

शपथ ग्रहण समारोह में किसी को शामिल होने की अनुमति नहीं मिल मिली. जिससे नाराज होकर जेएमएम के नेता और मंत्री वापस लौट गए. मीडिया को भी अंदर आने की अनुमति नहीं दी गयी है. मंत्री मिथिलेश ठाकुर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए राजभवन पहुंचे थे. लेकिन उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गयी. जिससे नाराज होकर वे लौट गये. कहा कि केंद्र के इशारे पर राजभवन काम कर रहा है, यह लोकतंत्र पर कुठाराघात है. मंत्रियों को नहीं जाने देना, उसके कार्यकर्ताओं को नहीं जाने देना और मीडियाकर्मियों को भी नहीं जाने देना, यह पूरी तरह से तानाशाही है. इससे आगे उन्होंने कहा कि राजभवन पूरी तरह से केंद्र के इशारे पर काम कर रहा है.कहा कि स्वर्गीय जगन्नाथ महतो की पत्नी का शपथ ग्रहण है और उनके क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व मंत्रियों को नहीं जाने देना यह दर्शाता है कि राजभवन केंद्र और भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है. इसकी बड़ी कीमत केंद्र सरकार और भाजपा को उठाना होगा.

देवघर : विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का हुआ आगाज

बोल बम के नारों से गूंजने लगा बाबा नगरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

देवघर : देवघर में विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक राजकीय श्रावणी मेला का मंत्रोच्चारण के साथ सोमवार को शुभारंभ हो गया। सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने मेले का उद्घाटन किया। इसके साथ ही दो महीने के लिए बाबा बैद्यनाथ के मंदिर में वीआईपी, वीवीआईपी और आउट ऑफ टर्न दर्शन पर पूरी तरह से रोक लग गयी है। मंगलवार से श्रावण मास शुरू हो रहा है। श्रावण मास में भारत के कोने-कोने से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए देवघर आते हैं। मेला का विधि-विधान पूर्वक शुभारंभ कराने के लिए 11 वैदिक पुरोहितों द्वारा बाबा बैद्यनाथ की पूजा की गई। मंदिर में पूजा-अर्चना कर झारखंड के खुशहाली की कामना की गई। इसके साथ ही मंत्री बादल पत्रलेख ने बाबा वैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश मार्ग और निकास, सुरक्षा व्यवस्था, पूजा-अर्चना करने की व्यवस्था सहित अन्य स्थिति का भी जायजा लिया। मंत्री बादल पत्रलेख ने मेला का उद्घाटन करने के बाद कहा कि श्रावण मास में देवघर एवं बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जायेगा। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में हम सभी मिलकर बाबा के भक्तों का स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि देवघर अपने भव्य स्वरूप के साथ बाबाधाम आने वाले सभी कांवरियों के अभिनंदन के लिए तैयार है। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को और भव्य बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। विधायक नारायण दास ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला में बाबाधाम आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले, ऐसी व्यवस्था करनी होगी। बता दें कि इस वर्ष मलमास को लेकर दो महीने तक सावन होगा। इस दौरान दो बार 15-15 दिनों के लिए मेले का आयोजन किया गया है।

कांवरिया पथ पर बिछाया गंगा का बालू : उपायुक्त

उपायुक्त ने बताया कि कांवरिया पथ पर गंगा नदी की बालू बिछाई गई है, ताकि श्रद्धालुओं को चलने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन सुनिश्चित करेगा कि भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यही वजह है कि श्रावणी मेला के दौरान वीआईपी, वीवीआईपी एवं आउट ऑफ टर्न दर्शन को पूर्णरूप से बंद कर दिया गया है।

राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना, अलर्ट जारी

झारखंड के कई जिलों में 6 से 15 जुलाई के बीच भारी बारिश की संभावना जाहिर की गयी है। मानसून का असर अब राज्य के कई हिस्सों में दिखेगा।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड के कई जिलों में मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। झारखंड के कई जिलों में 6 से 15 जुलाई के बीच भारी बारिश की संभावना जाहिर की गयी है। मानसून का असर अब राज्य के कई हिस्सों में दिखेगा। मौसम विभाग ने कहा है की 4 जुलाई से मानसून की सक्रियता नजर आयेगी जो 7 और 8 जुलाई तक राज्यभर में फैल जायेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची समेत पूरे राज्य में 24 घंटे बाद मानसून सक्रिय होने की संभावना है।

इससे राज्य के कई हिस्सों में बारिश होगी। संताल में भी बारिश का अलर्ट है लेकिन उसका असर आज से ही दिखने लगेगा।। राज्य के कई हिस्सों में एक बार फिर बारिश किसानों को बड़ी राहत देगी।मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान अब तक हुई कम बारिश की भरपाई होने की भी संभावना जाहिर की गयी है। किसानों से खेतों को रोपाई के लिए तैयारी करने के लिए भी कहा गया है। लोग सावधान रहें। अपना ख्याल रखें। जहां कहीं भी हों, वहां से सुरक्षित जगहों पर चले जायें। पेड़ के नीचे खड़े नहीं रहें। बिजली खंभों से दूर रहे। किसान खेतों में ना जायें। मौसम सामान्य होने का इंतजार करें।

हाई कोर्ट में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को हाजिर होने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी।हाईकोर्ट की लिस्ट में राहुल गांधी का मामला मंगलवार को जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में सूचीबद्ध किया गया है। रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में भी मंगलवार को ही सुनवाई है।अब हाई कोर्ट इस मामले में क्या आदेश देता है यह काफी महत्वपूर्ण होगा,क्योंकि अगर राहुल गांधी की याचिका स्वीकार नहीं होती है, तो उन्हें रांची सिविल कोर्ट में हाजिर होना पड़ सकता है।

राहुल गांधी ने रांची सिविल कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी ने अपनी ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय को वकील नियुक्त किया है। रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी नाम के व्यक्ति ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया है, जिस पर रांची एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। राहुल गांधी ने कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर की धारा 205 के तहत सशरीर पेशी से छूट मांगी थी, जो खारिज हो चुकी है। राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव 2019 के प्रचार के दौरान रांची के मोरहाबादी मैदान में कांग्रेस की सभा में नरेंद्र मोदी, नीरव मोदी, ललित मोदी का नाम लेने के साथ कहा था कि जिनके नाम के आगे मोदी है, वह सभी चोर है। इस कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायत वाद दर्ज कराया है।

हाई कोर्ट ने ईडी से पूछा : न्यूक्लियस मॉल की जमीन मामले में जांच हो रही है या नहीं

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को लालपुर स्थित न्यूक्लियस मॉल को लेकर दाखिल पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी से पूछा है कि न्यूक्लियस मॉल की जमीन मामले में जांच हो रही है या नहीं, अगर जांच हो रही है तो क्या बात सामने आयी है।कोर्ट ने मामले में सीबीआई को भी प्रतिवादी बनाया है। हाई कोर्ट ईडी के अधिवक्ता को इंस्ट्रक्शन लेने का निर्देश दिया है कि क्या इस मामले का अनुसंधान ईडी कर रही है। कोर्ट को बताया गया कि एक मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से ईडी पूछताछ कर रही है।कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया है कि लालपुर में जो न्यूक्लियस मॉल बना है वह गलत ढंग से बना है।

द्विपथ लिलो संचरण लाइन के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

निर्बाध बिजली आपूर्ति सरकार का लक्ष्य : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के एक-एक उपभोक्ता परिवार तक निर्बाध एवं गुणात्मक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में हमारी सरकार कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में 132/33 के0वी0 (2 × 50 एमवीए) ग्रिड सब-स्टेशन, जरमुण्डी एवं संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाईन का ऊर्जान्वयन किया जा रहा है। इस ग्रिड सब-स्टेशन के उद्घाटन होने से दुमका एवं देवघर जिले के विभिन्न क्षेत्र जैसे बासुकीनाथ तीर्थ स्थल, तालझारी, घोरमारा, जरमुण्डी, सोनारायथाड़ी आदि में बिजली की समस्या से लोगों को निजात मिल सकेगा। आने वाले समय में यह ग्रिड सब-स्टेशन अलग-अलग ग्रिडों से भी जुड़ेगा। बिजली की महत्ता से आज कोई भी अपरिचित नहीं है। बिना बिजली के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन जरमुंडी एवं 132 केवी द्विपथ लिलो संचरण लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आज झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एवं झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के पदाधिकारियों, कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूँ जिन्होंने राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को निर्बाध एवं गुणात्मक बिजली पहुँचाने का दृढ़ संकल्प लिया है। मैं उद्घाटन समारोह स्थल पर उपस्थित सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं आप सभी सम्मानित नागरिकों को इस कार्य के सफल संपादन में सहयोग प्रदान करने हेतु धन्यवाद देता हूं।

100 यूनिट से कम खपत वाले उपभोक्ता परिवारों को मुफ्त बिजली दे रही राज्य सरकार

उपभोक्ता परिवारों को 100 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही राज्य सरकार: उद्घाटन स्थल पर उपस्थित जनमानस को ऑनलाइन संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार बेहतर

जनकल्याण एवं संवेदनशीलता के साथ विकास कार्यों को दे रहे हैं नया आयाम

बिजली आपूर्ति के साथ-साथ वैसे उपभोक्ता परिवार जिनकी मासिक खपत एक सौ यूनिट से कम है उन्हें मुफ्त बिजली उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याण एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने बकाए बिजली बिल पर भी राहत देने का कार्य किया है। बिजली बिल बकायेदार परिवारों को किस्तों में धीरे-धीरे बिजली बिल के पैसे चुकाने का भी प्रावधान राज्य सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन समारोह स्थल पर उपस्थित लोगों से अपील किया कि बेहतर एवं गुणात्मक बिजली सेवा बहाल करने में जनभागीदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप ग्रामीण भी वैसे असामाजिक तत्वों पर ध्यान रखें जो बिजली व्यवस्थाओं पर चोट पहुंचाने का काम करते हैं। अक्सर असामाजिक तत्वों द्वारा तार चोरी सहित के विभिन्न तरह के नुकसान पहुंचाने की सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इन सभी चीजों पर रोक लगाने हेतु आम जनता का ध्यान होना भी आवश्यक है।

बिजली के क्षेत्र में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य: इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री बादल पत्रलेख ने उद्घाटन स्थल से अपने स्वागत संबोधन में कहा कि दुमका एवं देवघर जिला के लिए आज विशेष दिन है। जरमुंडी के तालझारी में 132/33 के0वी0 ग्रिड सब-स्टेशन जरमुंडी एवं 132 के0वी0 द्विपथ लिलो संचरण लाइन का उद्घाटन होना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में निरंतर ऐतिहासिक काम किया जा रहा है।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय से राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड बिजली वितरण निगम लि के निदेशक श्री केके वर्मा ऑनलाइन उपस्थित थे। वहीं उद्घाटन समारोह स्थल में उपायुक्त दुमका रविशंकर शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा आम जनता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मार्ग दुर्घटनाओं में नौ की मौत, कई घायल

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में सोमवार को मार्ग दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हुई है। मथुरा और मुजफ्फरनगर सड़क हादसे में तीन-तीन जबकि फिरोजाबाद, मेरठ और बुलंदशहर में एक-एक की मौत हुई है। दुर्घटनाओं में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मथुरा के एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश से करीब 50 से लोग ट्रैक्टर-टॉली में बैठकर मथुरा आए थे। गोवर्धन सप्तकोसीय परिक्रमा करने के बाद सोमवार की सुबह वापस लौट रहे थे। तभी फरह थाना के रैपुराजाट चौकी क्षेत्र अंतर्गत आगरा-दिल्ली राजमार्ग पर तेज रफ्तार एक कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई।

राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर पिपरवार लौटे अविनाश का किया गया जोरदार स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के अंतर्गत पाहन टोंगरी निवासी अविनाश गंझु ने पुणे के छत्रपति शिवाजी स्पोर्टस कम्पलेक्स मे संपन्न हुए 32वां राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता मे एक स्वर्ण पदक और रजत पदक प्राप्त करने के बाद सोमवार को अपने पैतृक गांव पिपरवार के पाहन टोंगरी गांव पहुंचा।इस दौरान अविनाश के पिपरवार पहुंचने पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया।जानकारी के अनुसार बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी,पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया, चतरा जिला वुशू संघ के महासचिव रज़ी अहमद और पूर्व वुशू खिलाड़ी गणेश गंझु ने मेडल,फुल माला,अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया।इस संबंध में मुखिया सरिता देवी और पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया ने बताया कि अविनाश ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर खेल का प्रदर्शन का स्वर्ण पदक प्राप्त कर पूरे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र सहित चतरा जिला और झारखंड का नाम रोशन किया है।उन्होंने अविनाश को बधाई देते हुए आगे भी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।इधर स्वर्ण पदक जीतकर पिपरवार पहुंचे अविनाश ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच रज़ी अहमद और अपने कठिन अभ्यास को दिया है।वहीं कोच रजी अहमद ने अविनाश के इस सफलता को अन्य प्रशिक्षु वुशू खिलाड़ियों के लिये बहुत ही प्रेरक बताया।उन्होंने कहा कि अविनाश ने कठिन परिश्रम और कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अविनाश के इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।जानकारी के अनुसार अविनाश चतरा जिला वुशू संघ के सीनियर खिलाड़ी है और झारखण्ड टीम की ओर से उन्होंने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए 32वां राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता मे वुशू के ताऊलू स्पर्धा के टेरेडिसनल ताईची क्वान प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक प्राप्त कर पुरे झारखण्ड और चतरा जिला सहित पिपरवार क्षेत्र का मान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है।अविनाश के इस उपलब्धि पर उनके कोच रज़ी अहमद, झारखण्ड वुशू संघ के महासचिव शैलेन्द्र नाथ दुबे एवं झारखण्ड ओलम्पिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र नाथ दुबे ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सीएचपी ट्रांसपोर्टिंग सड़क के पास हाईवा डंपर पलटने से चालक घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा रोड सीएचपी सीपीपी सीआईएसएफ कैंप के समीप ट्रांसपोर्टिंग सड़क पर एक हाइवा डम्पर के पलटने से उसमें सवार चालक घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार हाईवा डम्पर सीजी-13एएस -0448 ओबी अनलोडिंग के दौरान पलट गया,जिसमे चालक को हल्की चोंटे आयी है।बताया गया कि कोयलांचल क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश से ट्रांसपोर्टिंग सड़क का हॉल रोड कीचड़े मे तब्दील हो गया है।सड़क मे बड़े बड़े गड्ढे हो गया जिसे ओबी से भरा जा रहा था। ओबी भरने के दौरान हाईवा डंपर का चक्का कीचड़ में फंस गया और डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया।

दुर्घटना के बाद मगध आम्रपाली से पिपरवार तक होने वाली कोयला ढुलाई का कार्य घंटो बाधित रहा।इधर सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने काफी मशक्कत के बाद पलटे हुए हाईवा डंपर को वहां से हटाया,जिसके बाद उक्त मार्ग पर कोयला ढुलाई सहित आवागमन का कार्य चालू हो सका।

एसएसबी हूंट के जवानों ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : एसएसबी 26 वीं वाहिनी के कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देश और उनके नेतृत्व में जवानों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। 26वीं वाहिनी एसएसबी एफ कंपनी हूंट के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय और जवानों ने खूंटी तमाड़ रोड के किनारे व - आसपास के इलाके में 500 छायादार व फलदार पौधे लगाए कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि जुलाई महीने में एसएसबी हूंट के कार्य क्षेत्र में लगभग 2500 पौधे लगाने का लक्ष्य है इस दौरान जवानों ने ग्रामीणों को पौधे लगाने के लिए जागरूक किया।

रांची के और प्रखंड में जागरूकता पैदा करना होगा : सीएस

प्रभात मंत्र संवाददाता

डकरा : रक्तदान शिविर लगाकर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की जो सेवा सिविल सोसाइटी के लोग मिलकर कर रहे हैं यह बहुत ही प्रशंसनीय और अनुकरणीय है. उक्त बातें एनके एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कही.वे सोमवार को डकरा ओल्ड डिस्पेंसरी भवन में आयोजित रक्तदान शिविर का उदघाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे.उन्होनें कहा कि रक्तदान के प्रति जो जागरुकता इस क्षेत्र में है उसे और फैलाने की आवश्यकता है

ताकि गरीब से गरीब व्यक्ति को जरूरत पर आसानी से रक्त मिल सके.रांची के सदर अस्पताल के डे-केयर में इलाजरत थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ लगाए गए शिविर में कुल 143 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर अपना योगदान दिया.सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और एक फलदार पौधा दिया गया.इस अवसर पर दिवाकर साहू,डा.बीडी चौधरी, कमलेश कुमार सिंह,डा.इरशाद,डा.प्रभा चौधरी, राजेश सिंह,परमानंद, मुन्नू सिंह, शशि सिंह, विकास दुबे,सुतन मुंडा,राम कुमार, विक्की चौहान, कार्तिक पांडेय, बिनोद बिश्वकर्मा, सुनीता महतो, संगीता, चांदनी देवी,नीरा देवी, पूर्णिमा देवी, चिंटू, निरंजन साव आदि मौजूद थे. रक्तदान के क्षेत्र में जिस प्रकार सिविल सोसायटी की टीम काम कर रही है वैसा रांची के अन्य प्रखंडों में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है ताकि ब्लड बैंक गरीब मरीजों को आसानी से रक्त उपलब्ध करा सके.उक्त बातें रांची सिविल सर्जन डा विनोद कुमार ने कही.वे रक्तदान शिविर में पहुंचकर सोसायटी के लोगों से मिले, रक्तदाताओं का हौसला अफजाई की और बताया कि रक्तदान करने से सेहत में और सुधार होता है.कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को बगैर रक्तदाता के रक्त उपलब्ध कराना है यह तभी संभव है जब सिविल सोसायटी जैसी टीम काम करेगी.कहा कि इस टीम का अनुभव अन्य प्रखंडों में इस्तेमाल करने पर काम किया जाएगा.

चुरले गांव में कम राशन मिलने के आक्रोश पर लाभुक गोलबंद

कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के जरियागढ़ पंचायत अन्तर्गत चुरले गांव के पीडीएस लाभुकों ने जन वितरण दुकान चांदनी महिला मंडल भुसूर द्वारा कम राशन वितरण करने को लेकर सोमवार को गोलबंद हुए. चुरले गांव के पीडीएस लाभुकों ने सोमवार को गांव में बैठक करके पीडीएस दुकान चांदनी महिला मंडल भुसूर के ऊपर आरोप गड़ते हुए कहा कि प्रति लाभुकों को प्रतिमाह दो से छह किलोग्राम राशन कम दिया जाता है वही लाभुकों ने बताया कि उन्हें प्रति माह राशन छुड़ाने के पूर्व पर्ची निकलने के लिए अलग से जाना पड़ता है और पर्ची निकलने के बाद राशन मिलने में 15 से 20 दिन लगता है जिससे लाभुकों ने काफी समस्या बतायी. जिसे लेकर चुरले गांव के पीडीएस लाभुकों ने चांदनी महिला मंडल भुसूर के नाम आवंटित राशन दुकान पर उचित कानूनी कार्यवाही को लेकर जिला शिकायत निवारण पदाधिकरी खूंटी के नाम पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित शिकायत आवेदन दिया गया. वही जन वितरण प्रणाली दुकान चांदनी महिला मंडल भुसूर की अध्यक्ष रौशनी होरो ने कहा कि हम लोग दो किलो तक ही राशन कि कटौती करते है और 10-15 किलो तक के लाभुकों से किसी तरह का कटौती नहीं किया जाता है हम लोगों को भी राशन लॉडिंग अनलॉडिंग व दुकान का किराया देना पड़ता है।

संत माईकल (+2) स्कूल मूरी के अमन एंव सुनील को जेईई मेंस 2023 में मिली बड़ी सफलता

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) : संत माईकल +2 स्कूल के सत्र 2019 - 2020 के छात्रों ने जेईई मेंस की परीक्षा में बड़ी सफलता प्राप्त की। जिसमें सुनील गोराई ने 96.8 तथा अमन प्रजापति ने 95.5 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल के साथ-साथ अपने इलाके का भी नाम रोशन किया। संत माईकल स्कूल के विद्यार्थियों में इस सफलता की खबर मिलते ही खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर स्कूल के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने जेईई मेंस में सफलता प्राप्त करने वाले दोनो विद्यार्थियों को पुष्प गुच्छ देकर विद्यालय प्रागण में उनका स्वागत किया तथा मेमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया।विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार एवम् प्रचार्य श्री. सी. एल. प्रजापति ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर दोनो छात्रो ने अपने अनुभव को स्कूल के विद्यार्थियों के बीच साझा किया एवं सभी शिक्षिकों का आशिर्वाद लेते हुए उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण रमेश गोराई, ममता गोस्वामी, एन सी साहू, सुशील कुमार, विमल साहू, सोमांशी कुमारी, सपना दत्ता,मंजू कुमारी, मनीषा सिंह,अभिरूप दत्ता, अजय चिक बराईक, वी वेंकट राव, मिथिलेश महतो, किशोर कुमार, रीना साहु आदि ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

पिपरवार के बबलू मुंडा को बनाया गया रालोजपा प्रदेश संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के समाजसेवी सह टंडवा के पूर्व उपप्रमुख और विस्थापित नेता बबलु मुंडा को राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी का प्रादेशिक कमेटी में संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है।लोकसभा चुनाव से पुर्व पार्टी एवं संगठन के विस्तार और मजबुती के लिए गिरिडीह में आयोजित पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मे बबलू मुंडा को या जिम्मेवारी सौंपी गई है।बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री पशुपति नाथ पारस ने इसकी घोषणा की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बबलु सागर मुंडा के पार्टी में शामिल होने एवं संसदीय बोर्ड जैसे अहम पद की जिम्मेदारी देने से झारखंड में पार्टी की स्थिति मजबूत होगी। बबलू मुंडा हमेशा से क्षेत्र में विस्थापितों के नेता के रूप में सेवा करते आए है, जिसका लाभ पार्टी को आने वाले चुनावों में होगा। बबलू मुंडा को संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने पर सीसीएल पिपरवार सहित कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हे बधाई दी है।

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

खुला डाक द्वारा बन्दोबस्ती सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र संख्या 114, दिनांक 18.01.1992 के आलोक में माण्डू, एवं पतरातू अंचल अवस्थित निम्नांकित सूची के राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती दिनांक 25.07.2023, दिनांक 27.07.2023 एवं 31.07.2023 को जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में 11:30 बजे पूर्वाहन में की जाएगी।

1. अल्पकालीन बन्दोवस्ती तीन वर्षों तक के लिए 2023 – 24 से 2025–26 तक के लिए होगी।
2. निर्धारित वार्षिक सुरक्षित जमा राशि से कम राशि पर बन्दोवस्ती नहीं की जाएगी।
3. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को जमानत राशि के रूप में वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।
4. उच्चत्तम डाक वक्ता की जमानत राशि को राजस्व राशि में समायोजित की जाएगी तथा अन्य डाक वक्ता की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।
5. डाक की राशि जमा नहीं करने पर जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी।
6. उच्चतम डाक वक्ता को विभाग से मत्स्य बीज लेना अनिवार्य है।
7. बन्दोबस्तदार को राजस्व राशि जमा करने के एक माह के अंदर एकरारनामा करना होगा। एकरारनामा के समय एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा। सम्पादित एकरारनामा का निबंधन बन्दोवस्तदार को स्वयं के खर्च पर करना होगा।
8. एकरारनामा नहीं करने की स्थिति में बन्दोवस्ती की स्वीकृति नहीं दी जाएगी तथा पुनः बन्दोबस्ती करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।
9. किसी भी डाक/बन्दोबस्ती को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
10. डाक वक्ता को पहचान के रूप में आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना होगा।
11. उक्त तिथि तक अगर समिति बन्दोवस्ती लेने के लिए तैयार हो जाती है, तो बन्दोबस्ती समिति के साथ की जायेगी।
12. जलकरों की सूची –

वर्ष 2022–23 में बन्दोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

अंचलः– माण्डू — अल्पकालीन बन्दोवस्ती अवधि 2022–23 से 2024–25तक।

क्र0 सं0	जलकर का नाम	ग्राम	खाता नं0	खैसरा नं0	रकबा (एकड) में	जलक्षेत्र (एकड) में	समिति द्वारा निर्धारित सु0 जमा राशि	अभ्युक्ति
1	चैनपुर आहर	चैनपुर		557	0.90	0.40	1400.00	
2	बुयटी आहर	चैनपुर		803	0.95	0.40	1200.00	
3	भदवा नया आहर	फुलसराय		1042	0.50	0.30	1000.00	
4	ओरला आहार	ओरला		196	3.00	2.00	13600.00	
5	काशीखाप आहर	काशीखाप		2019	0.70	0.60	2000.00	
6	साण्डी	साण्डी	76		0.76	0.40	1400.00	
7	उदलू आहर 1	उदल	–	281	0.39	0.20	840.00	
8	करमा आहर	करमा	392	1929	2.50	1.50	1260.00	
9	उदलू आहर 2	उदल	–	80	0.62	0.40	1085.00	
10	सिरका नया आहर 01	सोनडीहा	113	194	0.12	0.10	1015.00	
11	टुटकी नया आहर	टुटकी	123	1181	0.41	0.30	525.00	
12	सिरका नया आहर 1	सोनडीहा	113	310	0.60	0.40	1050.00	
13	सुगिया आहर	करमा	–	522	1.75	1.00	1920.00	
14	तोयरा टेंक तोयरा	हेंसागढ़ा	–	408	1.25	0.80	1680.00	
15	कुंदरी आहर	कुजू	2	1798,1799	1.84	0.80	1190.00	

अंचल – पतरातू

क्र0 सं0	जलकर का नाम	ग्राम	खाता नं0	प्लोट नं0	रकबा (एकड) में	जलक्षेत्र (एकड) में	समिति द्वारा निर्धारित सु0 जमा राशि	अभ्युक्ति
1	लादी तालाब 1	लादी	49	365	1.56	0.8	5440.00	
2	निम्मी तालाब	निम्मी	69	370	0.702	0.4	2720.00	
3	दाड़ीदार तालाब	दारीदाग	2	206	0.26	0.2	1760.00	
4	बूजुर्ग जमीरा	बूजुर्गजमीरा	67	214	0.9	0.4	2560.00	
5	तेलियातु तालाब	तेलियातु	66	100	0.6	0.4	1200.00	
6	सरना तालाब	चिकोर	76	364	1.97	0.8	2240.00	
7	सोलिया आहर	सोलिया	–	15	0.67	0.4	1200.00	
8	टेरपा आहर	टेरपा	70	468	0.67	0.3	1000.00	
9	बटुका आहर	बटुका	47	492	0.55	0.3	800.00	
10	कोतो आहर	कोतो	–	58	1.05	0.5	640.00	
11	जोबो तालाब 2	जोबो	59	719	1.05	0.7	4640.00	
12	अरमादाग तालाब	अरमादाग	75	1426	0.52	0.4	1120.00	
13	सांकी तालाब	सांफी	54	323	0.59	0.4	960.00	
14	इचापीरी तालाब	इचार्यीरो	23	237	0.92	0.5	3400.00	
15	तालाटांड आहर	तालाटांड	–	156	0.86	0.7	2000.00	
16	हरिहरपुर तालाब	हरिहरपुर	28	859	0.55	0.44	1120.00	
17	पाली आहर	पाखी	12,115	1298,1302	0.56	0.4	960.00	
18	टोफीसूद तालाब	रोसीसूद	64	130	0.45	0.3	800.00	
19	छोटकी सिंघवार तालाब	सिंघवार	1	447	0.8	0.5	1400.00	
20	जोबे तालाब 1	जोबो	60	986	0.77	0.4	960.00	
21	लादी तालाब 2	लादी	–	1460	1.42	1	6720.00	
22	हेसला संचयन तालाब	हेसला				0.5	3400.00	
23	कण्डेर तालाब	कन्डेर	51	1118	0.67	0.5	3400.00	
24	सुथूरपुर तालाब	सुथूपुर तालाब	55	1019	0.6	0.4	1200.00	
25	करमचन्दी आहर	घाघरा	10	135	0.52	0.4	960.00	
26	चिटो तालाब	चिटो	46	81	0.35	0.2	680.00	
27	अमझरिया	चिटो	46	653	0.31	0.2	680.00	
28	कडरू तालाब	कडरू	51	289	0.3	0.25	1280.00	
29	कोडी तालाब	कोडी	1	758	0.23	0.15	960.00	
30	घाघरा तालाब	घाघरा	17	83	0.71	0.5	1200.00	
31	रोचाप तालाब	रोचाप	51	468	3	1.5	10000.00	
32	केशर बांध	चिकोर	75	454	2.15	0.8	4800.00	
33	मसमोहना तालाब	मसमोहना	36	656	0.67	0.4	1120.00	
34	पालु बांध	पालु	67	352	1.46	1	6800.00	
35	रोचाप बांध	रोचाप	51	342	1.05	0.8	5200.00	
36	पालु तालाब – 02	पालु	75	673	5	4	25600.00	
37	चैनगढा 02	चैनगढा	173	1435	0.3	0.2	1080.00	
38	गुहीया पोखर	चिकोर	75	673	0.34	0.25	2200.00	

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 301259 (Fish) 23-24 (D)

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।

मत्स्य जीवी सहयोग समिति/सदस्यों के लिए आम सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रांची के स्वीकृति आदेश संख्या 11 रा0(वि0) दिनांक 16.06.2023 के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत कार्यरत प्रखण्ड / जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0 / उनके सदस्य को अनुदान पर मछली विपणन एवं मछली परिवहन कार्य के लिए चार पहिया भार वाहक वैन के उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 25.07.2023 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

क0 सं0	समग्री का नाम	विभागीय अनुदान	भौतिक लक्ष्य	अभियुक्ति
1	मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन	60% (अधिकतम 3.60 लाख रू0 होगा शेष राशि लाभुक को वहन करना होगा)	01	

उपरोक्त योजना के लिए मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0 / उनके सदस्यों /महिला समूह /उनके सदस्यों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। मत्स्य लाभुकों / विकेताओं का चयन निम्न आधार पर किया जायेगा–

1. लाभुक द्वारा कम से कम मो0 6.00 लाख रू0 का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया जायेगा। लाभुक अपने इच्छा अनुसार चार पहिया भार वाहक वैन क्रय कर सकते हैं।
2. आवेदक / आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो (विपणन कार्य से संबंधित प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा)।
3. आवेदक / आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
4. आवेदक मत्स्य जीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। जिले के मत्स्य प्रसार पदाधिकारी /पर्यवेक्षक द्वारा लिखित रूप में प्रतिवेदन किया जाएगा, कि आवेदक मत्स्य बिक्री अथवा थोक व्यापार से जुड़ा है।
5. दिव्यांग होने की स्थिति में आवेदक को असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र हो।
6. वाहन का निबंधन कराने एवं निर्धारित कर / शुल्क जमा करने की जिम्मेवारी लाभुक की होगी। निबंधन अथवा नगरपालिका का कर आदि का भुगतान लाभुक द्वारा किया जायेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार।

PR 301234 Fish(23-24)D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL DIVISION, RANCHI

Very Short Tender No 07 of 2022-23

1	Name of the Department	Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi.
2	Name of the Advertiser	Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi
3	Last date of sale of B.O.Q.	11.07.2023 up to 5.00 P.M.
4	Date and time of receipt of tender	12.07.2023 up to 3.30 P.M
5	Date and time of opening of tender	12.07.2023 at 4.00 PM. in Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi
6	Place of sale of B.O.Q.	• Office of the Superintending Engineer, D. W. & S. Mech. Circle. Ranchi • Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi.
7	Name of Office where receipt of tender	Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi

Sl. No.	Name of work	Estimated Cost (in Rs)	Earnest money (In Rs.)	Cost of Tender Document. Non-Refundable. (in Rs.)	Time of Completion
1	Augmentation of water supply by construction of 1 No. HYDT of size 200 mm X 165 mm X 300 m deep with DTH hydraulic rig m/c & supplying and installation of submersible P/sets in HYDT all complete at Old Police Line L.S. Tower-2, Ranchi.	496885.00	10000.00	750.00	15 days

नोट – 1. उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा ।
2. ऐसे संवेदक जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, से संवेदक–निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा ।
3. निविदा की सूचना तथा नियम शर्तें की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in, प्रमण्डलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, राँची।

PR 301219 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

(आवेदन–पत्र आमंत्रण सूचना)

वित्तीय वर्ष 2023–24 में सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश सं0 08 रा0 दिनांक 13.06.2023 के द्वारा प्राप्त लक्ष्य के आलोक में केज कल्चर विस्तार और सृदृढीकरण योजना के अंतर्गत परित्यक्त/बंद पड़े खदानों में केज अधिष्ठापन हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन–पत्र आमत्रित किया जाता है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

क्र0 स0	योजना का नाम	भौतिक लक्ष्य (संख्या में)	केज अधिष्ठापन हेतु ईकाई लागत प्रति केज बैट्री (रू0)	अनुदान की राषि प्रति केज बैट्री (रू0)	लाभुक का अंषदान प्रति केज बैट्री (रू0)	अभ्युक्ति
1	खदानों में मछली पालन	13	358000.00	322200.00	35800.00	
2	केज रिमॉडलिंग	27	182500.00	164250.00	18250.00	प्राकृतक आपदा/चक्रवात इत्यादि कारणों से पूर्व में निर्मित केज का रिमॉडलिंग हेतु फोटोग्राफ के साथ आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते है।

अहर्ता :–

1. खदानों का चयन–
   (क) जिनका क्षेत्रफल ज्यादा हो।
   (ख) पहुंच पथ तथा आबादी के नजदीक हो।
   (ग) मत्स्यजीवी सहयोग समिति गठित हो अथवा स्थानीय लाभुक अपना अंशदान लगाने के इच्छुक हो।
2. लाभुकों का चयन –
   (क) लाभुकों के चयन में खदानों के विस्थापितों को प्राथमिकता दी जायेगी।
   (ख) यदि खदान के उपयोग हेतु मत्स्यजीवी सहयोग समिति गठित हो तो उसके सदस्य हो।
   (ग) खदान के आस–पास के निवासी हो।
   (घ) लाभुक अपना अंशदान लगाने का इच्छुक हो/सक्षम हो।
   (ङ0) मत्स्यजीवी सहयोग समिति भी लाभुक हो सकती है।
   (च) एक बैट्री में अधिकतम दो लाभुक साझा हो सकते है।

उपर्युक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 16.07.2023 है एवं इसके संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हजारीबाग।

PR 301210 Fish(23-24)D

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,

Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002 e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement (Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-38/2023-24
National Competitive Bidding (Two Bid System)
2nd Call
e-Tender Ref No:– RCD/FSD /AP/ RAN/**38**23-24 Dated **03.07.2023**

1	Name Of Work	Consultancy Services for Preparation of DPR for Paving of unpaved Airstrip/Runways at Palamu Airport, Gumla Airport & Chaibasa Airport, including extension of Runway at Dumka Airport,in the state of Jharkhand for operations of aircraft.
2	Period of Completion of Work	60 Days
3	Cost of Tender documents	Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non - refundable fee) of Rs 5,000/ - (Five Thousand) only in favour of Executive Engineer, Field survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Ranchi payable at Ranchi.EMD Rs. 1,00,000.00 (Rupees one Lakh) only in the shape of Bank Guarantee in prescribed Performa issued by any Scheduled bank/Nationalised bank anywhere in India and valid for 365 days from the date of submission of Tender Documents or 3/5 Years NSC, Post Office Time Deposit and Fixed Deposits (STDR/TDR/FDR) of a Scheduled Bank/nationlised Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand only) and duly pledge in favour of Executive Engineer, Field survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Ranchi.
4	Mode of Bid Submission	e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in)
5	Date/Time of Publication of Tender on Website	05.07.2023,17:00 PM
6	Date and Place of Pre Bid Conference	11.07.2023 (In the Chamber of CE, CDO, RCD, 1st Floor, Nirupan Bhawan, Doranda, Ranchi-834002) at 12.00PM
7	Last date of submission of Bids	20.07.2023, not later than 16:00 hrs
8	Date of opening of Bids	21.07.2023 at 16:00 hrs
9	Bid validity	120 days
10	Bid Submission Address	Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004
11	Designation and Contact no. of e-Procurement Officer	Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi. Mobile No-9431591027
12	Mode of Bid Submission	e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)
13	PR No-	297229 (Road) 23-24.D

Note-:Only e-Tender shall be accepted.

Executive Engineer,
Field Survey Division,A.P Road Construction Department,Ranchi

PR.NO.301255 Road(23-24):D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची , मंगलवार, 04 जुलाई 2023 | पेज 5

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय सरायकेला के शांतिकुंज में उत्साह के साथ विधिवत गुरु पूर्णिमा उत्सव परंपरागत तरीके से मनाया गया। उप प्रधानाचार्य तुषार कांत पति ने दीप प्रज्वलित कर एवं आदि गुरु महर्षि व्यासदेव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सामूहिक प्रार्थना उपरांत विद्यालय के भैया-बहनों ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में अपने-अपने विचार हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषाओं में प्रस्तुत किए। जबकि कुछ ने कविता के माध्यम से गुरु के महत्व को बताया। कार्यक्रम में मंच संचालन शालिनी दीदी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैया-बहन और आचार्य-दीदी उपस्थित थे।

जादूगोड़ा-पोटका कांग्रेस ने पूर्व सांसद डॉ अजय से की मुलाकात, रखी जन समस्या

जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : जादूगोड़ा- पोटका कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष सौरभ चटर्जी व जिला सचिव बसंत टोपनो की अगुवाई में आज एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार से जमशेदपुर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की, और पार्टी के कार्यो व क्षेत्र की समस्याओं से उन्हे अवगत कराया। इधर पूर्व सांसद ने कहा कि आज वे दिल्ली पार्टी की बैठक में जा रहे है। दोबारा 20 जुलाई के बाद जमशेदपुर लौटेंगे। जिसके बाद पोटका, जादूगोड़ा, चाकुलिया,समेत पूरे क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर लोगो की समस्या सुन समाधान करेंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में मुसाबनी प्रखंड के बीस सूत्री सदस्य कृष्णा देव पातर, पोटका प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य सौरभ चटर्जी, कांग्रेस के कालिकापुर मंडल अध्यक्ष लोसा मुर्मू,उमेश भुमिज आदि शामिल थे।

शहर की कवयित्री अंकिता सिन्हा को मेरठ में मिला मयराष्ट्र नवरत्न काव्य चेतना सम्मान

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : हिन्दी साहित्य अकादमीके मेरठ सम्भाग के तत्वावधान में आयोजित कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह में जमशेदपुर की कवयित्री अंकिता सिन्हा को मयराष्ट्र नव रत्न काव्य चेतना सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्रद्धेय डॉक्टर हरिओम पवार सहित अन्य दिग्गजों के हाथों दिया गया। कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन मेरठ के आई आई एम टी कॉलेज में किया गया। इस आयोजन के संबंध में कवयित्री अंकिता सिन्हा ने देश के लोकप्रिय संस्था हिन्दी साहित्य अकादमी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि नन्ही कोपलों में हौसलों की उड़ान देने का सराहनीय कार्य किया हैं। इस अवसर पर देश के नवोदित 21 कवि कवित्रियों को सम्मानित किया गया। मौके पर मंजू दीक्षित, प्रीति त्रिपाठी, वेद, राहुल, मुस्कान शर्मा, दमदार बनारसी, शिखा दीप्ति आदि का सहयोग मिला।

अड़की सांसद प्रतिनिधि के आवास से स्कार्पियो व गहनों की चोरी

अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता) : रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के प्रभानगर गागरसोतिया स्थित अड़की के सांसद प्रतिनिधि सह अड़की प्रखंड पुर्व जिप सदस्य अनूप कुमार साहू के घर रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर घर में रखें तीन लाख के जेवरात एवं स्कॉर्पियो लेकर रफूचक्कर हो गए। इस संबंध में अनूप कुमार साहू द्वारा तमाड़ थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ स्कॉर्पियो सहित जेवरात चोरी का मामला दर्ज करवाया गया है। बताया जाता है कि रविवार की रात्रि घर के सभी सदस्य घर में सोए हुए थे। अचानक जब घर के किसी सदस्य की नीद रात एक बजे खुला तो देखा घर से स्कॉर्पियो गायब है। एवं अलमारी से जेवरात। घटना की सूचना पर बुंडू डीएसपी अजय कुमार एवं तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह तत्काल घटनास्थल पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली। इस संदर्भ में थाना प्रभारी का कहना है कि घर के सभी लोग तो सोए हुए थे । वही उनका जर्मन शेफर्ड कुत्ता भी पूरी तरह शांत रहा। मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है जल्द ही कांड का उद्भेदन हो जाएगा। ज्ञात हो कि अनूप कुमार साहू एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ-साथ क्षेत्र में नामी-गिरामी लोगों में से एक तथा वर्तमान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का खास करीबी हैं।

पत्नी से झगड़ा के बाद पति ने गुस्से में ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के बास्कोनगर निवासी मुन्ना हेस्सा (38) नामक व्यक्ति ने पत्नी से झगड़ा होने के बाद गुस्से में आकर बीते रविवार की रात ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को मिलने पर उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मुन्ना के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिये एमजीएम अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक पुट्टी और पेंटिंग करने का काम करता था। बीते रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह

घर पर आया था। उसके बाद किसी बात को लेकर पत्नी के साथ उसका झगड़ा हो गया था। इसके बाद वह खाना खाया और बाहर घूमने चला गया। काफी देर तक उसके घर नहीं लौटने पर उसकी पत्नी और बच्चे देर रात मुन्ना को खोजने निकले। इसी दौरान उन्होंने मुन्ना का शव रेलवे फाटक के किनारे पाया। तत्पश्चात उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। मृतक मुन्ना की पत्नी ने बताया कि वह रविवार की शाम को बेटी को लेकर मीरूडीह बाजार गया था। बाजार से उसने बाबाधाम जाने के लिए कपड़े की खरीददारी भी की थी। मृतक मुन्ना के घर मे उसकी पत्नी के अलावा दो बेटा और पांच बेटियां हैं। उसकी पत्नी भी मजदूरी करती है।

वन विभाग की जमीन कब्जा को लेकर झामुमो नेता बाबू दास के साथ हुई मारपीट

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बीते रविवार की देर रात झामुमो नेता बाबू दास के साथ मारपीट की घटना वन विभाग की जमीन पर कब्जा को लेकर होने की बात सामने आई है। आदित्यपुर पुलिस ने इस घटना के बाद आरोपी द्वारा वन विभाग की जमीन को कब्जा कर रखे झोपड़ी को तोड़ने की कार्रवाई सोमवार को किया। बताया गया है कि उक्त झोपड़ी में टेबुल, कुर्सी आदि रखा था और अवैध तरीके से शराब का सेवन किया जाता था। थाना प्रभारी ने बताया कि यह घटना वन विभाग की जमीन का अतिक्रमण करने का है। बताया गया है कि बाबू दास और देवाशीष दास के बीच सरकारी और वन विभाग की जमीन को अतिक्रमण कर खरीद फरोख्त को लेकर झगड़ा चल रहा है। बाबू दास जहां अंचल कार्यालय के क्वार्टर को कब्जा कर रखा है, वहीं देवाशीष दास वन भूमि को कब्जा कर के आफिस और होटल चलाता है जिसे पुलिस द्वारा तोड़ दिया गया।

आर.वी.एस. एकेडमी में फ्रेशर डे कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : रविवार को आर. वी. एस. एकेडमी, मानगो, जमशेदपुर में ग्यारहवीं कक्षा में नामांकित विद्यार्थियों के लिए 'फ्रेशर डे' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक बिन्दा सिंह ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, कार्यकारी समिति के सदस्य शक्ति सिंह, प्राचार्या वीशा मोहिन्द्रा, उप प्राचार्या अनीता तिवारी ने भी औपचारिक दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम की संचालिका बारहवीं की छात्रा शीतल एवं छात्र मुजम्मिल ने नवागत विद्यार्थियों का बड़ी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।तत्पश्चात छात्रा फ़लक गुलशन ने जहाँ अत्यन्त स्नेहपूर्ण शब्दों से परिपूर्ण स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, वहीं सत्कार एवं अभिनन्दन गीत भी प्रस्तुत किया गया। गीतों तथा नृत्य से सजे इस कार्यक्रम मे ग्यारहवीं कक्षा के नवागत विद्यार्थियों ने संगीत की आकर्षक धुन पर रैम्पवॉक किया। निर्णायिकाओं अंजना ठाकुर एवं हर्षिता यादव ने दस प्रतिभागियों को चुना। छात्र सुरज तिवारी को मिस्टर फ्रेशर एवं छात्रा अवन्तिका गिरी को मिस फ्रेशर घोषित किया । विद्यालय प्रबन्धक बिन्दा सिंह ने मिस्टर और मिस फ्रेशर को सैश एवं क्राउन पहनाया।

पटमदा +2 उच्च विद्यालय में माहवारी स्वास्थ्य एवं जेंडर समानता विषयक कार्यशाला आयोजित

पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : राज्य संपोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय पटमदा में प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के द्वारा माहवारी स्वास्थ्य एवं जेंडर समानता विषयक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में पैडमेन के नाम से जाने वाले निश्चय के संस्थापक तरुण कुमार ने बच्चियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया की किशोर होते बच्चों में हार्मोनल चेंज के कारण तेजी से शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक बदलाव आते है। मौके पर उपस्थित आरंभ संस्था की पूजा अग्रवाल ने भी बच्चों को शिक्षा, कैरियर व महिला सशक्तिकरण से जुड़ी बातें साझा की। इस दौरान जरूरतमंद दर्जनों बच्चीयों को रियूजेबल पैड का वितरण किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व अन्य महत्वपूर्ण रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में आशीष कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मदतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनीरक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलो के साथ बैठक

चाकुलिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी, चाकुलिया जयवंती देवगम की अध्यक्षता मे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 से संबंधित मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। मदतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनीरक्षण कार्यक्रम में राजनीतिक दलों की भागीदारी तथा सहयोग की महत्व एवं एसएसआर 2024 के कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में शतदल महतो, प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी, बलराम महतो, प्रतिनिधि झारखंड मुक्ति मोर्चा, घनश्याम महतो, जिला सचिव, झारखंड मुक्ति मोर्चा, पूर्णेन्दु महतो, अध्यक्ष, आजसू पार्टी उपस्थित हुए ।

जवाहर नगर रोड नंबर 13 की सभी समस्याओं को जल्द दूर करने का प्रयास होगा : अंसार खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जवाहर नगर रोड नंबर 13 के बस्ती वासियों की एक बैठक हुईढ़ू बैठक में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान मुख्य रुप से आमंत्रित थे। बैठक पत्रकार मोहम्मद इम्तियाज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बस्ती की समस्याओं को लेकर विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान को अवगत कराया गया, जिसमे क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मर, पानी का प्रेशर कम होना और बस्ती में नशाखोरी एवम चोरी पर रोक लगाने आदि समस्या थी। जिसपर मौलाना अंसार

खान ने सभी बस्ती वासियों को अस्श्वत किया की सारी समस्याओं को झारखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को अवगत कराएंगे और कल बिजली विभाग के जीएम से ज्ञापन सौप कर बिजली समस्याओं को दुरुस्त करने की मांग की जाएगी। 6 जुलाई को मानगो थाना के प्रभारी से मिलकर नशाखोरी और चोरी के संबंध में उन्हें लिखकर अवगत कराया जाएगा।साथ ही पानी को लेकर विभाग के विशेष पदाधिकारी ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में उमर अली, मोहम्मद नवाब, मोहम्मद फिरोज, सरवर खान, मोहम्मद बशीर, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद वजीर, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद शाहिद अख्तर, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद जहांगीर, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद दिलशाद, शेख लड्डन, मोहम्मद रिहान, मोहम्मद फरहान, इफ्तेखार आदि लोग शामिल हुए।

कमलपुर थाना पुलिस ने मारपीट के आरोपी पिता को भेजा जेल, पुत्र घर से फरार

पटमदा : कमलपुर थाना पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के राहेड़डीह निवासी अंकुर महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि घटना में संलिप्त उसके पुत्र देवेंद्र नाथ महतो फरार चल रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने बताया कि 25 जून को अंकुर महतो ने जमीन विवाद में अपने सगे भाई प्रफुल्ल महतो को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया था। मारपीट में अंकुर महतो के पुत्र देवेंद्र नाथ महतो भी पिता को साथ दिया था। घटना के दूसरे दिन गंभीर रूप से घायल प्रफुल्ल महतो ने थाना में सूचना देते हुए माचा सीएचसी में इलाज करवाने पहुंचे तो वंहा से बेहतर इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया था।

मत्स्य बीज उत्पादक किसान रविवाल भूइंया के सफलता की कहानी

प्रशिक्षण व विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर जी रहे खुशहाल जिंदगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : राज्य सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भी आदमनी बढ़ाने के नए द्वार खोले हैं । साथ ही प्रशासन द्वारा भी मछली पालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है जिससे मछली पालन व्यवसाय से जुड़े किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है । इसी कड़ी में जिले के बोड़ाम प्रखंड के ग्राम पुनसा के रहने वाले लाभुक रविलाल भूईंया के लिए मछली बीज उत्पादन आजीविका का मुख्य जरिया बना है। रविलाल ने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए मछली पालन में संभावनाएं तलाशी और उम्मीद के मुताबिक सफलता भी हासिल कर रहे हैं । वर्ष

2007 में गठित पुनसा मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्य रविलाल भुईयां समिति गठन के पूर्व से ही जीविकोपार्जन के लिए डिमना जलाशय में मछलियों को पकड़कर बेचते थे । समिति गठन के पश्चात मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण तथा कई योजनाओं का लाभ दिया गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती अल्का पन्ना ने बताया कि वर्ष 2014-15 में विभाग द्वारा मछुआ आवास से लाभन्वित किया गया। आवास की समस्या खत्म होने के साथ-साथ अन्य योजनाओं यथा- मत्स्य बीज उत्पादक, जलाशयों में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन से आर्थिक प्रगति दर्ज की गई। वर्ष 2020-21 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत 60 प्रतिशत अनुदान पर नाव एंव जाल योजना का भी लाभ दिया गया। रविलाल बताते हैं कि नाव द्वारा मछली पकड़ने से औसत प्रतिदिन 3-4 किलो ग्राम मछली से बढ़कर 10-15 किलो ग्राम हो गया। वे अपने साथ एक सहयोगी को भी रोजगार दे रहे हैं, साथ ही मत्स्य बीज का उत्पादन तथा जलाशयों में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन से अच्छी आमदनी हो रही जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सफल हुए हैं।

किआ इंडिया की बहुप्रतीक्षित नई सेल्टोस का अनावरण आज

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : भारत की प्रीमियम और तेजी से आगे बढ़ने वाली कार निर्माता कंपनी, किआ इंडिया ने 4 जुलाई को नई सेल्टोस का अनावरण करने की घोषणा की है। अपने नए अवतार में सेल्टोस एक नए डिजाइन और सेगमेंट के उन्नत सेगमेंट-अग्रणी फीचर्स से सुसज्जित होगी। ब्रांड सेल्टोस ने अपने सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स और डिजाइन लीडरशपि के साथ ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नई क्रांति की शुरुआत की है। नई सेल्टोस एक बार फरि इस सेगमेंट को एक नया रूप देने के लिए तैयार है। किआ ने अगस्त 2019 में सेल्टोस को लॉन्च करने के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश किया था और भारत के नए युग के उपभोक्ताओं का दिल जीता लिया। 46 महीने की छोटी से उल्लेखनीय अवधि में, सेल्टोस 5 लाख बिक्री का आंकड़ा तेजी से पार करने वाली एसयूवी बन गई। वर्तमान में, 3.78 लाख सेल्टोस भारतीय सड़कों पर चल रही हैं, जो किआ इंडिया की कुल घरेलू संख्या का 53 प्रतिशत है। कंपनी ने दुनियाभर के करीब 90 से ज्यादा बाजारों में 1.39 लाख सेल्टोस का निर्यात भी किया है।

शादी का झांसा दे यौन शोषण कर रहा युवक के खिलाफ युवती ने थाना में कराया मामला दर्ज

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : गम्हरिया थाना क्षेत्र की रहनेवाली एक युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुये सालडीह निवासी युवक चुरकु मुर्मू के खिलाफ थाना में मामला दर्ज कराया गया है। बताया गया है कि इसके पहले युवती द्वारा युवक पर शादी करने का दबाव बनाया था। लेकिन युवक जब शादी करने से इंकार कर दिया तब मामला थाना तक पहुंचा। युवती द्वारा बताया गया है कि अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर चुरकु मुर्मू ने उसके साथ पांच सालों तक यौन शोषण किया। अब उसने फोटो को भी वायरल कर दिया है और शादी से भी साफ मुकर गया है। बताया गया है कि आरोपी चुरकु मुर्मू पहले से ही शादीशुदा है। इसके वाबजूद उसने युवती के साथ प्रेम का झूठा नाटक कर शारीरिक संबंध बनाया। इस दौरान उसने सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाकर अश्लील तस्वीरों को वायरल भी कर दिया है। युवती ने बताया कि बीते रविवार की शाम को भी युवक द्वारा सालडीह जंगल मे जबरन उसके साथ यौन संबंध बनाया गया था। सोमवार को परिजनों के साथ गम्हरिया थाना पहुंची युवती ने मामला दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ का गठन, प्रदीप बेसरा बने अध्यक्ष

पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पटमदा प्रखंड के लावा पंचायत भवन परिसर में सोमवार को जिला परिषद सदस्य खगेन चन्द्र महतो की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों की एक बैठक संपन्न हुई। इसमें दर्जनों वार्ड सदस्य, पंसस, मुखिया व जिला पार्षद शामिल हुए। इस दौरान निर्णय हुआ कि क्षेत्र में चलने वाली विकास योजनाओं में जनप्रतिनिधियों को उचित सम्मान नहीं मिलने पर संबंधित विभाग के खिलाफ विरोध किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विकास योजनाओं में बरती जा रही अनियमितताओं के खिलाफ जिले के उपायुक्त को लिखित शिकायत करते हुए सुधार की मांग की जाएगी। बैठक के उपरांत सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया जिसका नामकरण त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ पटमदा रखा गया। नवगठित कमेटी में अध्यक्ष प्रदीप बेसरा, उपाध्यक्ष लक्ष्मी सिंह, महासचिव खगेन चन्द्र महतो, सचिव दीपक कुमार कोड़ा व सहदेव महतो, कोषाध्यक्ष बालिका सोरेन, सह कोषाध्यक्ष श्यामली मुर्मू व प्रेस प्रवक्ता निर्मल रजक बनाये गए।

कुचाई क्षेत्र से वेरगा कुम्हार के नेतृत्व में झामुमो में शामिल हुए कार्यकर्ता भाजपा के नहीं थे : मंगल

खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) : भारतीय जनता पार्टी के कुचाई प्रखंड अध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा ने बयान जारी कर कहा है कि कुचाई के किसान भवन में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता अभियान सह नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत समारोह में कुचाई क्षेत्र से वेरगा कुम्हार के नेतृत्व में शामिल हुए सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का नहीं थे। एवं भाजपा में उन सभी कार्यकर्ताओं का सदस्यता भी नहीं है। ना ही भाजपा पार्टी में उनका कोई जगह थी।

संपादकीय

राजभवन की गफलत

तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने अचानक जिस तरह से राज्य के एक मंत्री वी सेंथिल बालाजी को बर्खास्त करने का आदेश दिया, वह सकते में डालने वाला है। हालांकि इसके थोड़ी ही देर बाद, संभवतः गृह मंत्रालय के सुझाव पर, राज्यपाल ने यह कहते हुए अपने उस आदेश पर अमल रुकवा दिया कि वह इस पर कानूनी राय लेना चाहते हैं। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। राज्यपाल का आदेश निकल चुका था, जिससे हतप्रभ राज्य सरकार को समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा कैसे हो गया? क्या वाकई राजभवन से मंत्रिमंडल की सलाह के बगैर ऐसा आदेश दिया जा सकता है? आदेश की पुष्टि होने के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही। गनीमत रही कि गृह मंत्रालय ने मामले की गंभीरता को समझा और उसकी सलाह पर राज्यपाल ने अपने कदम पीछे खींच लिए। लेकिन यह सवाल रह ही गया कि आखिर राज्यपाल कार्यालय अपनी कार्यसीमा, अधिकार क्षेत्र और संवैधानिक व्यवस्थाओं को समझने में इतनी बड़ी गलती कैसे कर सकता है? यह कोई राज की बात तो है नहीं कि देश में संसदीय लोकतंत्र की व्यवस्था को अपनाया गया है, जिसमें शासन की असल शक्तियां जनता द्वारा निर्वाचित संसद और विधानसभाओं में निहित होती हैं। रोजमर्रा के कामकाज के लिए मंत्रिमंडल इसका इस्तेमाल करता है, लेकिन वह अपने सभी फैसलों के लिए पूरी तरह संसद या विधानसभाओं के प्रति जवाबदेह होता है। राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि के तौर पर राज्य में होता है और कुछ खास स्थितियों को छोड़कर प्रशासनिक कार्यों में उसका कोई दखल नहीं होता। वह मंत्रिमंडल की सलाह पर ही फैसले करता है। यह व्यवस्था देश में शुरू से चली आ रही है। समय-समय पर कुछ जटिलताएं या अनिश्चितताएं सामने आती हैं, उस वजह से फैसले में या फैसले लेने की प्रक्रिया में गड़बड़ियां होती हैं तो उनके निपटारे के लिए न्यायपालिका है, जो अपना काम बखूबी करती रही है। राज्यपाल की भूमिका को लेकर भी समय-समय पर आए सुप्रीम कोर्ट के तमाम फैसले हैं, जो किसी बड़ी गलतफहमी की गुंजाइश नहीं रहने देते। इसके बावजूद अगर तमिलनाडु में राज्यपाल कार्यालय से इस तरह की गलती हो जाती है तो संबंधित पक्षों के लिए यह चिंता की बात है। हालांकि राज्यपाल के फैसले पर विवाद का यह कोई पहला मामला नहीं है, अतीत में तमाम दलों की सरकारों के कार्यकाल में ऐसे विवाद सामने आते रहे हैं, लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि पिछले कुछ समय से खास तौर पर उन राज्यों के राज्यपालों की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं, जहां गैर-बीजेपी दलों का शासन है। ऐसे में केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ दल को शायद इस समस्या पर ज्यादा गंभीरता से गौर करने की जरूरत है।

राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि के तौर पर राज्य में होता है और कुछ खास स्थितियों को छोड़कर प्रशासनिक कार्यों में उसका कोई दखल नहीं होता। वह मंत्रिमंडल की सलाह पर ही फैसले करता है। यह व्यवस्था देश में शुरू से चली आ रही है। समय-समय पर कुछ जटिलताएं या अनिश्चितताएं सामने आती हैं, उस वजह से फैसले में या फैसले लेने की प्रक्रिया में गड़बड़ियां होती हैं तो उनके निपटारे के लिए न्यायपालिका है, जो अपना काम बखूबी करती रही है। राज्यपाल की भूमिका को लेकर भी समय-समय पर आए सुप्रीम कोर्ट के तमाम फैसले हैं, जो किसी बड़ी गलतफहमी की गुंजाइश नहीं रहने देते। इसके बावजूद अगर तमिलनाडु में राज्यपाल कार्यालय से इस तरह की गलती हो जाती है तो संबंधित पक्षों के लिए यह चिंता की बात है।

गुरु पूर्णिमा- 3 जुलाई 2023 पर विशेष

राह दिखाने वाले दीपक होते हैं ईश्वर-तुल्य गुरु

ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है, यह गुरु-पूजन का पर्व है। सन्मार्ग एवं सत-मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पर्व, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। पर्वों, त्यौहारों और संस्कारों की भारतभूमि में गुरु का स्थान सर्वोपरि माना गया है। यह अध्यात्म-जगत विशेषतः सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहा जाता है, हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिये इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते है। इस दिन से ऋतु परिवर्तन भी होता है। इसदिन शिष्य अपने गुरु की पूजा करते हैं और अपने गुरु को यथाशक्ति दक्षिणा, पुष्प, वस्त्र, उपहार आदि भेंट करते हैं। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है। यहां की माटी एवं जनजीवन में राह दिखाने वाले दीपक होते हैं ईश्वरतुल्य गुरु, क्योंकि गुरु न हो तो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग कौन दिखायेगा? गुरु ही शिष्य का मार्गदर्शन करते हैं और वे ही जीवन को ऊर्जामय बनाते हैं। हमारी प्राचीन गुरुकुल परम्परा एवं गुरुकुल संस्कृति ने महर्षि, तपस्वी, राष्ट्रभक्त, चक्रवर्ती सम्राट और जगद्गुरु तक के सुयोग्य महापुरुष उपलब्ध कराए हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने भी गुरु महिमा को सर्वोपरि माना है। जनकपुरी में ऋषि विश्वामित्र की सेवा इसका प्रमाण है। भारतीय संस्कृति में गुरु आश्रय रहित व्यक्ति को अत्यंत हेय माना गया है। हमारे देश के ऋषि-महर्षि, तीर्थंकर और महात्मा गौतम बुद्ध, महावीर जैसी दिव्य विभूतियों ने गुरु पद से अपने उपदेशों से उदार भावना स्थापित की। भौतिकवादी युग में गुरु के प्रति आस्था में न्यूनता आई है, जिसके परिणाम स्वरूप जीवन में अशांति, असुरक्षा और मानवीय गुणों का अभाव हो रहा है। गुरु पूर्णिमा के मौके पर वे लोग परेशान होते हैं जिनके कोई गुरु नहीं हैं कि वे किसकी पूजा करके आशीर्वाद प्राप्त करें। ऐसे लोगों की चिंता का समाधान तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में किया है कि ...जै जै जै हनुमान गोसाई, कृपा करहु गुरुदेव की नाई। उन्होंने कहा है कि अगर किसी का गुरु नहीं है तो वह हनुमानजी को अपना गुरु बना सकता है। श्री गुरु चरण के स्मरण मात्र से ही आत्मज्योति का विकास हो जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु पद को सर्वोपरि माना गया है। गुरु की सन्निधि, प्रवचन, आशीर्वाद और अनुग्रह जिसे भी भाग्य से मिल जाए उसका तो जीवन कृतार्थता से भर उठता है। क्योंकि गुरु बिना न आत्म-दर्शन होता और न परमात्म-दर्शन। गुरु भवसागर पार पाने में नाविक का दायित्व निभाते हैं। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिये आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है- गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके। यह त्योहार गुरु-शिष्य के आत्मीय संबंधों को सचेतन व्याख्या देता है। काव्यात्मक भाषा में कहा गया है- गुरु पूर्णिमा के चांद जैसा और शिष्य आषाढ़ी बादल जैसा। गुरु के पास चांद की तरह जीए गये अनुभवों का अक्षय कोष होता है। इसीलिये इस दिन गुरु की पूजा की जाती है इसलिए इसे 'गुरु पूजा दिवस' भी कहा जाता है। 'आचार्य देवोभवः' का स्पष्ट अनुदेश भारत की पुनीत परंपरा है और वेद आदि ग्रंथों का अनुपम आदेश है। ऐसी मान्यता है कि हरिशयनी एकादशी के बाद सभी देवी-देवता चार मास के लिए सो जाते है। इसलिए हरिशयनी एकादशी के बाद पथ प्रदर्शक गुरु की शरण में जाना आवश्यक हो जाता है। परमात्मा की ओर संकेत करने वाले गुरु ही होते है। गुरु एक तरह का बांध है जो परमात्मा और संसार के बीच और शिष्य और भगवान के बीच सेतु का काम करते हैं। इन गुरुओं की छत्रछाया में से निकलने वाले कपिल, कणाद, गौतम, पाणिनी आदि अपने विद्या वैभव के लिए आज भी संसार में प्रसिद्ध है। गुरुओं के शांत पवित्र आश्रम में बैठकर अध्ययन करने वाले शिष्यों की बुद्धि भी तद्नुकूल उज्ज्वल और उदात्त हुआ करती थी। योग दर्शन नामक पुस्तक में भगवान श्रीकृष्ण को जगतगुरु कहा गया है क्योंकि महाभारत के युद्ध के दौरान उन्होंने अर्जुन को कर्मयोग का उपदेश दिया था। माता-पिता केवल हमारे शरीर की उत्पत्ति के कारण है लेकिन हमारे जीवन को सुसंस्कृत करके उसे सर्वांग सुंदर बनाने का कार्य गुरु या आचार्य का ही है। पहले गुरु उसे कहते थे जो विद्यार्थी को विद्या और अविद्या अर्थात आत्मज्ञान और सांसारिक ज्ञान दोनों का बोध कराते थे लेकिन बाद में आत्मज्ञान के लिए गुरु और सांसारिक ज्ञान के लिए आचार्य-ये दो पद अलग-अलग हो गए। भारत के महान् दार्शनिक ओशो ने जब यह कहा कि हमारी शिक्षण संस्थाएं अविद्या का प्रचार कर रही हैं तो लोगों ने आपत्ति की लेकिन वे बात सही कह रहे थे। आज हमारे विद्यालयों में ज्ञान का नहीं बल्कि सूचनाओं का हस्तांतरण हो रहा है। विद्यार्थियों का ज्ञान से अब कोई वास्ता नहीं रहा इसलिए आज हमारे पास डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, न्यायाधीश, वैज्ञानिक और वास्तुकारों की तो एक बड़ी भीड़ जमा है लेकिन ज्ञान के अभाव में चरित्र और चरित्र के बिना सुंदर समाज की कल्पना दिवास्वप्न बन कर रह गई है। पाठ्य पुस्तकों में कुछ नीतिपरक श्लोकों को जोड़ने अथवा बच्चों को तोते की तरह गायत्री मंत्र रटाने या अंग्रेजी शैली में योग को 'योगा' करने से न तो चरित्र निर्माण होता है और न भावी पीढ़ी में ज्ञान का हस्तांतरण ही संभव है। ज्ञान तो गुरु से ही प्राप्त हो सकता है लेकिन गुरु मिलें कहां? अब तो ट्यूटर हैं, टीचर हैं, प्रोफेसर हैं पर गुरु नदारद हैं। गुरु के प्रति अविचल आस्था ही वह द्वार है जिससे ज्ञान का हस्तांतरण संभव है। हमें इन तथ्यों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह सत्य है कि आज हम जिस सामाजिक और आर्थिक परिवेश में सांस ले रहे हैं वहां इन पुरानी व्यवस्थाओं की चर्चा निरर्थक हैं परंतु इनके सार्थक और शाश्वत अंशों को तो हम ग्रहण कर ही सकते हैं। आज नकली, धूर्त, ढोंगी, पाखंडी, साधु-संन्यासियों और गुरुओं की बाढ़ ने असली गुरु की महिमा को घटा दिया है। असली गुरु की पहचान करना बहुत कठिन हो गया है। भगवान से मिलाने के नाम पर, मोक्ष और मुक्ति दिलाने के नाम पर, कुण्डलिनी जागृति के नाम पर, पाप और दुःख काटने के नाम पर, रोग-व्याधियां दूर करने के नाम पर और जीवन में सुख और सफलता दिलाने के नाम पर हजारों धोखेबाज गुरु पैदा हो गये हैं जिनको वास्तव में कोई आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है। जो स्वयं आत्मा को नहीं जानते वे दूसरों को आत्मा पाने का गुर बताते हैं। तरह-तरह के प्रलोभन देकर धन कमाने के लिए शिष्यों की संख्या बढ़ाते हैं। जिसके बाड़े में जितने अधिक शिष्य हों वह उतना ही बड़ा और सिद्ध गुरु कहलाता है। मूर्ख भोली-भाली जनता इनके पीछे-पीछे भागती है और दान-दक्षिणा देती है। ऐसे धन-लोलुप अज्ञानी और पाखंडी गुरुओं से हमें सदा सावधान रहना चाहिए। कहावत है कि 'पानी पीजै छान के और गुरु कीजै जान के।' सच्चा गुरु ही भगवान तुल्य है।

हमारी प्राचीन गुरुकुल परम्परा एवं गुरुकुल संस्कृति ने महर्षि, तपस्वी, राष्ट्रभक्त, चक्रवर्ती सम्राट और जगद्गुरु तक के सुयोग्य महापुरुष उपलब्ध कराए हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने भी गुरु महिमा को सर्वोपरि माना है। जनकपुरी में ऋषि विश्वामित्र की सेवा इसका प्रमाण है। भारतीय संस्कृति में गुरु आश्रय रहित व्यक्ति को अत्यंत हेय माना गया है। हमारे देश के ऋषि-महर्षि, तीर्थंकर और महात्मा गौतम बुद्ध, महावीर जैसी दिव्य विभूतियों ने गुरु पद से अपने उपदेशों से उदार भावना स्थापित की। भौतिकवादी युग में गुरु के प्रति आस्था में न्यूनता आई है, जिसके परिणाम स्वरूप जीवन में अशांति, असुरक्षा और मानवीय गुणों का अभाव हो रहा है।

हिंसा की आग में सुलगता फ्रांस?

फ्रांस इस समय दुनिया की सुर्खियों में है। देश भर में लोग हिंसक और उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। मैंक्रो सरकार हाशिए है। प्रदर्शन तेज होता जा रहा है। निश्चित रूप से सारे घटनाक्रम की वजह फ्रांस की पुलिस और वहां का असहिष्णु कानून है जिसकी वजह से देश हिंसा की आग में जल रहा है। ट्रैफिक नियमों का कथित रूप से अनुपालन न करने पर एक किशोर को जांच की आड़ में गोली मार दी गई। कार चालक 17 वर्षीय किशोर नाहेल एम पर आरोप था कि उसने वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर रिवाल्वर तान दिया था। निश्चित रूप से इसकी जितनी आलोचना की जाय वह कम है। दुनिया भर में मानवीय और उसके अधिकार सर्वोपरी होना चाहिए। मीडिया की खबारों और उसके विश्लेषण से पता चलता है कि पुलिस अपनी नाकामी छुपाने के लिए निर्दोष युवक पर इस तरह का आरोप मढ रही है। नाहेल ने अगर ट्रैफिक नियम को तोड़ा था तो उसे दूसरे तरीके से भी सजा दी जा सकती थी। यह जुर्म इतना बड़ा नहीं था कि उसे गोली मार दी जाय। निश्चित रूप से पुलिस ने फ्रांस के लचीले कानून का दुरुपयोग किया है। गोली मारने की यह पहली घटना नहीं है इसके पूर्व भी कई लोग शिकार हुए हैं। मीडिया मे यह तथ्य भी सामने आए हैं कि पुलिस नस्लीय मानसिकता में भी बेगुनाहों को निशाना बनाती है। फ्रांस एक संप्रभु और लोकतान्त्रिक देश है। उसे ऐसे विवादित और कठोर कानून से बचना चाहिए। क्योंकि कानूनी आड़ में इसका दुरुपयोग किया जाता है। सरकार ट्रैफिक नियमों को इतना कठोर बनाकर लोकतांत्रिक अधिकारों का दुरुपयोग कर रही हैं। अगर पुलिस के आरोप को ही सच मान लिया जाए। कि किशोर नाहेल ने ट्रैफिक नियमों का दुरूपयोग किया था तो पुलिस उसे सबक सिखाने के लिए दूसरे संवैधानिक अधिकार का भी प्रयोग किया जा सकता था। किसी की हत्या इसका समाधान नहीं था। देश के ट्रैफिक नियमों के मुताबिक उसकी गिरफ्तारी हो सकती थी। किशोर अधिनियम के तहत उसे जेल भी भेजा जा सकता था। उसे समझाने की कोशिश भी पुलिस कर सकती थी। वाहन चलाने पर प्रतिबंधित किया जा सकता था। लेकिन सिर्फ क्या जान लेना ही किसी कानून का संरक्षण है। भारत जैसे देश में अगर ऐसे कानून बना दिया जाए तो यहां पांच मिनट भी नहीं टिक सकते हैं। क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे की जाती है यह भारत से बेहतर कोई नहीं जानता। यहां हर नागरिक को संवैधानिक अधिकारों के इतर जाकर उसके व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण किया जाता है। सुसंगत कानून होने के बावजूद भी लोगों को दंड नहीं दिए जाते। यहां की पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गांधीगिरी के जरिए गुलाब का फूल भेंट करती है। क्योंकि सिर्फ कानून से देश को नहीं चलाया जा सकता है। भारत में बाल एवं किशोर हितों का पूरा ख्याल किया जाता है। पुलिस के खिलाफ पेरिस के बाहरी हिस्सों हिंसा भड़क गयीं है। सरकार स्थिति नियंत्रित नहीं कर पा रहीं है। सरकार और पुलिस में शीतयुद्ध की स्थित है ।लोग सड़क पर उतर कर उग्र और हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहनों को आग के हवाले किया जा रहा है। किशोर की हत्या को लेकर लोगों में बेहद आक्रोश है। मानवाधिकार संगठन इस घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं। हालात को नियंत्रित करना सरकार के लिए मुश्किल हो रहा है। देश के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। नाहेल की हत्या करने वाले आरोपी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना को फ्रांस के राष्ट्रपति मैंक्रो ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पुलिस की तीखी आलोचना की है। वैसे उनके बयान को लेकर पुलिस संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा है कि इससे पुलिस का मनोबल गिरेगा। लेकिन देश में बढ़ती हिंसा को रोकने की पहली प्राथमिकता सरकार की है। आक्रोशित लोग प्रदर्शन के दौरान सरकारी इमारतों, पुलिस स्टेशन, स्कूलों और दूसरे संस्थानों को निशाना बना रहे हैं। पुलिस पर आरोप लग रहे हैं कि ट्रैफिक नियमों की जांच के दौरान जानबूझकर निर्दोष किशोर को गोली मारी गई। हालांकि यह जांच विषय है। फ्रांस का गृह मंत्रालय भी पुलिस की करतूत पर बेहद नाराज है। दोषी पुलिस के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की घोषणा किया है। किशोर की मां मानिया इस घटना से बेहद दुखी है। क्योंकि उसका बेटा नाहेल इकलौती संतान थी। जिसे वह बेहद प्यार करती थी। घटना के दिन मां से लाड प्यार कर वह निकला था, लेकिन एक घंटे बाद गोली का शिकार बन गया। इस घटना से उसकी मां सदमे में है। उसका आरोप है कि पुलिस ने जानबूझकर उसके बेटे की हत्या की। फ्रांस सरकार ने 2017 में गोली मारने के कानून में ढील देने का फैसला किया था। अब इस तरह का लचीला कानून उसी लिए भारी पड़ रहा है। जबकि उसी दौरान मानवाधिकार संगठनों ने सरकार से इस कानून को वापस लेने का दबाव बनाया था। फ्रांस की मीडिया के मुताबिक जबसे इस कानून में संशोधन हुआ है इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 13 लोग शिकार बने है। पुलिस पर यह भी आरोप लग रहे हैं कि गोलियां काले और अरब के मूल लोगों पर चलाई जाती है। जिसकी वजह से निर्दोष किशोर की जान गई है। नाहेल का संबंध भी फ्रांसीसी-अल्जीरिया मूल से बताया गया है। फ्रांस सरकार को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। ट्रैफिक नियमों में तत्काल सुधार किया जाना चाहिए। वाहनों की चेकिंग के लिए गोली चलाने पर प्रतिबंध लगना चाहिए। फ्रांस के आम नागरिक अधिकारों का खुली तरह संरक्षण होना चाहिए। दुनिया भर में लोकतांत्रिक देश में हरहाल में मानवीय अधिकारों का संरक्षण होना चाहिए और ऐसे निर्मम कानून पर रोक लगनी चाहिए दोषी पुलिसकर्मी को निर्दोष किशोर की हत्या के लिए कठोर दंड दिया जाना चाहिए।

निश्चित रूप से सारे घटनाक्रम की वजह फ्रांस की पुलिस और वहां का असहिष्णु कानून है जिसकी वजह से देश हिंसा की आग में जल रहा है। ट्रैफिक नियमों का कथित रूप से अनुपालन न करने पर एक किशोर को जांच की आड़ में गोली मार दी गई। कार चालक 17 वर्षीय किशोर नाहेल एम पर आरोप था कि उसने वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर रिवाल्वर तान दिया था। निश्चित रूप से इसकी जितनी आलोचना की जाय वह कम है। दुनिया भर में मानवीय और उसके अधिकार सर्वोपरी होना चाहिए। मीडिया की खबारों और उसके विश्लेषण से पता चलता है कि पुलिस अपनी नाकामी छुपाने के लिए निर्दोष युवक पर इस तरह का आरोप मढ रही है। नाहेल ने अगर ट्रैफिक नियम को तोड़ा था तो उसे दूसरे तरीके से भी सजा दी जा सकती थी। यह जुर्म इतना बड़ा नहीं था कि उसे गोली मार दी जाय। निश्चित रूप से पुलिस ने फ्रांस के लचीले कानून का दुरुपयोग किया है। गोली मारने की यह पहली घटना नहीं है इसके पूर्व भी कई लोग शिकार हुए हैं। मीडिया मे यह तथ्य भी सामने आए हैं कि पुलिस नस्लीय मानसिकता में भी बेगुनाहों को निशाना बनाती है।

देश दुनीया से

समान नागरिक संहिता हकीकत बनती है तो यह हमारे संविधान निर्माताओं का बड़ा सम्मान होगा

समान नागरिक संहिता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान के बाद उम्मीद की जा रही है कि देश की बरसों पुरानी मांग जल्द ही पूरी होगी। देखा जाये तो समान नागरिक संहिता यदि हकीकत बनती है तो इससे देश की आकांक्षाएं ही पूरी नहीं होंगी बल्कि हमारे संविधान निर्माताओं की अपेक्षाएं भी पूरी होंगी। हमारे संविधान निर्माताओं ने समान नागरिक संहिता का पक्ष लेते हुए इसे मूर्त रूप देने का जो दायित्व आने वाली सरकारों पर छोड़ा था, उस संकल्प को यदि मोदी सरकार सिद्ध करती है तो निश्चित ही यह हमारी संविधान सभा के सदस्यों का सम्मान भी होगा। देखा जाये तो संविधान सभा ने जो संवैधानिक प्रावधान किये थे, उन सभी का पालन देश आरम्भकाल से करता आ रहा है। लेकिन कुछ ऐसे मुद्दे भी थे जिस पर संविधान सभा में सहमति तो थी लेकिन उस पर फैसला करने का दायित्व भविष्य की सरकारों के लिए छोड़ दिया गया था। यह गौर करने योग्य बात है कि उस दायित्व को पूरा करने का साहस पहली बार कोई सरकार दिखा रही है। समान नागरिक संहिता पर विधि आयोग के समक्ष रोजाना ढेरों सुझाव आ रहे हैं। 14 जुलाई सुझाव और विचार भेजने की अंतिम तिथि है, तब तक यह संख्या लाखों में पहुँच सकती है। इसके अलावा, समान नागरिक संहिता को लेकर देश में गली-मोहल्लों से लेकर टीवी चैनलों की डिबेटों और राजनीतिक जनसभाओं के मंचों तक जो चर्चा और बहस का दौर चल रहा है वह दर्शा रहा है कि पूरा देश इस समय इस गंभीर मुद्दे पर मंथन कर रहा है। देखा जाये तो लोकतंत्र में किसी कानून के निर्माण में जितनी ज्यादा भागीदारी होगी वह कानून उतना ही सशक्त होगा। अभी जनता संभावित कानून को लेकर बहस कर रही है। जब मसौदा प्रस्ताव सामने आयेगा तब वह उसके लाभ हानि से जुड़े मुद्दों पर बहस करेगी और जनभावना को ध्यान में रखते हुए संसद में सांसद भी प्रस्तावित विधेयक पर बहस करेंगे। इसलिए जो लोग यह भ्रम फैलाने का अभियान चला रहे हैं कि समान नागरिक संहिता को थोपा जा रहा है उन्हें देखना चाहिए कि जब किसी कानून को बनाने से पहले संपूर्ण प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है तब वह थोपा हुआ कैसे हो सकता है? इसके अलावा, समान नागरिक संहिता के विरोध में तमाम तरह के तर्क दे रहे, समान नागरिक संहिता आने पर तूफान आने की चेतावनी दे रहे और समान नागरिक संहिता आने पर धार्मिक आधार पर विभाजन बढ़ने की बात कह रहे लोगों को देखना चाहिए कि यह देश के लिए नई चीज नहीं है। गोवा में आजादी के बाद से ही समान नागरिक संहिता लागू है। क्या किसी ने सुना है कि वहां पर धार्मिक आधार पर भेदभाव होता है? क्या किसी ने सुना है कि गोवा में समान नागरिक संहिता की वजह से अल्पसंख्यकों को किसी भी प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ा? क्या किसी ने सुना है कि समान नागरिक संहिता की वजह से किसी को अनावश्यक लाभ या किसी को नुकसान हुआ? जाहिर है इन सभी प्रश्नों का उत्तर नहीं में ही होगा। इसलिए जब हमारे समक्ष गोवा जैसा जांचा परखा और खरा उदाहरण है तो समान नागरिक संहिता का विरोध करना सिर्फ 'राजनीति' से प्रेरित कदम ही लगता है। इसके साथ ही हमें यह भी देखना चाहिए कि दुनिया के कई देशों में पहले से ही समान नागरिक कानून हैं। साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उच्चतम न्यायालय की ओर से भी इस संबंध में कानून लाने के लिए सरकार को कहा जा चुका है। इसलिए समय आ गया है कि इस मुद्दे को टालने की बजाय इसका हल निकालना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को उन राजनीतिक विवादों को नहीं झेलना पड़े जिसका आज की पीढ़ी ने सामना किया या कर रही है। दुनिया जब तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसे में हम पीछे नहीं छूट जायें, इसके लिए जरूरी है कि देश के विकास और एकता को बाधित करने वाले दशकों पुराने मुद्दों का हल जल्द से जल्द निकाला जाये ताकि सरकार पुरानी दुश्वारियों को दूर करने में ऊर्जा लगाने की बजाय देश के भविष्य को सुनहरा बनाने में ही पूरी तरह प्रयत्नशील रहे।

हमारे संविधान निर्माताओं ने समान नागरिक संहिता का पक्ष लेते हुए इसे मूर्त रूप देने का जो दायित्व आने वाली सरकारों पर छोड़ा था, उस संकल्प को यदि मोदी सरकार सिद्ध करती है तो निश्चित ही यह हमारी संविधान सभा के सदस्यों का सम्मान भी होगा। देखा जाये तो संविधान सभा ने जो संवैधानिक प्रावधान किये थे, उन सभी का पालन देश आरम्भकाल से करता आ रहा है। लेकिन कुछ ऐसे मुद्दे भी थे जिस पर संविधान सभा में सहमति तो थी लेकिन उस पर फैसला करने का दायित्व भविष्य की सरकारों के लिए छोड़ दिया गया था। यह गौर करने योग्य बात है कि उस दायित्व को पूरा करने का साहस पहली बार कोई सरकार दिखा रही है।

कुछ अलग

अरे इमली है, कच्चा आम है क्यों परेशान हैं टमाटर के दामों पर

किसी इलाहाबादी आईएएस अफसर से पूछिए तो वह कहेगा- ठीक वैसा ही इश्क जैसा, अरहर की दाल में टमाटर-प्याज के तड़के का। तुअर दाल या येलो दाल भी बोलेंगे तो इस तड़के वाली दाल का स्वाद नहीं बदलने वाला। फिर भी जाने क्यों जबसे टमाटर सौ रुपये किलो के पार पहुंचा है, तबसे एक घनघोर राष्ट्रवादी मित्र रोजाना टमाटर के इतिहास को खोद रहे हैं। उनका कहना है कि भारतीयों को टमाटर जैसे लैटिन अमेरिकी फल या सब्जी से परहेज करना चाहिए, क्योंकि यह टमाटर फिलहाल अपने दामों से देश के आम लोगों की चटनी बनाए दे रहा है। टमाटर का इतिहास, भारतीय क्लाइमेट में सेहत पर इसका प्रभाव और इसके साथ हो रहे जेनेटिक इनोवेशन से बिगड़े स्वाद की बात तो बाद में। पहला सवाल तो यह है कि टमाटर उगाने वाले किसान को अभी दो महीने पहले तक ही फसल के इतने कम दाम मिल रहे थे कि बेचारे सड़क पर फेंकने को मजबूर थे। दूसरी तरफ आम जनता है कि बेचारी सौ रुपये में एक किलो टमाटर खरीदने के बजाय दो किलो आम खरीदकर घर वापस चली आ रही है। यानी किसान को दाम नहीं मिल रहे और कस्टमर को टमाटर इतने महंगे पड़ रहे कि खरीदने की हिम्मत नहीं हो रही। अब सवाल यह है कि इस महंगाई का फायदा उठा कौन रहा है। छोटे सब्जी वाले तक परेशान हैं, क्योंकि उन्हें खुद महंगा मिल रहा है और ग्राहकों का गुस्सा उन्हें झेलना पड़ रहा है। टमाटर के इस हाल पर धूमिल की मशहूर कविता याद आती है- 'एक आदमी रोटी बेलता है, एक आदमी रोटी खाता है, एक तीसरा आदमी भी है, जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है, वह सिर्फ रोटी से खेलता है, मैं पूछता हूं-यह तीसरा आदमी कौन है? मेरे देश की संसद मौन है।' धूमिल साहब के जमाने में कोई रोटी से खेल रहा था, आज टमाटर से खेल रहा है। इसलिए अब संसद, देश की सरकारों और शासन-प्रशासन के पास मौका है कि वह मौन न रहें। जानें कि वो बिचौलिया कौन है, जो न टमाटर पैदा करता है और न खाता है, वह सिर्फ इसके दामों से खेलता है। बीच के इस आदमी को ढूंढना बहुत जरूरी है, क्योंकि आज टमाटर हो या प्याज, आलू हो या गेहूं, यह बीच में रहकर खेलने वाला ही सबसे ज्यादा खा रहा है। अब वापस आते हैं टमाटर से जुड़े अतरंगी विचारों पर। जैसे टमाटर का विदेशी होना। देश के लिए यह फिक्र वाली बात होनी ही चाहिए कि जब राष्ट्रवाद का उभार अपने चरम पर हो तो देसी लोग सबसे ज्यादा चाउमिन और मोमो के ठेलों पर नजर आते हैं। जिनकी हालत थोड़ी बेहतर है वह खान मार्केट में जैपनीज़, वियतनामी, कोरियन और इटैलियन फूड के लिए देर शाम रेस्तरां के बाहर लाइन में लगकर इंतजार करते हैं। टमाटर का महंगा होना और उसके लिए फिक्रमंद होना वाकई में कई बार लोगों के राष्ट्रवाद पर सवाल उठाता है। अरे भाई, कच्चा आम अपना है, इमली अपनी है। डालो न सब्जी में और चाहे चटनी बनाओ। दोनों अभी सस्ते भी हैं और हमारे शरीर के लिए टमाटर के मुकाबले कहीं ज्यादा फायदेमंद हैं। कई साल पहले नैशनल बॉटनिकल रिसर्च सेंटर में एक साइंटिस्ट डॉ.पुष्पांगदन अपने मित्र थे। वह अक्सर समझाते थे कि भाई, टमाटर क्यों खाते हो ? तीन-चार सौ साल पहले ही यह लैटिन अमेरिका, मैक्सिको और पुर्तगाल होते हुए भारत पहुंचा था। बाद में जब यह अंग्रेजों को भाया तो उन्होंने इसकी खेती शुरू करा दी। फिर पाकिस्तान से इधर आए सिंधी पंजाबी भाइयों ने आजादी के समय प्याज-टमाटर के तड़कों से सारी दिल्ली में खुशबू फैला दी और यहां से उड़ी खुशबू सारे देश तक फैल गई। खैर जब फैली थी, तब फैल गई। काल, खंड और परिस्थितियों के हिसाब से शौक, स्वाद और मिजाज़ सब बदलता है। प्रखर राष्ट्रवाद के इस दौर में विद्वानों का यह फर्ज बनता है कि वह राष्ट्रवादी सब्जियों और फलों की लिस्ट अलग से बनाएं। उन्हें ही देसी माना जाए, जिनको अपने यहां खाए जाने का इतिहास कम से कम पांच हजार साल पुराना तो हो ही। इतिहास बदलने के इस दौर में इस दिशा पर भी काम हो। जो भी लोग विदेश से आए या अपने यहां ही उगाए जा रहे एग्जोटिक फल-सब्जी खाते पाए जाएं, उन पर टैक्स भी लगा देना चाहिए, जीएसटी के साथ। इससे होने वाली आमदनी से देसी फल-सब्जी खानेवालों को सब्सिडी दी जा सकती है। वैसे भी, लैटिन अमेरिका से चले वहां के देसी टमाटर के स्वाद में इतना ज्यादा बदलाव हो चुका है कि क्या असली है और क्या नकली, इसका पता करना ही मुश्किल है। हमारे बचपन वाला टमाटर तो अब मिलता ही नहीं। इलाहाबाद में कमरा लेकर सिविल्स की तैयारी करनेवालों को भी अपनी दाल का तड़का अब बदल ही लेना चाहिए। वह टमाटर अब रहा ही कहां, जिसमें पान में महंगे किमाम जैसे इश्क का अहसास हो।

नागरिक बोध

महिलाओं से आकाश छीनता पितृसत्ता विश्वास

पितृसत्ता एक सामाजिक व्यवस्था है, जिसमें प्रभुत्व और विशेषाधिकार के पदों पर मुख्य रूप से पुरुषों का वर्चस्व है। यह अनिवार्य रूप से जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे नैतिक अधिकार, सामाजिक विशेषाधिकार, निर्णय लेने, संपत्ति पर नियंत्रण और राजनीतिक नेतृत्व में पुरुष वर्चस्व की एक प्रणाली है। महिलाओं की अधीनता कई मायनों में स्पष्ट है, निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में, जहां महिलाओं को उन अधिकारों और उन चीजों तक पहुंच से वंचित रखा जाता है, जो पुरुषों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं। इसने अतीत की लंबी प्रथाओं और महिलाओं की अधीनता के कारण समकालीन समय में भारत में मध्यवर्गीय कामकाजी महिलाओं की स्थिति में बाधा उत्पन्न की है। भारतीय समाज में पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के अस्तित्व के कारण देखें तो पहले, महिलाओं को एक पुरुष-प्रधान, पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था, पुरानी पारंपरिक मान्यताओं के पालन, और इसी तरह के परिणामस्वरूप कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। महिलाओं की जिम्मेदारियां बच्चे पैदा करने और बच्चों के पालन-पोषण जैसे पारंपरिक कार्यों तक ही सीमित थीं। उदाहरण के लिएः मनु स्मृति के अनुसार, विवाह को कभी भी तोड़ा नहीं जा सकता, तलाक की कल्पना नहीं की जा सकती थी और विधवाओं को पुनर्विवाह की अनुमति नहीं थी। जाति व्यवस्था ने भारत में, पितृसत्ता और जाति व्यवस्था के बीच गठजोड़ को ऐतिहासिक रूप से शोषक और परस्पर एक दूसरे के आहार के रूप में पाया गया है। समाजीकरण की प्रक्रिया में पितृसत्तात्मक मूल्यों और विचारों का एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरण होता है। समाजीकरण, समाज के मानदंडों और विचारधाराओं को आत्मसात करने की प्रक्रिया है। समाजीकरण की यह प्रक्रिया समाज में पितृसत्ता के सामान्यीकरण का आधार बनाती है। परिवारों और विवाह में, पितृसत्ता सूक्ष्म रूप से परिलक्षित होती है, जैसे कि बहू पहली व्यक्ति होती है, जिससे घर के कामों में मदद की उम्मीद की जाती है। बहू को नौकरी पर रखना चाहिए या नहीं, इस पर नियंत्रण और यदि हां, तो पेशे के चयन अधिकार भी पति और ससुराल वालों के पास होता है। रूढ़िवादिता के अस्तित्व से भारत में बालिकाओं को अक्सर पारंपरिक मान्यताओं के कारण शिक्षा के अपने अधिकार से वंचित रखा जाता है, क्योंकि उनसे परिवार में भूमिका निभाने की उम्मीद की जाती है। चूंकि लड़कियां घरेलू कर्तव्यों का पालन करने में अधिक समय बिताती हैं और इससे भारत के ग्रामीण हिस्सों में महिला और पुरुष समानता के बीच की खाई बढ़ जाती है और यह मिथक कायम रहता है कि शिक्षा लड़की के लिए कोई आवश्यक नहीं है और उसका प्राथमिक काम घर के काम की देखभाल करना होगा, जल्दी शादी करो, बच्चे पैदा करो और फिर उनकी परवरिश करो।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, मंगलवार, 04 जुलाई 2023| पेज 7

संक्षिप्त खबरे

सीएचसी में मोक्ष वाहन उपलब्ध कराने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम के पहल पर लातेहार सिविल सर्जन ने डीएमएफटी फंड के प्रभारी पदाधिकारी को पत्र लिखकर बालूमाथ में मोक्ष वाहन उपलब्ध करने की मांग की है । इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने बताया कि उनके द्वारा एक पत्र लिखकर लातेहार सिविल सर्जन को कहा गया था की बालूमाथ, हेरहंज, बारियातु के करीब तीन लाख की आबादी का इलाज बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होता है ।मोक्ष वाहन नहीं रहने के कारण दुर्घटना एवं मृत्यु की स्थिति में शव ले जाने में परेशानी होती है ।इसलिए डीएमएफटी फंड से बालूमाथ में मोक्ष वाहन उपलब्ध कराया जाए। इसी पत्र के आलोक में लातेहार सिविल सर्जन ने डीएमएफटी प्रभारी पदाधिकारी को पत्र लिखकर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मोक्ष वाहन देने की मांग की है ।

जहरीले सांप ने तीन लोगों को काटा, रिम्स रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रविवार की रात्रि सर्पदंश से तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना ढाडा ग्राम में घटी जहां लालजी यादव 45 वर्ष अपने घर के बाहर बैठा हुआ था इसी बीच जहरीला साँप आकर काट लिया। परिजनों द्वारा लालजी यादव को अचेतअवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा एवीएस इंजेक्शन देने के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। वही दूसरी घटना बालूमाथ भामाशाह नगर में घटी जहाँ लखन दास सिंदुरिया के आवास में रह रहे सीसीएल कर्मी बैजनाथ कुमार की पत्नी शांति देवी 40 वर्ष अपने घर के पलंग में सोई हुई थी इसी बीच कोबरा सांप ने उसके पलंग पर चढ़कर उसके पैर में काट लिया। जिससे वह अचेत हो

गई परिजनों द्वारा अचेतअवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। वहीं तीसरी घटना बालूमाथ के टमटम टोला ग्राम में घटी जहां सोमवार की अलहे सुबह नंदकिशोर साव की पत्नी लीला देवी 40 वर्ष अपने घर के कोना में रखे आटा को निकाल रही थी इसी बीच जहरीले सांप ने काट लिया। आनन फानन में परिजनों द्वारा लीला देवी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

कर्मा सरोवर तथा डॉ. होमी जहांगीर भाभा इको पार्क का लोकार्पण

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : न्यू पुलिस लाइन में विधायक वैद्यनाथ राम ने कर्मा सरोवर तथा डॉ. होमी जहांगीर भाभा इको पार्क का लोकार्पण किया। मौके पर पुलिस महानिरीक्षक पलामू प्रक्षेत्र राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, लातेहार विधायक बैजनाथ राम के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं विधायक श्री राम ने पौधारोपण भी किया। मौके पर डीएफओ रोशन कुमार,जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, एडीपीओ संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय, ललित पाठक व आशीष कुमार बाग आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

वज्रपात से सात पशुओं की हुई मौत, किसान परेशान

लावालौंग (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत रिमी पंचायत के पसागन गांव में कुदरत की कहर गरीब किसान को सात पशुओं की मौत से गमगीन है। पसागन के दुर्यदेव गंझू, राजेश गंझू, जानकी गंझू और अनिल गंझू ने नम आंखों से दूरभाष के माध्यम से लावालौंग संवाददाता मो0 साजिद को बताया कि हम सभी रोज की तरह पशुओं को चराने के लिए घर से कुछ दूरी पर ले गए थे की अचानक बारिश शुरू हो गई हम सभी लोग घर की ओर चले गए जब बारिश समाप्त हुई तो सात पशुओं को मौत के नींद में सोया पाया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों ने बताया कि इन सभी लोगों का जीवननयापन पशुओं से होता था, पंचायत के मुखिया सुग्गी देवी घटना स्थल पर पहुंचकर गरीब किसान को आश्वासन देते हुए कही की सरकार के नियमानुसार सभी लोगों को मुआवजा दिलाने की हर संभव प्रयास करूंगी। क्योंकि इन सभी का सहारा मुख्य रूप से पशु पालन ही था।

जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को नये सूचना पट्ट लगाने का निर्देश

बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण ने सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों में डीलरों को राशन स्टॉक का नया बोर्ड लगाने का निर्देश दिया है। कई जनवितरण प्रणाली की दुकानों में ऐसा पूर्व का राशन बोर्ड लगा हुआ है जिसमे उल्लेखित राशन स्टॉक आदि के बारे में पता नही चल पाता है। उन्हों ने बताया कि उस नया बोर्ड में साफ सुथरा डीलर की अनुज्ञप्ति संख्या, डीलर का नाम, राशन स्टॉक आदि उलेख करना है। उन्हों कहा कि जो डीलर विभागीय आदेश का पालन नही करेगा तो उनके ऊपर कार्रवई की जाएगी।

शिक्षा के मंदिर में छात्र बना मजदूर

- छात्रों से फेकवाया जाता है पानी भरा बाल्टी से अण्डे के छिलके
- कमजोर बच्चों को जमीन में एक जगह बैठा कर करवाना है पढ़ाई-शिक्षक
- शिक्षा विभाग के आदेशानुसार बच्चों को जमीन पर बैठा कर करवा थे पढाई-शिक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंवटा में इन दिनों शिक्षक कुणाल किशोर सिंह के द्वारा विद्यालय के कमजोर बच्चों को जमीन पर बैठा कर पढाई करवाने का मामला प्रकाश में आया है। साथ हीं बच्चों से काम कराने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं शिक्षक क्लास रूम में कम कार्यालय में बैठे रहने का मामला आया है। ज्ञात हो की पत्रकारों के एक टीम सोमवार को उत्कर्मित मध्य विद्यालय केंवटा पंहुचा जहां देखा की शिक्षक कुणाल किशोर सिंह क्लास रूम से गायब थे और ऑफिस में बैठकर आराम फरमा रहे थे। पूछे जाने पर कहते है कि मुझे जो करना है कर रहा हूं। वहीं विद्यालय के कक्षा 4 के छात्रों के द्वारा बाल्टी में अंडे के छिलके विद्यालय परिसर से बाहर फेंकवाया जा रहा था। गौर तलब है की इस विद्यालय में एससी और एसटी वर्ग के अधिक छात्र छात्राएं पढ़ाई करते है सरकार छात्रों के पठन पाठन के लिए लाखो रुपए प्रतिदिन खर्च करते है गरीब असहाय वर्ग के बच्चे अच्छी तरीके से पठन-पाठन कर अपने भविष्य को सुधारें लेकिन इस विद्यालय में छात्रों को मजदूर बनना पड़ रहा है यह दुर्भाग्य है। कब तक बच्चे केवल पढ़ाई के नाम पर केवल स्कुल जाते रहेंगे। और शिक्षा से महरूम रहेंगे।

फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने टोरी - चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण जल्द शुरू हो इसके लिए शिलापट्ट का कराया सतईसा पूजा पंडित रविकांत दुबे ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन आदि कर मंत्रोच्चारण के साथ पुरे विधि विधान से शिलापट्ट का सतईसा पूजा किया।अयुब खान और पंडित रविकांत दुबे ने कहा कि पूजा हवन से फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण के शिलान्यास की शिलापट्ट पर पड़े बुरा प्रभाव का असर कट जाएगा। केंद्र, राज्य सरकार और जिला प्रशासन का नजर रेलवे क्रॉसिंग जाम समस्या एवं फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण की ओर आएगा।इसके निर्माण के लिए ऑनलाइन शिलान्यास 03 जुलाई 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम के हांथों हुआ था, आज 27 माह हो गया लेकिन कार्य शुरू नहीं हुआ है, इससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है।मंत्री नीतिन गडकरी ने शिलान्यास के समय कहा था कि यह परियोजना दो वर्षों में पुरा हो जाएगी लेकिन इसके उल्टा दो वर्ष तीन माह हो गया परंतु अब तक यहां काम शुरू ही नहीं हुआ है। इस क्रॉसिंग से प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोग आवागमन करते हैं। यहां से बड़ी संख्या में एक्सप्रेस और गुड्स ट्रेनें गुजरती हैं। बार - बार क्रॉसिंग को बंद करना पड़ता है। इसके चलते यहां घंटों जाम लगा रहता है। जाम की समस्या खत्म करने के लिए लंबे समय से हम लोग आंदोलन कर मांग करते रहे हैं,लेकिन सरकार मांगों को अनदेखी कर रही है।कभी घंटों कभी आधे घंटे गंभीर रूप से बीमार लोगों को लेकर एम्बुलेंस रेल क्रॉसिंग जाम पर फंस जाते हैं, इसके कारण मरीज क्रॉसिंग जाम पर तड़प तड़प कर दम तोड़ देती है।हवन पूजा में फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की कामना की गई।पूजा कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, अंचल सचिव बैजनाथ ठाकुर, कैस खान, संतोष जायसवाल, गोपी गंझु, बीरु साव, मुन्ना गंझु, राजु कुमार साव, रमजान सांई चिस्ती, शंकर साव, धनु साव, रसीद मियां, अनिल राम, जगरनाथ साव समेत बड़ी संख्या सभी समुदाय के लोगों ने शिरकत किया।

पीसीसी पर किया जा रहा है पीसीसी, जर्जर सड़क आज भी बदहाल

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड के सबानो गाँव में इन दिनों पूर्व से बने पीसीसी ग्रामीण सड़क पर हीं पुनः पीसीसी बनाया जा रहा है। वहीं उसी गाँव में कई सड़क ऐसे हैं जो आज भी अपनी बदहाली पर आसूं बयां कर रहा है और कह रहा है कि कौन ऐंसा फरिस्ता आएगा जो मेरा बदहाली को ठीक करेगा। बता दें कि सबानो गाँव में पूर्व से बना सड़क को हीं टेंडर कर दिया गया। जबकि उसी गाँव में कई ऐसे ग्रामीण सड़क है जो बिल्कुल जर्जर है जो आने जाने लायक नहीं है और ग्रामीणों का परेशानी बढ़ी हुई है। इधर सवेंदक उसी पूर्व से बने पीसीसी सड़क पर महज तीन इंच से लेकर चार इंच का ढलाई कर वारे न्यारे कर खाना पूर्ति करने में लगे हैं। गौर तलब है कि टेंडर के हिसाब से पीसीसी सड़क बनाने के पहले जीएसबी करना है उसके बाद ग्रेड वन करना है उसके बाद छह इंच ढलाई करना है। इस तरह ढलाई से लेकर जीएसबी तक का रुपया सीधा सवेंदक का पैकिट में चला जा रहा है। वहीं जहां पीसीसी नहीं है वहां भी वगैर जीएसबी और ग्रेड वन के सवेंदक द्वारा चार इंच पीसीसी ढलाई किया जा रहा है।

हंटरगंज प्रमुख ने जिला परिषद बोर्ड की बैठक में रखी पांच महत्व पुर्ण प्रस्ताव

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : स्थित विकास भवन के सभा कक्ष में डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित जिला परिषद बोर्ड की बैठक में हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने क्षेत्र की पांच महत्वपूर्ण प्रस्तावों को रखा। राजकीय मध्य विद्यालय सलैया को छात्र एवं छात्राओं के हित को देखते हुए उच्च विद्यालय का दर्जा दिया जाए ताकि क्षेत्र के गरीब एवं असहाय बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें। प्रखंड अन्तर्गत सभी पंचायतों में नल जल योजना में संवेदक एवं विभाग की मिलिभगत से काफी अनियमितता बरती जा रही है जांच कर कार्यवाई की जाए। अस्पताल प्रबंधन समीति की बैठक प्रमुख की अध्यक्षता में होना है परंतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बिना बैठक किए ही अवैध तरीके से पैसे का निकासी कर रहे हैं। जिसे जांच कर कार्रवाई की जाय। हंटरगंज के जोरी में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का नया भवन बनकर तैयार है। फिर भी छात्राएं पुराने भवन में ही हैं।पुराना भवन कभी भी धारासाई हो सकता है और अप्रिय घटना घट सकती है। इसे नए भवन में शिफ्ट किया जाए। उप स्वास्थ केन्द्र जोरी व सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र हण्टरगंज में डॉक्टर नही रहते हैं। जिस से मरीजों को काफी परेशानी होती है। इस पर अति शीघ्र करवाई की जाए।

पंचायत स्तरीय जनता दरबार का हुआ आयोजन मुखिया ने लोगों को सुनी समस्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेतला : लातेहार उपायुक्त और बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के निर्देशानुसार बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सोमवार को पंचायत स्तरीय पंचायत सचिवालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। उसी के आलोक में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें बेतला पंचायत सचिवालय में पंचायत के मुखिया मंजू देवी, रोजगार सेवक मनोज कुमार,पूर्व मुखिया संजय सिंह समेत कई लोगो की उपस्थिति हुई जिसमें उपस्थित विभिन्न गांवों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्यायों से मुखिया ने अवगत हुए जिसमें राशन पेंशन आवास पेयजल कुप मरम्मती जीर्णोद्धार समेत राज्य सरकार के कई महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को बताने का कार्य ग्रामीणों के समक्ष किया गया। जनता दरबार में आये हुए समस्यायों को जल्द समाधान के लिए मुखिया ने लोगों को भरोसा दिलाया। मौके पर ग्राम प्रधान इदरीस अंसारी, पसंस पति विनोद यादव, जमुना सिंह, वार्ड सदस्य जमुना सिंह, दरोगा सिंह, नगिया देवी, संजय सिंह उर्फ बुटु, अख्तर हुसैन, रामनिवास पाठक, अकरम अंसारी और वेदिक सोसायटी के पंचायत कोऑर्डिनेटर भी उपस्थित थे।

गुरु पूर्णिमा पर यज्ञ व योग के साथ गुरु की महिमा पर की चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : महिला पतंजलि योग समिति की ओर से सोमवार को सामुदायिक भवन में गुरू पूर्णिमा के मौके पर हवन व योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने गुरू पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु का स्थान भगवान से भी उपर होता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि योग, यज्ञ और गुरु तीनों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। गुरु से हमें ज्ञान की प्राप्ति होती है। यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और एक अध्यात्मिकता का आभास होता है। जबकि योग से हमारा शरीर स्वस्थ्य और निरोग होता है। कार्यक्रम में दीप्ति कुमारी, कनकलता देवी, कांति सिंहा, अर्चना शुक्ला, पूनम देवी, सरस्वती देवी, मनिता देवी, मुनि देवी, रंजू देवी व अनिता देवी सहित कई महिलाएं मौजूद रही।

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त श्री अबु इमरान ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय कुन्दा पहुंच कर रहे हैं प्रखण्ड समन्वय समिति की बैठक। बैठक में की जायेगी प्रखण्ड क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्य, लाभुकों को मिलने वाले योजनाओं के लाभ समेत अन्य सभी क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा। उक्त बैठक में उपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार, बीपीओ, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित हैं।

बीडीओ के निर्देशानुसार बीसीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्र में लगे जल मीनार का निरीक्षण

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह के निर्देशानुसार पंचायत गांव के अंतर्गत गिद्धौर भाग 2 आंगनबाड़ी केंद्र (पोखर पर) एवं सरपंच टोला आंगनबाड़ी केंद्र में लगे जल मीनार का निरीक्षण करने बीसीओ सुरेश नाथ साहदेव ने सोमवार को पहुंचे। जहां लगे जल मिनार सही सलामत पाया गया।मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता सचिन कुमार जेएसएलपीएस बीपीएम अभिषेक कुमार व अन्य उपस्थित थे।

अजजा, अजा, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सभापति ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : झारखंड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सभापति लोबिन हेंब्रम की अध्यक्षता में सोमवार को परिसदन के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बैठक का उदेश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी लेना, लाभुकों को मिलने वाले लाभों की बारीकी से अध्ययन करना, योजनाओं को धरातल पर उतारने में प्रशासन की क्षमता का आकलन करते हुए और सारी स्थितियों से राज्य सरकार को अवगत कराना है।समीक्षा बैठक में क्रमवार तरीके से सभी विभागों की योजनाओं, उसके कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया।समीक्षा क्रम में सभापति द्वारा विस्तृत समीक्षा करते हुए तीन वर्षों में लातेहार जिला अन्तर्गत आवंटित मद के अनुरूप किये गये व्यय की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी लक्ष्य विभागों को सरकार द्वारा तय किया गया है उसे शत प्रतिशत ससमय पूरा करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने जिला स्तर के अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को मिलें इसका विशेष रूप से ध्यान रखें, ताकि अंतिम पायदान के अंतिम व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बंदना सभागार में सोमवार को महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ओमकार नाथ सहाय, जयंती प्रमुख फुलचंद् सिंह व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से महर्षि वेदव्यास व भगवान गणेश के समीप दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात सभी आचार्य एवं दीदी का पाँव प्रक्षालन व गुरु पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में भैया बहनों के द्वारा नृत्य गीत संगीत कविता भजन की प्रस्तुति की गई जिसे सुनकर सभी भैया बहन भाव विभोर हो गए एवं गुरु हमारे जीवन का कैसे निर्माण करते हैं उसे समझा। भगवान गणेश के रूप में सप्तम वर्ग के भैया अक्षत एवं वेदव्यास के रूप में अष्टम वर्ग के भैया हर्ष कुमार ने अपना अभिनय प्रस्तुत किया । दसवीं कक्षा के भैया जयदीप अष्टम के भैया प्रीतम कुमार षष्ट की बहन सौम्या के द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व को अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाश डाला गया, वही प्रेरणा के द्वारा भजन रूपाली के द्वारा गीता का सार भारती के द्वारा संस्कृत श्लोक व अमोली शुभांगी ग्रुप के द्वारा संस्कृत श्लोक पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की रेनू गुप्ता दीदी ने अपने भजन के द्वारा गुरु के महत्व को बताया वही रजनी नाग दीदी के द्वारा महर्षि वेदव्यास के जीवन पर प्रकाश डाला गया।वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने इस अवसर पर भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज गुरु पूर्णिमा है और हम अपने गुरुओं को याद करते हैं। महर्षि वेद व्यास द्वारा संकलित चारों वेदों को भैया बहनों को दिखाया गया और इन वेदों में किन देवताओं का वर्णन है उसके बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही 18 पुराणों को दिखाकर व महाभारत से संबंधित लघु कथा के द्वारा समाज में गुरु के महत्व को बताया गया।मौके पर लाल बहादुर राम, शशिकांत पांडे ,विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधेश्याम मिश्र, ममता देवी ,सुरेश ठाकुर नीलम अंबास्टा, अभिनय कुंभकार, रेनू गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्म प्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडे, फूलचंद सिंह ,रवि कांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा ,रविंद्र कुमार पांडे, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, श्वेता श्रीवास्तव, रजनी नाग, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी ,शिल्पा पाठक उपस्थित रहे।

गिद्धौर मुखिया ने कार्यकारिणी को लेकर किया बैठक, लोग हुए सहमत

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड पंचायत भवन में मुखिया निर्मला देवी के अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को किया गया। जहां सभी वार्ड सदस्य उपस्थित हुए। जहां पर योजनाओं का चयन किया गया। जिसमें सभी वार्ड सदस्यों एवं उप मुखिया मंजू देवी ने बदलाई। की पूर्ण बहुमत की सहमति से पंचायत के कोई भी कार्य को पारित किया जाएगा। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह बीपीओ रामकुमार सिंह पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक वार्ड सदस्य इंदरजीत दांगी, मुसाफिर कुशवाहा, प्रीति देवी, ममता देवी, रंजू देवी, रामदेव यादव, सुषमा देवी, कविता देवी सुनीता देवी, पूर्व उप मुखिया व वार्ड सदस्य पति सुरेश प्रसाद राणा उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रामगढ़/हजारीबाग
रांची, मंगलवार, 4 जुलाई 2023 | पेज 8

अल्ट्रासाउंड केंद्रों व अस्पतालों का करें औचक निरीक्षण : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट(गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के निमित्त प्रावधानों के तहत बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए

सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी एवं उन्हें जिला स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु संचालकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए वैसे संचालक जो नियमित रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं को सूचीबद्ध करने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सिविल सर्जन सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड से संबंधित ऑनलाइन तथा ऑफलाइन एंट्री का मिलान करने एवं उनमे भिन्नता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए वहीं उन्होंने अलग-अलग अस्पतालों में कार्य कर रहे चिकित्सकों की समय सारिणी के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डीआरसीएचओ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल डॉ स्वराज, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

मैलानी से पतरातू डैम टापू तक पहुंचने वाले कच्चे रास्ते को किया गया बंद

पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड पतरातु के अंतर्गत मैलानी गांव से पतरातु लेक रिजॉर्ट टापू तक आने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया। बताते चले की प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो अंचलाधिकारी शिव

शंकर पांडे को टापू में आसामाजिक तत्वों द्वारा हुड़दंगी शराब का सेवन एवं अड्डे बजे की लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसको देखते हुए अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे तथा हरिनाथ महतो ने सोमवार को मैलानी से टापू तक आने वाले कच्चे रास्ते को हमेशा हमेशा के लिए बंद कर दिया। पतरातु लेक रिजॉर्ट के टापू में दूर दराज से काफी संख्या में सैलानी घूमने फिरने पहुंचते हैं। और मेलानी के रास्ते आसामाजिक तत्व के लोग आसानी से टापू तक पहुंच जाते थे। जिससे सैलानियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। तथा आसामाजिक तत्वों से अप्रिय घटना होने की संभावना हमेशा बनी रहती थी। तथा कोई अप्रिय घटना ना हो इसको देखते हुए उस रास्ते को हमेशा हमेशा के लिए बंद कर दिया गया।

एनटीपीसी केरेडारी ने एल.एम.वी ड्राइविंग ट्रेनिंग का शुभारंभ किया

केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा नैगम समाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना प्रभावित प्रखंड के 28 व्यक्तियों को दिनांक 03.07.2023 को एल.एम.वी ड्राइविंग ट्रेनिंग का शुभारंभ किया गया। सभी 28 व्यक्तियों को ट्रेनिंग के पश्चात मोटर ड्राइविंग का लाइसेंस भी उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना प्रमुख श्री फैज तैय्यब के मार्गदर्शन में परियोजना प्रभावित प्रखंड़ों में युवकों को रोज़गार देने के उद्देश्य से यह मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग मुहैया कराई गयी है। श्री फैज ने यह भी कहा कि अब सभी युवक यही अपने राज्य-गाँव में रह कर अपना कारोबार या नौकरी कर सकते है। यह ट्रेनिंग 30 दिनों में पूर्ण की जाएगी एवं परियोजना द्वारा 2022 में भी इसी तरह 30 लोगों को लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) की ट्रेनिंग मुहैया कराई थी। इस समारोह में परियोजना के अपर महा-प्रबंधक श्री एस.पी. गुप्ता व वरिष्ठ प्रबंधक श्री आशीष कुल्लू, एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

बरही विधायक के 4 प्रतिनिधियों ने 24 घंटे के अंदर दिया इस्तीफा

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने रविवार को बरही प्रखंड के 17 विभागों के लिए अलग-अलग विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किए थे। जिसका एक पत्र अनुमंडल पदाधिकारी बरही को भी दिया गया। लेकिन सोमवार को ही अलग-अलग विभाग के चार प्रतिनिधियों ने इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों में मुख्य रूप से मनोहर कुमार यादव विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष बाल विकास विभाग, मनोज कुमार मुखिया करियातपुर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, प्रमोद सिंह स्वास्थ्य विभाग, बीना उराव आदिवासी कल्याण विभाग आदि शामिल है। उक्त जानकारी बरही प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने दी है। हालांकि इस्तीफा देने वाले सदस्यों ने कुछ अपने निजी कार्यों में व्यस्त होने का बात कही, तो किसी ने संगठन के कार्यों को मजबूत करने की बात कहीं। इधर चार विधायक प्रतिनिधियों का एक बार में इस्तीफा देने की चर्चा पूरे बरही में है।

हरी नाम जपने से दशों दिशाओं में होता है कल्याण

हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : गौरांग सेवा संस्थान इस्कोन हरे कृष्णा मंदिर की ओर से झील सेंटर में सप्ताहिक हरे कृष्णा सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। मधुर कथा कीर्तन की जाति है।इस दौरान कथा में दिव्य भगवद विषयों पर होती है चर्चाएं,जैसे ÷मैं कौन हूं÷ ÷भगवान कौन है÷,और ÷अच्छे लोग के साथ बुरा लोग क्यों होते है।÷ आदि ऐसे अनेकों अनेक विषयों पर चर्चाएं होती है जिसमें इस रविवार को बताया गया की हर एक व्यक्ति अत्यंत पीड़ादायक जन्म- मृत्यु से कैसे बचा जाए और श्रीभगवान को इस जीवन काल में कैसे प्राप्त करे। कथा के उपरांत आनंदमय कीर्तन किया गया भक्तगण भक्ति भाव से झूम उठे, अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्याम ब्रज विलास दास, उत्तानपाद दास। वही कार्यक्रम में लग्नेश प्रभु, रंजन प्रभु, नीरज प्रभु,जितेंद्र प्रभु, बीरेंद्र प्रभु, उज्जवल, आदित्य, राहुल, अनिल, नितेश, मुकेश प्रभु और अनेक माताएं,बहने उपस्थित थे।

डॉ.रजत चक्रवर्ती बनें आईएमए के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : चिकित्सक डॉ.रजत चक्रवर्ती के लिए दोहरी खुशी है। डॉक्टर्स डे के मौके पर उन्हें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड स्टेट ब्रांच द्वारा आईएमए कॉलेज ऑफ़ जेनेरिक प्रैक्टिशनर ऑफ़ झारखंड स्टेट 2023-24 के लिए आईएमए झारखंड स्टेट का अध्यक्ष बनाया गया। आईएमए की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह और सचिव प्रदीप कुमार सिन्हा ने इस संबंध में पत्र निर्गत कर इसकी वैधानिक सूचना प्रेषित किया । इधर डॉक्टर्स डे और एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में लगातर 7 वर्षों तक मेडिकल सुप्रीटेंडेंट जैसे महत्वपूर्ण पदों में रहकर सेवा देने के बाद उनके निष्ठा और ईमानदारी को देखते हुए आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने उन्हें आरोग्यम हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंप दी। हर्ष अजमेरा ने बताया की डॉ.रजत चक्रवर्ती का अनुभव मेडिकल डॉयरेक्टर के रूप में आरोग्यम हॉस्पिटल को मिलेगा तो निश्चीत रूप से आरोग्यम परिवार चिकित्सा के क्षेत्र में ज्यादा ख्याति प्राप्त करने में कारगर साबित होगा ।

महेश्वर धाम हेसला में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव बाबा का अभिषेक पूजन, हवन व भंडारे के साथ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : हेसला (मनुवां) के ग्रामीण भक्तों के द्वारा सोमवार को महेश्वर धाम शिव मंदिर के प्रांगण में बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर पूजन, अभिषेक व हवन भंडारे के साथ अनुष्ठान संपन्न किया। अवसर पर जिला हजारीबाग व रामगढ़ के कलाकारों ने 24 घंटो के अखंड कीर्तन में कृष्ण, राम, हनुमान का भेष धारण कर धार्मिक दृश्य प्रदर्शित किया। अवसर पर शंकर भक्तों ने बाबा भूतनाथ के गगनभेदी नारे लगाए। जिससे पूरा हेसला ग्राम क्षेत्र महादेव के भक्ति में रंगा हुआ दिखाई पड़ा। सभी बड़ो, छोटो ने महेश्वर धाम के पूजा स्थल पर मत्थाटेंक कर अपने परिवार व ग्रामीण क्षेत्र के

लिए सुख, शांति, समृद्धि की कामना किया। मौके पर मुख्य रूप से नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, महेश ठाकुर, दिनेश प्रजापति, जय नारायण बेदिया, प्रदीप ठाकुर, महेश प्रजापति, दिलीप भुईयां, छोटन मुंडा, छोटन मुंडा, अरविंद बेदिया, आलोक ठाकुर, सुरेंद्र प्रजापति, मोहन प्रजापति, उमेश ठाकुर, जयपाल प्रजापति, सरजू ठाकुर, मिथिलेश मुंडा, आलोक प्रजापति, शंकर ठाकुर गौतम बेदिया, शिबु प्रजापति, सुभाष ठाकुर समेत कई महिला पुरुष भक्त उपस्थित थे।

गुरु पूर्णिमा पर भामाशाह विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा गीत संगीत की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित साहू एवं संचालन प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय एवं नेहा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष अमित साहू, प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय, संरक्षक त्रिवेणी साहू ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी गुरुजनों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही गुरु की महिमा का बखान किया गया। विद्यालय के संरक्षक त्रिवेणी साहू ने उपस्थित सभी आचार्य आचार्या का उत्साहवर्धन कियाऔर भैया बहनों को उचित मार्गदर्शन किया। अमित साहू ने कहा की गुरु का सम्मान ही बच्चों के विकास का मार्ग खोलता है। भैया बहनों ने

नृत्य व गीत के माध्यम से अपने आचार्यों का आभार प्रकट किया।प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने गुरु और शिष्य के मधुर सम्बंधों को बहुत ही हृदयस्पर्शी व्याख्या किया।कार्यक्रम की अगली कड़ी में धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष अमित कुमार साहू जी ने किया। मौके पर रोहित कुमार, सुरेश साव, आचार्य मनीष कुमार सिन्हा, चंद्रमोहन मिश्रा, राजू कुमार, लिंकेश्वर राणा, जुली कुमारी, रश्मि कुमारी, नेहा मिश्रा सहित सभी आचार्य एवं आचार्या मौजूद रहीं।

सदर विधायक ने किया पतरातू बस्ती का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शहर के वार्ड संख्या 36 स्थित पतरातु में नगर निगम के 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत यहां अवस्थित प्राथमिक स्कूल के भवन को अपग्रेड करके अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाया गया है। करीब 13.5 लाख रुपए की लागत से इस निर्मित किया गया है। सोमवार को इसका विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल और स्थानीय वार्ड

पार्षद प्रतिनिधि अविनाश यादव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया । इसी परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के जर्जर भवन का विधायक मनीष जायसवाल ने निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारी से इसके जीर्णोद्धार के लिए सकारात्मक बातचित की। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी जिसमें पतरातु वासियों ने एकस्वर में के राशन लेने के लिए लाखे जाने की बाध्यता के बाबत जानकारी देते हुए यहां पीडीएस दुकान आवंटित कराने की उनसे मांग की। विधायक मनीष जायसवाल ने तत्काल इसे लेकर भी विभागीय अधिकारी डीएसओ अरविंद कुमार से सकारात्मक चर्चा भी की और लोगों को आश्वस्त किया की जल्द ही आपका पीडीएस दुकान आवंटित कराने का भरसक प्रयास करेंगे ।

गुरु पूर्णिमा पर सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्यों ने शिष्यों को दिया आशीर्वाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर सिरका के प्रांगण में सोमवार को गुरु पूर्णिमा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। अवसर पर प्राचार्य, आचार्यों, छात्र गणों ने महर्षि वेदव्यास जी के चित्र के समक्ष धूप दीप जला पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। इस दौरान विद्यालय के भैया- बहनों व आचार्य लक्ष्मी कांत यादव, आचार्य संजय कुमार व अन्यो ने विश्व गुरु महर्षि व्यास के जीवनी पर प्रकाश डाला। आचार्य मुरलीधर पाठक ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए जीवन के हर क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास करने की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य कुमार विमलेश ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को आशीर्वाद दिया। मौके पर एसवीएम के समस्त आचार्य वृंद, कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा।

पतरातू थाना गेट के समीप चला वाहन जांच अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : थाना स्थित मुख्य गेट के समीप यातायात पुलिस रामगढ़ के द्वारा सोमवार को संघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चार पहिया वाहनों से चलने वालों से बिना हेलमेट,बिना सीट बेल्ट,तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों व तीन सवार बाइक चालकों पर दंड स्वरूप कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन व ऑफलाइन चालान काटकर जुर्माना वसूल किया गया।जांच के दौरान वाहन का वैध कागजात तथा पंजीकरण प्रमाण, प्रदूषण प्रमाण पत्र,इंश्योरेंस पेपर, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की भी जांच की गई। वही जांच अभियान में मौके आरक्षी रोहित राज रत्नम,हवलदार संजय राय सहित पतरातू सशस्त्र बल शामिल रहे।

श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहें। प्लास्टिक बैग्स पर रोकथाम के लिए हर वर्ष 3 जुलाई को इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया जाता है। इस अवसर पर लोगों को प्रदूषण की समस्या और पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया। बिगड़ता पर्यावरण दुनिया के लिए खतरा बनता जा रहा है।प्लास्टिक के बैग्स डीकंपोज होने में सैकड़ों सालों का समय लगने के कारण है पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बनकर सामने आया है इसलिए लोगों

को जागरूक किया जा रहा है कि वह अपने जीवन से प्लास्टिक को निकाल फेंके।विद्यालय के बच्चों ने रामगढ़ को प्लास्टिक मुक्त बनाने की प्रतिज्ञा ली। बच्चों ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सभी ने अपने उत्साह और लगन के साथ अपने जीवन में कपड़े का थैला को लाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन नैना जयप्रकाश (11ह्लद्ध साइंस)कर रही थी और आस्था मिश्रा (11 साइंस) के द्वारा पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए भाषण दिया गया।मनजोत कौर (5) के द्वारा आज के पर्यावरण से जुड़े सुविचार प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह के द्वारा बच्चों को अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक को न इस्तेमाल करने आग्रह किया गया और उन्होंने यह भी कहा कि अगर हमारी भावी पीढ़ी मन में ठान ले कि हमें समाज में परिवर्तन लाना है तो वह होकर ही रहता है?और बच्चे ही हैं जो देश और समाज को बदल सकते हैं। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा और अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

रामगढ़ में 23 जुलाई को होगा मारवाड़ी सम्मेलन का भव्य प्रमंडलीय अधिवेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : हजारीबाग प्रमंडल मारवाड़ी सम्मेलन का प्रमंडलीय अधिवेशन आगामी रविवार दिनांक 23 जुलाई 2023 को पुनीत एवं धार्मिक स्थल सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिके की नगरी रामगढ़ के मारवाड़ी धर्मशाला भवन गोला रोड, चट्टी बाजार रामगढ़ में जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में होना सुनिश्चित हुआ है। उक्त प्रमंडल में हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, चतरा जिला के सभी माननीय सदस्यगण सहित सादर आमंत्रित हैं। इसके अलावा अधिवेशन में रामगढ़ जिला के मारवाड़ी समाज के अंतर्गत आने वाले सभी समाज एवं

समाज द्वारा संचालित संस्थाओं के अध्यक्ष मंत्री एवं प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।उक्त निर्णय दिनांक 2 जुलाई 2023 को रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक मैं लिया गया। बैठक रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष महावीर अग्रवाल की अध्यक्षता में स्थानीय थाना चौक स्थित शिवम इन होटल में आयोजित की गई थी ।बैठक में चर्चा करने के उपरांत निर्णय लिया गया कि 23 जुलाई को हजारीबाग प्रमंडल मारवाड़ी सम्मेलन का प्रमंडलीय अधिवेशन का आयोजन रामगढ़ जिला में किया जाएगा । 23 जुलाई के प्रमंडलीय अधिवेशन के संबंध में 4 जुलाई 23 को मारवाड़ी धर्मशाला में बैठक करने का निर्णय लिया गया उक्त बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि रामगढ़ में आयोजित होने वाले प्रमंडलीय अधिवेशन में रामगढ़ जिला में मारवाड़ी समाज के अंतर्गत आने वाले सभी समाज एवं समाज द्वारा संचालित संस्थाओं के अध्यक्ष मंत्री एवं प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया की अधिवेशन से पूर्व 22 जुलाई को शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया जाएगा । कार्यकारिणी बैठक में मुख्य रूप से प्रमंडलीय मंत्री विमल बुधिया, जिला अध्यक्ष महावीर अग्रवाल , महामंत्री प्रकाश पटवारी संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार शर्मा व अजय अग्रवाल सुभाष कुमार अग्रवाल गोपाल शर्मा आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे ।उक्त जानकारी रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सचिव प्रकाश पटवारी ने दी है

महिला से चैन छिनतई के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ के शनिचरी बाजार हाट बाजार में के पास एक महिला से चैन छिंताई और पंचवटी के समीप एक महिला से चैन छिंताई के मामले में रामगढ़ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी ने दोनों घटना की स्वीकृति पर आरोपी को जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत में लगातार बाइक चोरी और चैन छिंताई की घटना हो रही थी उसी क्रम में पुलिस ने वाहन जांच क्रम में एक युवक को जांच के लिए रोका तो वह बाइक छोड़कर भागने लगा पुलिस ने उसे जब दौड़कर पकडा और जांच में उसके जेब से सोने का चैन प्राप्त हुआ पुलिस ने उसकी कागजात मांगे तो वह देने में असमर्थ हुआ उसके बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए रामगढ थाना लाया गया तो उसने दोनों घटना की स्वीकृति दी कि मेरे द्वारा किया गया यह युवक की पहचान गोरियारी बागी निवासी निकेत कुमार के रूप में हुई। पूछताछ में पुलिस के समक्ष दोनों घटनाओं को उसने माना कि मेरे द्वारा किया गया है जांच के उपरांत आरोपी निकेत कुमार को कांड संख्या 163 के तहत जेल भेजा गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

रांची में मदीरा लाउंज एंड बार का हुआ भव्य शुभारंभ

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): राजधानी के हरमू , अरगोरा में रविवार को मदीरा लाउंज एंड बार का भव्य शुभारंभ किया गया। इस लाउंज एंड बार की शुरुआत मदिरा लाउंज एंड बार के संचालक अभिषेक आनंद व व्यवसाई राहुल राज द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने मदीरा लाउंज एंड बार के सभी कर्मचारियों को अपनी सुभकामनाएँ दी और कहा कि रांची में लोगों के खाने - पीने के लिए यह उपयुक्त स्थान साबित होगा। अपने सम्बोधन में मदिरा लाउंज एंड बार के संचालक अभिषेक आनंद ने बताया कि मदिरा लाउंज एंड बार रांची का एकमात्र ऐसा ब्रांड है जिसकी शाखा विदेशो में है। इस बार में 15 जुलाई तक सारे ग्राहकों को बीस प्रतिशत तक सभी सर्विसेज पर छूट दी जाएगी। यह लाउंज एंड बार सभी तरह के ग्राहकों का ख्याल रखने हुए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यहाँ पर वेस्टर्न कल्चर्स की सारी डिसेज के साथ विभिन्न वेरायटीज की ड्रिंक्स उपलब्ध है। इस लाउंज एंड बार की एक अलग ही पहचान है जिसकी सारी सर्विसेज ग्राहकों को लुभा देगी। यहाँ पर भव्य पार्किंग के साथ ही अन्य सभी तरह की सुविधाए ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। कार्यक्रम में गायक एनी सिंह की टीम द्वारा लाइव परफॉरमेंस दिया गया जिसका शहरवासिओं ने जमकर लुत्फ़ उठाया।

सहारा एवं सोसाइटीज ने निवेशकर्ताओं को तथ्यों से अवगत कराया

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): सहारा एवं सोसाइटीज़ ने एक वक्तव्य जारी कर निवेशकर्त्ताओं को अवगत कराया कि झारखण्ड राज्य में 03 सोसाइटी कार्यरत हैं, जिनका नाम सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड एवं सहारयन यूनिवर्सल मल्टीपरपज़ को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड है। उक्त तीनों सोसाइटी सेन्ट्रल रजिस्ट्रार ऑफ़ को-ऑपरेटिव सोसाइटीज़ कृषि मंत्रालय (वर्तमान में सहकारिता मंत्रालय) भारत सरकार में पंजीकृत हैं। सोसाइटीज़ ने अपने सदस्यों से जमा ली गयी धनराशि को अधिकतम लाभ के उद्देश्य से सहारा ग्रुप की कम्पनियों ऐम्बी वैली लिमिटेड एवं ब्रिंग ऐम्बी सिटी डेवलपर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (कम्पनी की परियोजनाओं) में मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटीज़ एक्ट 2002 के प्रावधानों तथा सेन्ट्रल रजिस्ट्रार ऑफ़ को-ऑपरेटिव सोसाइटीज नई दिल्ली द्वारा रजिस्टर्ड उक्त सोसाइटी के उपनियमों में प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप निवेशित किया है। निवेश प्राप्त कम्पनी सहारा ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज़ की परिधि में आती है उक्त दोनों कम्पनियों पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 21.11.2013 के संदर्भ में सहारा ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज़ की चल-अचल सम्पत्तियों के हस्तान्तरण/व्ययन पर अनुमति न होने तदोपरान्त संशोधित आदेश दिनांक 03.08.2016 के संदर्भ में अचल सम्पत्तियों के विक्रय करने की अनुमति होने पर भी सम्पतियों को बेचकर/गिरवी रखकर अथवा किसी अन्य व्यवस्था से प्राप्त धनराशि को सहारा-सेबी एकाउन्ट में जमा करने के सम्बन्ध में आदेश दिया है । सहारा प्रबन्धन एवं सोसाइटी प्रबन्धन द्वारा समय-समय पर अपनी इन परिस्थितियों को सभी सम्मानित जन प्रतिनिधियों, सम्मानित प्रशासनिक अधिकारियां, सम्मानित पुलिस अधिकारियों एवं अपने सम्मानित निवेशकों को पत्र एवं समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जाता रहा है।

सांसद ने अरगड्डा महाप्रबंधक को छोटका व मंझलाचुम्बा में डीप बोरिंग लगाने की अनुशंसा की

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): सांसद हजारीबाग जयंत सिन्हा के द्वारा सीसीएल अरगड्डा महाप्रबंधक को अनुशंसा पत्र भेजा गया हैं। जिसमें सीएसआर के तहत छोटका चुम्बा में बिरसा स्मृति कल्याण ट्रस्ट कार्यालय के समीप मशीन सहित डीप बोरिंग व मंझलाचुंबा के चांदनी चौक में भी मशीन सहित डीप बोरिंग लगाने के बारे में कहा गया। बतादें कि इससे पूर्व भाजपा एससी मोर्चा के जिला रामगढ़ उपाध्यक्ष प्रेम रविदास ने बीते 21 जून को समस्याओं को लेकर सांसद को पत्र सौंपा था।

उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विद्यालयों में नामांकन, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बरही थाना के गश्तीदल के पुलिस के द्वारा मारपीट में पत्रकार घायल, रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही (हजारीबाग): रविवार रात्रि बरही में एक पत्रकार के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है की बरही थाना के गश्तीदल की पुलिस ने बरही के पत्रकार सोमनाथ ठाकुर के साथ मारपीट की। जिसमें पुलिस की मार से सोमनाथ के सर पर गंभीर चोट आई है, उसके माथे से काफी खून भी निकला है। मारपीट के दौरान मौजूद लोगो ने पत्रकार सोमनाथ ठाकुर को किसी तरह बरही अनुमंडलीय अस्पताल में लाया, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं घायल पत्रकार ने बताया

की गश्ती दल की पुलिस वाले बरही चौक के समीप एक युवक को बुरी तरह मार रहे थे, वह अपना पत्रकार का परिचय देते हुए पुलिस वालों से बस इतना पूछा कि युवक को क्यों मार रहे है, इसपर गश्तीदल वाले उसे ही पीटने लगे। पीटते हुए यह बोल रहे थे आया है बड़ा पत्रकार बनने। वहीं पत्रकार के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर मंगलवार को स्थानीय पत्रकारों की एक बैठक हुई। मार पीट की घटना की घोर निंदा की गई। दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध शीघ्र उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। बैठक के बाद कार्रवाई की मांग को लेकर पत्रकारों का जत्था बरही थाना गए। थाना प्रभारी थाना में मौजूद नही थे, जिसके कारण उपस्थित पुलिस अधिकारियों के समक्ष पत्रकारों ने इस पुलिसिया अत्यचार के प्रति रोष व्यक्त किया। पत्रकारों ने चेताया है कि दोषी पुलिसकर्मियों को बचाने की कोशिश होगी तो बरही अनुमंडल पत्रकार परिषद आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर पत्रकार जावेद इस्लाम, श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, अजय ठाकुर, शशि शेखर, राजदेव गुप्ता, बीरेंद्र शर्मा, प्रभाकर पाठक, आनंद प्रधान, किशोर राणा, अनुज सोनी, कृष्णा यादव, बिपिन बिहारी पांडे, रितेश कुमार, सुरेंद्र निषाद, अनुज यादव, पंकज कुमार, रौशन कुमार, योगेंद्र प्रजापति, राजेश केशरी, सुजीत प्रधान आदि मौजूद थे।

बरकाकाना एरिया इलाकाई कमिटी बनाई गई

हाजी ताहिर बने अध्यक्ष और सचिव प्रो शाहनवाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : बरकाकाना एरिया के सभी गांवों के अंजुमनों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों, मुहर्रम के लाईसेंसधारियो और प्रबुद्ध लोगों की एक अहम बैठक मदरसा अहले सुन्नत नुरुल इस्लाम, अंसाराबाद दुर्गी, नयानगर बरकाकाना में हुवी। बैठक की सदारत हाजी मो खलील ने की और संचालन प्रो शाहनवाज खान ने किया। बैठक की शुरूआत कुरान पाक की तिलावत से की गई। मुहर्रम और अन्य त्योहारों को सामूहिक रूप में मनाने की जरूरत को देखते हुवे एक कमिटी गठन की गई। सरपरस्त हाजी मो खलील (दुर्गी) को बनाया गया। सदर हाजी ताहिर हुसैन (घुटुवा), सेक्रेटरी प्रो शाहनवाज खान (बरकाकाना), खजांची नसीम अख्तर, नाएब सदर कयामुद्दीन अंसारी (पीरी) और अब्दुल बारीक (दुर्गी), नाएब सेक्रेटरी हयात अहमद(केलहुवा पतरा) और आजाद अंसारी (मसमोहना) को बनाया गया। इसके अलावा एरिया के सभी गांवों के अंजुमनों के सदर सेक्रेटरी और मुहर्रम के लाईसेंसधारी इस कमिटी के पदेन सदस्य होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से अब्दुल कय्यूम, अब्दुल बारीक, मो रुस्तम, इकबाल खान, नसीम अख्तर, आफताब आलम, फखरुद्दीन शाह, मो सगीर, अमजद अंसारी, तय्यब अंसारी, मो असलम, गुलाम रब्बानी, मुस्लिम अंसारी, तफसीर अहमद, मो इस्तियाक शामिल थे।

एनटीपीसी ने प्राथमिक उपचार मुहैया कराने के लिए कोर्स लांच किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा प्राथमिक उपचार मुहैया कराने के लिए कोर्स लांच किया गया है। ढेंगा स्थिति इडीसी बिल्डिंग में यह कोर्स संचालित की जाएगी जहां पर प्रतिभागियों को थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल करवाई जाएगी। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह को भारतीय खान महान निदेशालय के द्वारा कुछ दिन पहले ही प्राथमिक उपचार मुहैया कराने की ट्रेनिंग देने के लिए सर्टिफिकेट दिया गया है। इस सर्टिफिकेट के मिल जाने के बाद से ही चिकित्सा विभाग के द्वारा पूरी कोर्स की रूपरेखा तैयार की गई और उसे एक मैनुअल का शक्ल दिया गया। मैनुअल तैयार हो जाने के साथ ही पहले बैच के छात्रों के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ कर दी गई है। इस मौके पर एलए एवं आरएनआर विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी, मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना, सेफ्टी विभाग के डीजीएम राजेंद्र प्रसाद, पकरी बरवाडीह चिकित्सा विभाग के चीफ मेडिकल ऑफिसर कबिर प्रधान मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने मैनुअल का लोकार्पण कर पहले बैच के छात्रों को संबोधित किया। सभी अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि प्राथमिक उपचार मुहैया कराने के लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था यहां ना होने की वजह से कर्मचारियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था।

मो तौकीर रजा को वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रतिनिधि मनोनित किए जाने पर किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता मो तौकीर को विधायक उमाशंकर अकेला ने बीते दिन वन एवं पर्यावरण का संरक्षण के तौर पर विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया था। जिसको लेकर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कयूम ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कयूम ने कहा की वन का मानव जीवन के लिए प्रकृति का एक अमूल्य उपहार है। वन जलवायु और जन जीवन दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण है। जिसका संरक्षण करना हमारा परम कर्तव्य है। वहीं मो तौकीर ने कहा की जिस उम्मीद के साथ विधायक उमाशंकर

अकेला ने मुझे वन एवं पर्यावरण संरक्षण का जिम्मेदारी दी है। मैं उस उम्मीद पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया नासिक अंसारी, मो सलामत, अख्तर अंसारी एवं मुस्तफा अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, राँची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 24/23–24

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 11/07/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 12/07/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 12/07/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

क0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	रिम्स रॉची के Poison Information and Toxicology Centre में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य।	2,44,953=00	5,000=00	500=00	14 दिन
2.	रिम्स रॉची के Pedodontics & Preventive Dentistry & विभाग में 16 अदद पावर सॉकेट एवं नवनिर्मित Oral pathology, Microbiology Laboratory मे पावर प्वाईट एवं टयूब लाईट के अधिष्ठापन का कार्य।	6,99,434=00	14,000=00	1250=00	28 दिन

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

PR 301264 Energy (23-24)_D

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़

रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122,
ई-मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in

निविदा में संशोधन से संबंधित सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 305/2023–24 का संशोधित तिथि जो PR 300650 Road (23-24)D द्वारा प्रकाशित की गई थी, में निम्न प्रकार पुनः संशोधन किया जाता है।

क्र० सं०	विवरणी	पूर्व में प्रकाशित	संशोधित
1.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	05.07.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न	17.07.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न
2.	प्री–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय	11.07.2023 11:30 बजे पूर्वाह्न	24.07.2023 11:30 बजे पूर्वाह्न
3.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	21.07.2023 12:00 बजे दिन तक	01.08.2023 12:00 बजे दिन तक

➢ निविदा की अन्य शर्ते वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
➢ पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को UCAN से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
➢ निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
PR301272 (Road)23-24*D प०नि०वि० पथ प्रमण्डल रामगढ़

e-Procurement Cell
Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department, Chotanagpur Circle,
Line Tank Road, Ranchi

e-Procurement Notice
(Very Shorty Notice)

Tender Ref. No.-BCD/SECNC/17/Building Div. No.-1, Ranchi/2023-24-Date:03.07.2023

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Renovation of Main Building Ground Floor, First Floor Water Proof Treatment, Barrack and Boundary Wall in the Campus of Chief Justice Residence, Ranchi (High Court Pool) For the Year 2023-24	Rs. 84,91,600.00	6 Months
i	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	08-07-2023	
ii	बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	13-07-2023 को अपराह्न 3:00 बजे	
iii	हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय	14-07-2023 को दोपहर 12:00 बजे तक	
iv	निविदा खोलने की तिथि/समय	14-07-2023 को अपराह्न 3:00 बजे	
v	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi-834001	
vi	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9801305638/8987663716	
vii	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651-3530790	

• इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.

Nodal Officer,
e-Procurement Cell, Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Ranchi.

PR.NO.301271 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (23-24):D

e- Procurement Cell
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI,COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT,JHARKHAND, RANCHI

Notice Inviting Tender
(Very Short Notice)
ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (3rd call)

Tender Reference No.-(12)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ,DIV/2023-24 Date:-03-07-2023

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Construction Of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit High School Sanda Under Block Hussainabad.	रू0 54,19,400.00	03 महीने
i.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	08-07-2023	
ii.	बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	13-07-2023 को अपराह्न 3.00 बजे	
iii.	हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय	14-07-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक	
iv.	निविदा खोलने की तिथि/ समय	14-07-2023 को अपराह्न 3.00 बजे	
v.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।	
vi.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9431105183/8987663716	
vii.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651-3512691	

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI,COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 301268 Building Dept Circle - 2(23-24).D

कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार।

सूचना

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा संख्या–13/2023–24 प्रकाशित करायी गयी थी जिसका PR. No 300779 Rural Development (23-24)D है। उक्त आमंत्रित निविदा को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

जिला अभियंता,
लातेहार।

PR 301230 Rural Development(23-24)D

कार्यालय महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग।
(कैम्प कार्यालय, कोडरमा)

सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत इच्छुक आवेदकों/आवेदिकाओं को सूचित किया जाता है कि जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग (कैम्प कार्यालय, कोडरमा) के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) संचालित किया जाता है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) योजना के अन्तर्गत बेरोजगार युवक एवं युवतियों को जिनकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष है उन्हें प्रस्तावित विनिर्माण/सेवा क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने हेतु रू0 50.00 लाख/20.00 लाख की परियोजना राशि पर वित्तीय अनुदान का प्रावधान निर्दिष्ट है :–

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के अन्तर्गत आवेदकों की श्रेणी	आवेदक द्वारा अंशदान	वित्तीय अनुदान की दर (परियोजना लागत में)	
		शहरी	ग्रामीण
सामान्य	10%	15%	25%
विशेष श्रेणी (अनु0जाति/अनु0 जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/महिला/पूर्व सैनिक/शारीरिक रूप से विकलांग) आदि	05%	25%	35%

आवेदन देने हेतु पात्रता

(1) शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आठवाँ पास
(2) पासपोर्ट साईज फोटो
(3) आधार कार्ड
(4) जाति प्रमाण–पत्र सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत
(5) योजना से संबंधित परियोजना प्रतिवेदन
(6) ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुखिया द्वारा निर्गत ग्रामीण प्रमाण–पत्र

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) से संबंधित सभी आवेदन–पत्र www.kviconline.gov.in/pmegpeportal द्वारा ऑनलाइन किये जाने का प्रावधान है।

उक्त योजनाओं से संबंधित आवेदनों की जाँच एवं तदोपरान्त बैंक शाखाओं को अग्रसारित करने के लिए सभी कार्यों का निष्पादन जिला उद्योग केन्द्र, कैम्प कार्यालय, कोडरमा से किया जाता है। साथ ही योजनाओं की विस्तृत जानकारी जिला उद्योग केन्द्र, कैम्प कार्यालय, कोडरमा से प्राप्त की जा सकती है एवं किसी भी समस्या/ सुझाव हेतु आवेदक कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करें।

आदेशानुसार
महाप्रबन्धक
जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग।

PR 301275 (Industries) 23-24 (D)

OFFICE OF THE ELECTRICAL EXECUTIVE ENGINEER
ELECTRIC WROKS DIVISION, RANCHI
Energy Department, Govt of Jharkhand.

Very Short Notice Inviting e-quotation
Notice No-Energy/EWD/Ranchi/23/23-24

Quotation through e-tender are invited for rate of Item/materials annexed as Annexure-1 for framing estimate from Reputed Manufacturers/ authorize agency/ Departmental registered contractor. The Item/Material Rate conforming to specifications shall be submitted online in the website Https://Jharkhandtenders.gov.in. Details are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate online from 08/07/2023 at 11:00 hrs. to 13/07/2023 at 14:00 hrs. The quotation will be opened on 14/07/2022 at -14:00 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Item/Material Rate at par with lowest market rate for framing of Estimate.

Electrical Executive Engineer
Electric Works Division, Ranchi.

PR 301261Energy(23-24)#D

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

Retender
e-Procurement Notice No. 09 / 2023-24

Letter No.- CE/3403/719 Date: 03/07/2023

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

Sl. No.	Tender Reference No.	Name of Work	Approximate value of work (in Rs.)	Cost of BOQ (in Rs.)	Earnest Money Deposit (in Rs.)	Period of Completion	For	Type of Bid
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	JPHCL/GR 01/NIT 09/2023-24	Residual work of Community Hall and Road & Drain (Campus of C) at Jamtara Police Line in the district of Jamtara	44140094.00	10000.00	442000.00	300 Days	Contractors registered / interested in registration	Item rate/ SBD
2	JPHCL/GR 02/NIT 09/2023-24	Construction of Fortified Police Station Building at Sariyahat in the district of Dumka	23064012.00	10000.00	462000.00	365 Days	Only registered Contractors	Percentage rate/F2

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 07.07.2023 at 11:00 AM to 20.07.2023 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 20.07.2023. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 21.07.2023. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 24.07.2023.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

चोंगाखार पंचायत में भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के

द्वारा प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत में हर घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया । आपको बता दें की भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी भरकट्टा मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा हर पंचायत के प्रत्येक गांव के हर घर तक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत भाजपा मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार राय, आजाद तुरी एवं विनोद सिंह की अगुवाई में घर घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया और इस 9 साल के दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से लोगों के बीच रखा गया। वहीं दूसरी और लगातार पांचवें दिन भाजपा नेता विक्रम तर्वे ने पेशम पंचायत के ग्राम नगलो, कुरूवाटांड, खेसरो, खरीयोडीह इत्यादि गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर किशोरी दास, महादेव महतो, सूदन सिंह, गुरुदेव वर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर ने धनबाद में अपनी पहली एडवांस्ड डायगनोस्टिक लैबोरेटरी शुरू की

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : भारत में अग्रणी डायग्नोस्टिक सेवा

प्रदाता मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड ने झारखंड के धनबाद में एक उन्नत डायग्नोस्टिक परीक्षण केंद्र के शुभारंभ की घोषणा की। लैबोरेटरी में त्वरित समय और उच्च गुणवत्ता वाली रिपोर्ट के साथ प्रतिदिन 450 से अधिक परीक्षण करने की क्षमता है। अपने अस्पताल के परिसर में बिल्कुल नई प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए, संगीता हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ. संजीत किशोर करण और डॉ. संगीता करण ने कहा कि हम हमारे साथ सहयोग करने और धनबाद में मरीजों की सेवा करने के लिए अपने अस्पताल में मेट्रोपोलिस के नए और उन्नत डायग्नोस्टिक सेंटर का स्वागत करते हैं। जैसे-जैसे लोग अपने स्वास्थ्य और जांच के प्रति अधिक जागरूक हो रहे हैं, किसी भी बीमारी के बाद के चरणों की जटिलताओं से बचने के लिए समय पर बचाव भी उतना ही महत्वपूर्ण है, और शहर में ऐसी प्रतिष्ठित नेशनल डायग्नोस्टिक चेन का मौजूद होना आश्वस्त करने वाला है। इसके साथ, हम शहर के नागरिकों से नियमित आधार पर अपने और अपने परिवार के लिए आवश्यक परीक्षण करवाने का आग्रह करते हैं। मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुरेंद्रन चेमेनकोट्टिल ने कहा की ÷नई लैब का लॉन्च देश भर के टियर 2 और टियर 3 शहरों में हमारी विश्व स्तरीय डायग्नोस्टिक सेवाओं को बढ़ाने के हमारे मिशन के अनुरूप है। धनबाद में हमारी उपस्थिति शहर के लिए अच्छे स्वास्थ्य का उपहार होगी। बदलाव के समय, सटीकता और स्मार्ट रिपोर्टिंग के माध्यम से, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लोगों और अंततः समाज को उत्तम तरीके से स्वस्थ बनाने में सहायता करता है।

असर्फी हॉस्पीटल में प्वाइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड कार्यशाला का आयोजन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : असर्फी हॉस्पीटल में आईएपी

धनबाद की ओर से गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए प्वाइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड (पीओसीयूएस) कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं और बच्चों में पॉइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड (पीओसीयूएस) के उपयोग के लिए दिशानिर्देश प्रदान करना है।

पॉइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड (पीओसीयूएस) क्रिटिकल केयर में एक आवश्यक उपकरण है, जो नए युग का स्टेथोस्कोप कहा जाता है। इसमें प्रक्रियाओं में सहायता करने, बीमारियों का मूल्यांकन करने और चिकित्सीय प्रतिक्रियाओं का आकलन करने के लिए गैर-रेडियोलॉजी या गैर-कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों द्वारा वास्तविक समय में की गई कोई भी अल्ट्रासाउंड प्रक्रिया शामिल है। इसके दायरे में हृदय, फेफड़े, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और इंट्राक्रैनियल पैथोलॉजी का बेडसाइड मूल्यांकन शामिल है।

पीओसीयूएस कार्यशाला का सफल आयोजन डॉ. नित्यानंद, डॉ. अविनाश कुमार एवं डॉ. शशांक शेखर द्वारा किया गया। गेस्ट फैकल्टी डॉ. अविनाश, डॉ. किरण शंकर दास और डॉ. एस रोहित थे। इस कार्यशाला को सफल बनाने में असर्फी हॉस्पीटल के नवजाज एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर ने महत्वपुर्ण योगदान दियें। इस कार्यशाला में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह और देवघर के 26 शिशु रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया।

नदी में बहे तीन युवकों में से एक तैर कर निकला बाहर, दो का शव बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह जिले के उसरी नदी की तेज बहाव में रविवार देर रात तीन युवक बह गए। तीन में से एक युवक तैर कर बाहर निकल आया लेकिन दो युवक लापता हैं. यह घटना गिरिडीह शहर के बरगंडा के पुराने पुल निर्माणाधीन के समीप की है। घटना के बाद से इलाके में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न है। बताया जाता है कि रविवार की रात को हजारीबाग के तीन युवक आनंद चौरसिया, मनीष मेहता व शंकर कुमार मेहता बेंगाबाद से वापस अपने घर की और लौट रहे थे.

कैसे हुआ घटना :- तीनों बाइक पर सवार थे और गूगल मैप का सहारा लेकर चल रहे थे. गिरिडीह कॉलेज के बाद मैप ने दो रास्ता दिखाया तो ये लोग पुराने पुल की तरफ आ गए, जिसका निर्माण कार्य चल रहा है यहां आते ही तीनों को रास्ता नहीं दिखा। ऐसे में सबसे पहले शंकर बाइक से उतर कर नदी की धार को नापने की कोशिश करने लगा और इसी क्रम में वह बह गया। शंकर को बहता देख उसके दोनों साथी आनंद और मनीष भी नदी में उतर गए। दोनों शंकर को खोजने लगे लेकिन तेज धार ने इन दोनों को भी बहाना शुरू कर दिया। शंकर तो तैर कर बाहर निकल गया लेकिन मनीष तथा आनंद का कुछ भी पता नहीं चल सका। शंकर के मुताबिक दोनों पानी में गुम हो गया। शंकर के मुताबिक जब वह पानी में गुम हो गया तो मनीष तथा आनंद ने एक बार खोज लिया था तीनों एक बार मिले भी लेकिन धार ने फिर से दोनों को बहा दिया। उसने अपने दोनों दोस्तों को काफी खोजा पर पता नहीं चला। वह तैर कर बाहर निकलने में कामयाब रहा। वही जानकारी मिलने पर सोमवार सुबह खंडोली के गोताखोर खोजबीन में जुटे गए। वही घटना की जानकारी नगर थाना प्रभारी रामनारायण चौधरी व मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली और वरीय पदाधिकारी को मामले से अवगत कराते हुए खंडोली से गोताखोर की टीम को बुलाया गया टीम दोनों की तलाश के दौरान अरगाघाट के पास आनंद कुमार का शव बरामद किया गया वही दूसरे शव नदी के किनारे स बरामद हुआ । प्रशासन द्वारा दोनो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर सूचना पर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा,बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव, समेत कई नेता पहुचे ।

पानी की समस्या को लेकर लोगों ने झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग को किया जाम

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : विगत डेढ़ माह से पानी की समस्या से जूझ रहे डिगवाडीह माझी बस्ती एवं डिगवाडीह 12 नंबर के लोगों ने झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग को घंटो जाम कर माडा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध कर रहे लोगों ने कहा कि करीब डेढ़ माह से पानी की समस्या से जूझ रहे है। कई बार माडा के अधिकारियों को सूचना दिया गया लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला। हमेशा अधिकारियों का कहना है की कल से सुचारू रूप से जलापूर्ति बहाल हो जाएगा लेकिन आज डेढ़ माह हो गया लेकिन पानी नहीं मिला जिससे परेशान लोगों ने झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पाकर जोरापोखर पुलिस सड़क जाम स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क जाम को हटाया। पुलिस ने कहा कि माडा के एसडीओ से वार्ता की जाएगी। वही ग्रामीणों का कहना है कि अगर सुचारू रूप से पानी नहीं मिला तो पुनः हम लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।

उसरी पुराना पुल के नीचे लड़के का बहना जांच का विषय है : राजेश

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिडीह ज़िले में रविवार को देर रात को निर्माणधीन उसरी में तीन व्यक्ति डूब गए। वही एक बाहर निकल गए दो लापता हो गए। इधर माले नेता राजेश सिंहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पुल यदि बना रहता तो हादसा नहीं होता आठ साल से पुल टूटा है,बड़ा हादसा नहीं हो आगे इसलिए प्रशासन भी कुछ ठोस उपाय ले। रात में तीन का बहना एक का बचाने जाना उसका मोबाईल नही भींगना बड़ा मामला लगता है, जांच जरूरी है,लापरवाही में भी हुई हादसा तो भी यदि बेरिकेटिंग दोनो साईड होता तो,ऐसी घटना नहीं होती। उन्होंने कहा कि बांस वाला पुल पांच छ महीने ठीक काम किया है। अब बरसात में हो सकता है बड़ा हादसा,बच्चे बुजुर्ग उसी से गुजरते है,प्रशासन और प्रतिनिधि जल्द कुछ ठोस उपाय करें। उन्होंने कहा कि एक साल दो महीने पहले माले ने लोकल लोगो को लेकर जोरदार आंदोलन किया था, माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा लगभग आठ साल से पुल टूटा हुआ है, 2019 में बीजेपी शिलान्यास का नाटक भी किया था, उसके बाद सरकार चली गई बीजेपी की नई सरकार आई जेएमएम, जेएमएम को 2019 में ही बनवाना शुरू करना चाहिए था,लेकिन 2022 में काम शुरू हुआ वह भी माले के आंदोलन से हुआ काम स्टार्ट, पुल बनाने में समय लगता है 2023 में पुल बन जाने की संभावना है,लेकिन तब तक दोनो साईड से बेरिकेटिंग लगाना जरूरी है, बास का पुल अब बरसात में हादसा को दावात दे रहा है, इसपर भी गंभीरता पूर्वक विचार की जरूरत है।

रेलवे ने बेरहमी से चलाया बुलडोजर, सैकड़ों दुकानें तोड़ी गई

जनप्रतिनिधियों के खिलाफ दुकानदारों मे ंआक्रोश

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : रेलवे कॉरिडोर निर्माण को लेकर सोमवार को रेलवे के धनबाद डिवीजन के अधिकारियों की उपस्थिति में धनबाद के भूली मोड़ रेलवे लाइन के समीप लगभग 100 दुकानों को जेसीबी से तोड़ दिया गया। इस दौरान काफी संख्या में आरपीएफ के महिला-पुरुष जवान तैनात थे। पहले तो लोगों ने कुछ दिनों की मोहलत मांगी, लेकिन रेलवे के टस से मस न होने पर आनन-फानन में दुकानों से सामानों को बाहर निकालने लगे। दुकानों को टूटता देख अन्य लोग भी अपने- अपने दुकानों से सामान निकालने लगे। लगभग सामान लोग निकाल चुके थे। रेल प्रशासन ने लगभग 30 मीटर तक की जगह से अतिक्रमण मुक्त किया। यह कार्रवाई लगभग साढ़े छह घंटों तक चली.

अस्सी साल से रह रहे थे लोग, तीन घंटे में उजाड़ दिया गया

आशियाना :- भूली मोड़ रेलवे लाइन के समीप दुकानदारों का गुस्सा व गम चेहरे पर साफ झलक रहा था। लगभग अस्सी वर्षो से दुकान चला रहे लोगों ने कभी नहीं सोचा था कि यह दिन भी देखना पड़ेगा। दुकानों को टूटते देख लोगों के आंखों से आंसू निकल रहे थे। लोगों का नेताओं के प्रति गुस्सा भी स्पष्ट तौर पर झलक रहा था। रेल प्रबंधन की कार्रवाई से पहले दुकानदारों ने सांसद पीएन सिंह व विधायक राज सिन्हा से दुकानों को न तोड़ने एवं कुछ समय दिलवाने की बात कही थी, जिसके बाद सांसद ने डीआरएम से बात कर दुकानदारों को 15 जुलाई तक का समय दिलवाया, लेकिन आधे घंटे के अंदर ही रेल प्रशासन ने अतिक्रमण हटा दिया और दुकानों को तोड़ना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि यदि शुरू में ही यह साफ हो जाता कि अतिक्रमण हटेगा तो उस अनुरूप लोग अपनी दुकानें खाली कर लेते।

पाइप के क्षतिग्रस्त होने से झरिया में नहीं हुई जलापूर्ति, लोग परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : जामाडोबा जल संयंत्र से झरिया जलमीनार जाने वाली 30 इंच की मुख्य जलापूर्ति पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने से सोमवार को झरिया शहर व इसके आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति नहीं हुई। कोयलांचल के लगभग चार लाख लोगों को पानी नहीं मिलने से हाहाकार मचा है। झमाडा प्रबंधन की लापरवाही से झरिया वासियों में काफी आक्रोश है। वहीं कनीय अभियंता आशुतोष राणा का कहना है कि जलापूर्ति पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने से झरिया में पानी की आपूर्ति बाधित रही। झमाडा के कर्मी और असंगठित मजदूर जलापूर्ति पाइप की मरम्मत में जुटे हैं।

मंगलवार को जलापूर्ति सामान्य हो जाएगी। मरम्मत का कार्य कर रहे झमाडा व अन्य कर्मियों का कहना है कि 30 इंच की झरिया जलापूर्ति पाइप के जॉइंट से शीशा निकल गया है। इसके बाद पानी बहने लगा। पानी झरिया जलमीनार तक नहीं जा सका। इस कारण समस्या हुई। कनीय अभियंता आशुतोष राणा की देखरेख में मरम्मत कार्य किया जा रहा है। सामान्य जलापूर्ति मंगलवार की सुबह से हो जाएगी। इसके बाद झरिया वासियों को पानी की सप्लाई की जा सकती है। झरिया में जल संकट से लाखों लोग काफी परेशान हैं। झमाडा की ओर से जामाडोबा जल संयंत्र की सही से देखभाल नहीं होने के कारण ही ऐसा होता है। परेशानी झरिया के लाखों लोगों को होती है। इससे लोगों में आक्रोश है। वहीं जामाडोबा जल संयंत्र के कनीय अभियंता का कहना है कि सोमवार को झरिया जलमीनार की मुख्य जलापूर्ति पाइप में लीकेज की मरम्मत में जुटे हुए हैं। स्थाई समाधान के लिए पूरी तरह जलापूर्ति पाइप के जॉइंट के पास शीशा से पेकिंग की जा रही है। मंगलवार से झरिया में पेयजल की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

छाताबाद केलुडीह में जो घटना घटी है वह प्रशासन की असफलता है : हलधार

बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : मासस कार्यालय कतरास में कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड रोबिन महतो ने की बैठक को केंद्रीय महासचिव हलधर महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि छाताबाद केलुडीह में जो घटना घटी है वह प्रशासन की असफलता का कारण है शांति माहौल कायम करने के लिए सवदलिय बैठक अभिलंब बुलाना चाहिए एवं आम जनता से शांति की अपील की गई एवं संप्रदायिक उमांद फैलाने वाले के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का मांग की गई एवं सरकार से मांग की गई गरीब गरबा के जो क्षति हुई है उसका मुआवजा दी जाय,साथ ही कतरास क्षेत्र में जन समस्याओं को लेकर बीसीसीएल एवं नगर निगम भ्रष्टाचार के खिलाफ रोजगार के सवाल को लेकर रणनीति बनाने के लिए आगामी बैठक में तय किया जाएगा।

टुंडी प्रखंड आजसू पार्टी के संगठनात्मक संबंधी बैठक संपन्न, 2024 को लेकर किया गया विशेष मंथन

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर टुंडी प्रखंड आजसू पार्टी की कोर कमिटी की बैठक वन प्रक्षेत्र परिसर लोधरिया में आहूत की गई जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष आत्ममंथन किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार आज केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार टुंडी एवं पूर्वी टुंडी के कार्यकताओं के द्वारा संगठनात्मक बैठक आहूत किया गया जिसमें टुंडी में आजसू को और अधिक शक्तिशाली बनाना, इस पार्टी में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कैसे किया जाए एवं आगामी विधानसभा चुनाव में स्थानीय युवा को टिकट मिलें इस पर विचार विमर्श किया गया। इस संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि केन्द्रीय सचिव अर्जुन बैठा गिरिडीह महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा प्रियंका शर्मा, जिला सांसद प्रतिनिधि भास्कर ओझा, दिनेश राय, पूर्वी टुंडी अध्यक्ष काजल कुमार, महिला मोर्चा की प्रखंड सचिव सोनी देवी, उपाध्यक्ष पुष्पा देवी, दिव्या सिंह, मिथुन मंडल, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सोनू मंडल, युवा नेता जितेन्द्र मंडल उपस्थित थे कार्यक्रम का अध्यक्षता टुंडी प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राणा ने किया जबकि संचालन प्रखंड सचिव प्रेम कुमार सिन्हा के द्वारा संपन्न हुआ।

सिनीडीह में गुरु पूर्णिमा उत्सव सह संस्कृत सप्ताह का किया गया आयोजन

गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, अपितु वह मानव में प्राणशक्ति को जगाते हैं : सुनील कुमार सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

मधुबन : विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में गुरु पूर्णिमा उत्सव सह संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, विद्यालय के पूर्व छात्र भैया अमन कुमार, पृथ्वी कुमार, आकाश कुमार एवं बहन कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से महर्षि वेदव्यास की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार

सिंह ने कहा कि आज अपने विद्यालय में दो-दो कार्यक्रम आयोजित हैं-गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं संस्कृत सप्ताह। गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते अपितु वह मानव में प्राण शक्ति भी जगाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य अजय कुमार पांडे, आचार्या सुलेखा कुमारी, नमिता कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सांख पंचायत में ट्रांसफॉर्मर दूसरी जगह शिफ्ट करने को लेकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग से किया मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

गांवा/गिरिडीह : गांवा थाना क्षेत्र के पंचायत सांख में ग्रामीणों द्वारा ग्राम सांख में सैकडो लोग मिलकर बिजली विभाग की लचर लापरवाही पर घोर निंदा करते हुए ग्रामीणों ने बताया की विगत कई वर्षो से सांख गाँव के बीचो-बीच 200 द्म1 बिजली ट्रांसफार्मर लगे होनो से अक्सर बिजली करंट की झटके से कई गाय,बैले और एक व्यक्ति बिजली ट्रांसफार्मर चपेट में आकर जान गवा चुके है .मिली जानकारी मुताबिक पिछले 2 वर्ष पूर्व लालो महतो बिजली ट्रांसफार्मर के चपेट में आने से घटना-स्थल पर ही दम तोड़ दिया. साथ ही 2 दिनों पूर्व एक बच्चा खेलते-खेलते ट्रांसफार्मर के समीप जाने से करंट के चपेट में आ गया वंहा ग्रामीण के मदद से बिजली के बड़े हादसे होने से बच्चे को सुरक्षित बचा लिया गया ग्रामीणों ने मांग की बिजली ट्रांसफार्मर को इस स्थान से दुसरे स्थान पर बैठाकर सुचारू रूप से बिजली का लाभ देते रहे युक्त मामले को लेकर कई बार ग्रामीणों द्वारा आये दिन घटना को लेकर तिसरी एस.डी.ओ, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, वर्तमान सांसद महोदया अनपूर्ण देवी कई ऐसे शाशन प्रशासन को युक्त मामले को लेकर आवेदन देकर गुहार लगाया. लेकिन अब तक इस समस्या का समाधान नही मिल सका।

श्रावणी मेला के अवसर पर 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा पटना-आसनसोल, गया-जसीडीह, रक्सौल-भागलपुर एवं गोरखपुर-देवघर के मध्य श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन किया जायेगा । साथ ही सुल्तानगंज स्टेशन पर 05 जोड़ी ट्रेनों का 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार हॅै:-

1. गाड़ी सं. 03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल (सप्ताह में दो दिन)ः- यह स्पेशल ट्रेन पटना और आसनसोल के बीच 03.07.2023 से 31.08.2023 तक सप्ताह में दो दिन परिचालित की जायेगी । गाड़ी सं. 03511 आसनसोल-पटना श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन 03.07.2023 से 30.08.2023 तक सप्ताह में दो दिन - सोमवार और बुधवार को आसनसोल से 16.50 बजे खुलकर 23.55 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03512 पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन 04.07.2023 से 31.08.2023 तक सप्ताह में दो दिन यथा मंगलवार एवं गुरूवार को पटना से 01.15 बजे खुलकर अगले दिन 08.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी । इस गाड़ी में सामान्य श्रेणी के 08, द्वितीय श्रेणी चेयर कार के 04 कोच होंगे । अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल, लखीसराय, मनकट्ठा, बड़हिया, हाथीदह, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरूपुर, फतुहा, पटना साहिब राजेन्द्रनगर स्टेशनों पर रूकेगी ।

2. गाड़ी सं. 03698/03697 गया-जसीडीह-गया श्रावणी मेला स्पेशल (प्रतिदिन)ः- ये स्पेशल गया और जसीडीह (वाया पटना) के बीच 05.07.2023 से 01.09.2023 तक प्रतिदिन चलायी जायेगी । गाड़ी सं. 03698 गया-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल 05.07.2023 से 31.08.2023 तक प्रतिदिन गया से 20.55 बजे खुलकर 23.45 बजे पटना पहुंचेगी एवं यहां से 23.55 बजे खुलकर अगले दिन 05.45 बजे जसीडीह पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 03653 जसीडीह-गया श्रावणी मेला स्पेशल 06.07.2023 से 01.09.2023 तक प्रतिदिन जसीडीह से 07.45 बजे खुलकर 14.40 बजे पटना पहुंचेगी एवं यहां से 14.50 बजे खुलकर 17.50 बजे गया पहुंचेगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, मंगलवार, 04 जुलाई 2023| पेज 11

संक्षिप्त खबरे

बलदेव साहू महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई प्रारंभ करवाए प्राचार्य : आलोक साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड सरकार के उस निर्णय का स्वागत किया है जिसमें झारखण्ड के 65 अंगीभूत कॉलेजों व डिग्री संबंध महाविद्यालय में इंटर में नामांकन लिया जा सकता है। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा में प्रत्येक वर्ष काफी संख्या में छात्र मैट्रिक में उत्तरीण होते हैं लेकिन जिले में इंटर की सीट कम होने के कारण बहुत से छात्रों का इंटर में नामांकन नहीं हो पाता है जिसके कारण यहां के छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में लोहरदगा बलदेव साहू महाविद्यालय में इंटर का नामांकन नहीं लिया जा रहा है जबकि झारखंड के दर्जनों कॉलेज में इंटर का नामांकन लिया जा रहा है। पहले बलदेव साहू महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई होती थी।

आपकी समस्याओं और परेशानियों का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है : नमन बिक्सल कोंगाड़ी

केन्द्र में भाजपा की सरकार को गद्दी से उखाड़ फेकना है और कांग्रेस की सरकार को लाना है : कोलेबिरा विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : बोलबा प्रखंड अंतर्गत कादोपानी पंचायत के किलेसेरा गांव में जनसमस्या की सुनवाई के लिए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। गांव के ग्रामिणो ने विधायक से कहा की आज स्वतंत्र रूप से चल रहे संस्थानों का दुरूपयोग किया जा रहा है।ऐसा लगता है कि राजतंत्र में गुजर बसर कर रहे हैं। क्या होगा इस देश और समाज का, क्यों कि आपसी सौहार्द भाईचारा प्रेम सब खत्म हो रहा है। साथ ही क्षेत्र के अन्य समस्यायों से अवगत कराया। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि आपकी समस्याओं और परेशानियों का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है उसे दूर किया जाएगा। इस क्षेत्र की हर समस्या को में जान रहा हूं चाहे वह बिजली पानी सड़क पुल पुलिया

आदि समस्या हो में जब से विधायक बना हु सबसे पहले इसी समस्या को दुर करने में प्रथिमिकत देते आया हु और आगे भी इन सब समस्याओं का समाधान करने का प्रयास रहेगा। में हमेशा से क्षेत्र के जनता के साथ जुड़ कर रहते आया हु ताकि उनका समाधान कर सकू। साथियों में आपको बताना चाहता हूं कि जिस प्रकार देश में सभी संस्थाओं को बेचने का कार्य किया जा रहा है और उद्योग पतियों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है, ये देश को गुलामी की ओर ले जाया जा रहा है। अडानी अम्बानी जैसे उद्योग पतियों के हाथों सरकारी सम्पत्तियों को बेचा जा रहा है। और सभी को निजीकरण किया जा रहा है, उससे हमारे लोगों को मिलने वाला आरक्षण प्रभावित हो रहा है। स्पष्ट है कि हमारे आरक्षण को धीरे-धीरे समाप्त करने का षड्यंत्र हो रहा है। जबकि पूर्व की कांग्रेस या महागठबंधन की सरकार ने गरीबों दलितों शोषितों के लिए हर संभव विकसित करने के लिए आरक्षण प्रदान करने का काम किया था जिसे भाजपा की सरकार ने खत्म करने का साजिश सुरु से रच रही थी। और आज देश में बिजेपी की सरकार समान नागरिक संहिता कानून (ष्ट) लागू करने की बात कह रही हैं हमलोगो का जो प्रथागत कानून सादियो से है उसे खत्म किया जाएगा। समान नागरिक संहिता कानून आने से हम आदिवासियों का अस्तित्व पहचान खत्म हो जाएगा। इससे हमारा आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। इस समान नागरिक संहिता ष्ट कानून का आने से हम आदिवासियों का जो हक और अधिकार है उससे वंचित कर दिया जाएगा। भारत कई अलग-अलग संस्कृतियों और परंपराओं वाला एक विविधतापूर्ण देश है। समान नागरिक संहिता कानून के कार्यान्वयन से इन संस्कृतियों का समरूपीकरण होगा और सांस्कृतिक विविधता का नुकसान होगा। यह देश के सामाजिक ताने-बाने के लिए खतरा हो सकता है इस देश को बचाने और अपने आने वाले भविष्य को संवारने के खातिर हमलोगों को जागरूक होकर। केन्द्र में भाजपा की सरकार को गद्दी से उखाड़ फेकना है और आने वाली चुनाव में कांग्रेस की सरकार को लाना है। मौके पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, बोलबा बीस सूत्री अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, प्रखंड अध्यक्ष प्रेमदास, कादोपानी मुखिया साशिकला तिर्की, ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, जमीर अहमद, मोहम्मद कारू, जमीर हसन, बिरसेन कुल्लू, प्रिंस कुमार, अब्दुल वाहिद, नवीन तिर्की, राजेन बिलुंग, पुराण प्रकाश मिंज, ममता केरकेट्टा, दायराम लकड़ा, प्रबल कीड़ों, दैधाम लकड़ा, टेलीस्फोर लकड़ा, प्राचारक हर्मोन लकड़ा, सोभा तिर्की, प्रभा केरकेट्टा, आदि उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल दो हुए फरार एक को पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): कंडरा जंगल के समीप सड़क दुर्घटना में घायल तीन लड़का में से दो फरार एक गम्भीर रूप से घायल सूचना पर पहुंच पुलिस एक को अस्पताल में कराया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा जंगल के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर पुलिस द्वारा लगाया गया डिवाइडर को बाइक से टक्कर मारते हुए मोटरसाइकिल सवार तीन लड़का पथ के किनारे जा गिरे जिससे मोटरसाइकिल जे एच 08 जे 7843 पर सवार तीनो लड़का घायल हो गये। घटना के उपरांत गम्भीर अवस्था मे अपने दोस्त को छोड़ दो लड़का फरार हो गये। घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही स0आ0नि0 बिरेन्द्र बाखला दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घायल एक लड़का को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के उपरांत घायल की पहचान पूसो थाना क्षेत्र के लरंगो निवासी बुधेश्वर उराँव का पुत्र समीर उराँव के रूप में किया गया। जबकि दूसरा लड़का स्वर्गीय सीताराम उराँव के पुत्र लालजीत उराँव के रूप में किया गया। वहीं तीसरा लड़का का पता नही चला है। वही दुर्घटना में दो लड़कों को हल्की चोट आने के कारण घटना स्थल पर ही घायल दोस्त को छोड़ फरार हो गये। बताया जाता है कि तीनों लड़का एक ही मोटरसाइकिल पर सवार हो सेन्हा की ओर से शराब के नशे में लापरवाही एवं तेज रफ्तार से लरंगो अपना घर जा रहे थे। उसी दौरान कंडरा जंगल के समीप लगा पुलिस डिवाइडर को टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे जा गिरे जिससे समीर उराँव को गम्भीर चोटे लगी है। जिसको इलाज के पश्चात परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

गुरु ज्ञान एवं शक्ति के सागर हैं : श्री शशिधर लाल अग्रवाल

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज गुरु पूर्णिमा उत्सव भव्यता एवं रोचकता पूर्वक मनाया गया। सरस्वती वंदना एवं वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस भव्य अवसर पर प्रबंध समिति के सचिव अजय प्रसाद, संरक्षक कृष्णा प्रसाद, अध्यक्ष श्री शशिधर लाल अग्रवाल, श्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, एवं पत्रकार श्री राहुल कौशल जी उपस्थित थे। अतिथि परिचय श्री गणेश प्रसाद साहू द्वारा किया गया। विषय प्रवेश प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे द्वारा किया गया। उन्होंने कहा महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार थे। वेदव्यास ने चार वेद छह शास्त्र 18 पुराणों की रचना की है। सनातन धर्म संस्कृति को प्रकाशमान बनाने में वेदव्यास जी ने अपने जीवन को समर्पित किया। गुरु ज्ञान सागर होते हैं अतः हमें सच्ची निष्ठा भाव से गुरु की सेवा करनी चाहिए। अध्यक्ष श्री शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा गुरु ज्ञान एवं भक्ति के सागर होते हैं गुरु भक्त अरुणी के शिक्षाप्रद एवं रोचक कथा को प्रस्तुत किए। विद्यालय की बहन विद्या कुमारी एवं उनकी सहेलियों द्वारा गुरु भक्ति गीत सह नृत्य प्रस्तुत किया गया। श्री त्रिलोचन आचार्य जी द्वारा रामचरितमानस पर आधारित गुरु वंदना प्रस्तुत किए। प्रबंधन समिति के द्वारा आचार्य को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोहन पलक कुमारी द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। इशिका कुमारी द्वारा वेदव्यास जी के जीवन गाथा रोचकता पूर्वक किया गया। आचार्य श्रीमती लक्ष्मी देवी द्वारा गुरु भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूजन उत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सर्वप्रथम स्वामी महर्षि वेदव्यास के समक्ष मुख्य अतिथि अरुण प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विद्यालय में भैया बहनों द्वारा एक से एक बढ़कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया एवं के शिशु भारती के अध्यक्ष द्वारा अंग्रेजी में स्वागत भाषण दिया गया। मुख्य रूप से गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अरुण प्रसाद उपस्थित थे और उन्होंने गुरु पूर्णिमा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा आज से नहीं प्राचीन काल से ही इसकी परंपरा चलती आ रही है। साथी गुरु की एक अलग महिमा है जो भगवान से भी ऊपर बताया गया है। इसी बीच विद्यालय के अध्यक्ष श्री केसरी सिंह द्वारा कहा

गया कि गुरु पूर्णिमा आज से नहीं बल्कि ऋषि-मुनियों द्वारा जंगल में गुरुकुल बनाकर शिक्षा दीक्षा दिया करते थे। उसी समय से यह परंपरा चलती आ रही है और उन्होंने एकलव्य पाणिनि का उदाहरण देते हुए लघुकथा कहा। विद्यालय के सचिव श्री मनोज सिंह ने कहा कि गुरुजनों को आदर करना सीखे और गुरु के बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं इसलिए हमेशा गुरु को याद करते हुए अपनी कार्यशैली में सुधार लाने की आवश्यकता है। विद्यालय के संरक्षक महोदय नीलांबर महतो द्वारा नागपुरी गीत के माध्यम से बच्चों को गुरु पूर्णिमा के बारे में भैया बहनों को गुरु की महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन बहन नमिता कुमारी आचार्य श्री शंकर जी द्वारा किया गया धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य द्वारा हुआ। मौके पर देवकी कुमारी फुल कुमारी काजल तिवारी बिरासिनी कुमारी एवं भैया बहनों सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

गुरु पूर्णिमा पर सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में महर्षि वेदव्यास को नमन कर उपदेशों पर चर्चा

➲ महर्षि वेदव्यास एक महान व्यक्तित्व, वेद और महाभारत के थे रचियता : प्रमोद कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर कैरो मे 03 जुलाई सोमवार को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार एवं विद्यालय परिवार ने महर्षि वेदव्यास के चित्रों मे पुष्पार्चन, व दीप प्रज्ज्वलित कर किया नमन। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने अपने वक्तव्य में महर्षि वेदव्यास जी के पांच महायज्ञ के महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विस्तार रूप से बताए जिसमे उन्होंने कहा की हिन्दू धर्म के महान ग्रन्थ वेद और महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास एक महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने वेदों की सबसे पहले व्याख्या

की थी। वे हमारे आदि गुरु हैं। महर्षि के विचार और उपदेश बहुत ही अनमोल हैं। अगर हम उन्हें अपने जीवन में अपने कर्मों में ढाल लें तो हमारा जीवन स्वर्ग हो जायेगा। हर किसी को उन अनमोल विचारों से अवगत होना चाहिए महर्षि के प्रेरणादायी विचार को भैया बहने अपने दिनचर्या में उतरना चाहिए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य देवा उरांव, गणेश साहू, रामधारी साहू, शांति नाग, रीता यादव, प्रभा कुमारी कमला देवी, पूजा देवी, रूपा देवी, देवांती साहू के अलावा विद्यालय के सभी भैया बहन उक्त कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

पुल के नीचे मिला युवक का शव, क्षेत्र में सनसनी

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): घटना सदर थाना क्षेत्र के शंख नदी पुल के समीप की है जहां सोमवार की सुबह एक 24 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों में इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे लेते हुए मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक शंख नदी स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे एक यवक का शव मिला जिसकी पहचान केमो केंद टोली निवासी सूरज लोहरा पिता पंचम लोहरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सूरज लोहरा की शादी (लव मैरिज) पिछले सप्ताह ही हुई थी। जिसका एक बच्चा भी है,जिसके बाद से उसका शव रेलवे पुल के नीचे मिला जानकारी मिलने के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंच शव की शिनाख्त की। इस घटना के पीछे का राज अभी तक पता नही चल पाया है,तथा इस घटना मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से मामले की जांच तथा पूछताछ कर रही है।

उप विकास आयुक्त समीरा एस ने केंद्रीय विद्यालय में पानी कि समस्या को लेकर की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आज केंद्रीय विद्यालय, बरही में पेयजलापूर्ति की समस्या को दूर करने हेतु एक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय परिसर में जलस्रोत की पहचान दो दिनों के अंदर करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी और अंचल अधिकारी सेन्हा को दिया गया। इसमें हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के साथ समन्वय स्थापित किये जाने का निदेश दिया गया। इसके साथ-साथ, विद्यालय के समीप जिस रैयत की भूमि पर जलस्रोत है उस रैयत के समन्वय स्थापित कर भूमि हस्तांरित कराये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, जहां वर्तमान में विद्यालय के समीप पेयजलापूर्ति हेतु गुजरनेवाली पाईपलाईन योजना की मरम्मति कराये जाने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को दिया गया। आज की बैठक में पीएचईडी कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा, अंचल अधिकारी विजय कुमार, केंद्रीय विद्यालय के सहायक आयुक्त बलेंद्र कुमार, अधिकारी दिलीप मिश्रा, प्राधानाध्यापक अजय कुमार चौधरी समेत अन्य उपस्थित थे।

पतंजलि ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कर मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा में पावन दिवस गुरु पूर्णिमा पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा एवं सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में हवन कर गुरु के बताए गए मार्गदर्शन को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में आचार्य शरचचंद्र आर्य के मार्गदर्शन में आचार्य अर्जुनदेव आर्य के नेतृत्व में वैदिक विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न हुआ।शिवशंकर सिंह,जिला संरक्षक,पतंजलि मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह ने कहा कि गुरु का पद जीवन निर्माता का है। गुरु एक शिल्पकार की भांति है, वह व्यक्तित्व को गढ़ता है, तराशता है। आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के प्रांत प्रभारी आचार्य शरचचंद्र आर्य ने कहा कि एक मनुष्य को सही अर्थो में ज्ञानवान, प्रज्ञावान, शीलवान बनाने का अद्भुत और अद्वितीय पुरुषार्थ सिर्फ गुरु ही कर सकता है। उन्होंने आज सबों को संकल्प लेकर संकल्प दिवस के रूप में मनाने की जरूरत है। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु की महिमा को अपरिमित बताया गया है। महर्षि संदीपनी भगवान कृष्ण के गुरु थे।

गुरु पुर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास जयंती मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास जयन्ति मनाया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित श्रवस्ती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास जयन्ति मनाया गया। वही कार्यक्रम प्रारम्भ से पूर्व प्रधानाचार्य एवं आचार्य आचार्या द्वारा सरस्वती माता, और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने महर्षि व्यास जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास ने ही चार वेद के अलावे पंचम वेद महाभारत तथा श्रीमद्भागवत गीता व 18 पुराण का रचना किया था। साथ ही कहा की वेदव्यास के जन्मदिवस पर गुरु पूर्णिमा मनाया जाता है। बिना गुरु का ज्ञान नही होता है। भगवान से भी बढ़कर गुरु होते हैं। इस लिये गुरु का स्थान सर्वोपरी होता है। भगवान राम, कृष्ण भी गुरु के यहाँ विद्याध्ययन किये थे। इसी उद्देश्य से गुरु पूर्णिमा के दिन समस्त गुरुओं को सम्मान देने के लिये महर्षि वेदव्यास जी का जयन्ति को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के पश्चात वर्ग षष्ठ से दशम तक के छात्र छात्राओं के बीच महर्षि व्यास जी का जीवनी पर प्रतियोगिता आयोजित कराया गया।

9 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में सभी क्षेत्र में देश मजबूत हुआ है : तुलसी कुमार साहू

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): बीरू मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह के नेतृत्व में बीरू मंडल के बीरू पंचायत अंतर्गत 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के तहत घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया इस जनसंपर्क अभियान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किए गए कार्य की उपलब्धि को बताया गया चाहे वह प्रधानमंत्री आवास कोरोना वैक्सीन शौचालय कोरोना के दौरान दिया गया राशन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हर घर जल जीवन मिशन हो प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ऐसे कई मूलभूत कार्य जनता के हित में बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, रोजगार महिला सशक्तिकरण इत्यादि कई कार्यों को बताया गया इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद बीरू मंडल कोषाध्यक्ष दिनेश्वर होता बूथ अध्यक्ष घनश्याम दास आदित्य केसरी इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सम्मानित हुए शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद बोले: माता-पिता बच्चे के प्रथम गुरु

विद्या मंदिर प्लस टू में महर्षि वेदव्यास जयंती गुरु पूर्णिमा उत्सव समारोह पूर्वक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय लोहरदगा में सोमवार को महर्षि वेदव्यास की जयंती और गुरु पूर्णिमा उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य एवं जाने-माने शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद को सम्मानित किया गया। उनके सम्मान में प्रशस्ति पत्र का वाचन सचिव अजय प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि श्री प्रसाद ने 1965 से 1995 तक लोहरदगा के चुन्नी लाल उच्च विद्यालय में एक शिक्षक के रूप में अपनी सेवा दी। इनके द्वारा पढ़ाई हुई न्यूनतम तीन पीढ़ियां इन्हें हर जगह ह्रदय से सम्मान देती है। 1995 से 2004 तक गुमला के घाघरा में एसएस हाई स्कूल में सेवा देते हुए एक प्रधानाचार्य के रूप में अवकाश ग्रहण किए। विद्या भारती के नगर क्षेत्र स्थित तीनों विद्यालयों की समितियों में सदस्य, अध्यक्ष, संरक्षक और शिक्षाविद की भूमिका में लगभग डेढ़

दशक से मार्गदर्शन कर रहे हैं। 2001 में झारखंड सरकार द्वारा भी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षा सेवा के लिए सम्मानित किए जा चुके हैं। श्री प्रसाद को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र और उपहार भेंट कर समिति के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि गुरु हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और माता-पिता ही बच्चे के प्रथम गुरु होते हैं,गुरु के मार्गदर्शन के फलस्वरूप ही मनुष्य उच्च स्थान को प्राप्त करता है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि गुरु के ज्ञान का मोल कोई नहीं चुका सकता क्योंकि गुरु ही साक्षात ब्रह्मा,विष्णु और महेश के रूप में इस धरा पर हमारा मार्गदर्शन और ज्ञान वर्धन करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने आदर्श जीवन पद्धति की अमूल्य निधि हमें दी है,उन परंपराओं का निर्वहन कर हम वैसे गुरुजनों को सच्चा सम्मान दे सकते हैं। इसके पूर्व नीतू कुमारी ने अतिथि परिचय कराया। संचालन रेणु कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन कविता कुमारी ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, शिक्षाविद सदस्य डॉ शशि कुमार गुप्ता, समिति सदस्या शोभा देवी, प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, स्नेहा शर्मा, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, आरती भगत, चेतना प्रिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। समारोह में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर परंपरागत उपहार सम्मान के अतिरिक्त महाविद्यालय के वैसे सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने इंटर परीक्षा 2023 में अपने-अपने विषयों में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया हैद्य जिनमें प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं शिक्षक शिक्षिकाओं में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, कविता कुमारी, चेतना प्रिया एवं आरती भगत आदि शामिल है। सभी को पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं विशेष उपहार भेंट किया गयाा। कार्यक्रम में इंटर परीक्षा 2023 में महाविद्यालय में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गयाा। इन्हें भी प्रशस्ति पत्र और उपहार दिया गया। अपने-अपने संकाय में कॉलेज टॉपर कला में सुमित उरांव और विज्ञान में हर्ष कुमार हिंद सम्मानित किए गए। समारोह में महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका मनोहर अभिव्यक्ति का भी विमोचन हुआ। पदाधिकारियों, प्राचार्य और सदस्यों के साथ पत्रिका की संपादक चेतना प्रिया और सह संपादक आरती भगत ने पत्रिका का विमोचन किया। पत्रिका में महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों की चित्रकला और कविता आदि को भी स्थान दिया गया है।

बिजली विभाग से संबंधित व्याप्त समस्याओं को लेकर झापा ने दिया सांकेतिक धरना

➲ दोनों विधायक और सांसद की लापरवाही की वजह से क्षेत्र में लोगों में बड़ी परेशानी : एनोस एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : झारखंड पार्टी सिमडेगा द्वारा सिमडेगा जिले में बिजली विभाग से संबंधित व्याप्त समस्याओं के खिलाफ सोमवार को पावर हाउस सिमडेगा के समीप एक दिवसीय झारखंड पार्टी की सांकेतिक धरना प्रदर्शन का आयोजन हुआ मौके पर मुख्य रूप से झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का झापा जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, झापा नेत्री जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए संदेश एक्का ने कहा किस सिमडेगा जिला में बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से लोगों के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो चुकी है और लोग पूरी तरह से परेशान है

जिले के अंदर अनावश्यक बिजली बिल एक घर में दो कनेक्शन का बिल और कहीं कहीं पर बिजली की आंख मिचौली और ट्रांसफार्मर जलने की समस्या आ रही है ।लेकिन अब तक विभाग उसे गंभीरता से नहीं ले रही है। इस लिए अब वक्त आ गया कि झारखंड पार्टी विभाग के खिलाफ उलगुलान करें। पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों को लोग चुनाव में इसलिए जीत दिलाते हैं ताकि उनकी समस्याओं को दूर करें लेकिन सिमडेगा के लिए बहुत दुर्भाग्य की बात है कि यहां के सांसद और दोनों विधायक गहरी नींद में सो रहे हैं जिसकी वजह से बिजली पानी सड़क जैसी कई आवश्यकताओं की घोर कमी है और इसकी नेतृत्व कोई नहीं कर रहा। जहां पर अगुवा की आवश्यकता है वहां पर जनप्रतिनिधि अगुआ की भूमिका नहीं निभा रहे। लेकिन झारखंड पार्टी लोगों की समस्याओं के लिए सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगी चाहे जेल जाना पड़े या फिर बिजली विभाग के दफ्तर को ताला लगाना पड़े लेकिन अगर बिजली लोगों को नियमित रूप से नहीं मिला लोगों के बिल में संशोधन नहीं हुआ, हर गांव में विद्युतीकरण नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन झारखंड पार्टी जरूर करेगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
विविध
रांची, मंगलवार, 04 जुलाई 2023 | पेज 12

चलते चलते एक नजर

मुख्यमंत्री से मिले वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के सीईओ

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के सीईओ आशीष कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने भूमिहीन गरीबों को जमीन देने की मंजूरी दी

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर सरकार ने सोमवार को भूमिहीन पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को 5 मरला भूमि आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस योजना को 2024-25 में भूमिहीन लाभार्थियों की समान श्रेणियों तक बढ़ाया जाएगा, जो पीएमएवाई-जी चरण-3 के तहत आवास सहायता प्राप्त करने के पात्र होंगे। यह ऐतिहासिक निर्णय 21 जून 2023 को प्रशासनिक परिषद ने लिया था। वर्तमान आवंटन केवल स्थायी प्रतीक्षा सूची 2018-19 से बाहर रह गए मामलों तक ही सीमित है। जम्मू-कश्मीर राजस्व कानूनों के तहत भूमि आवंटन के लिए संबंधित उपायुक्त आवास प्लस लाभार्थियों की निम्नलिखित श्रेणियों पर विचार किया जाएगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि यह जम्मू-कश्मीर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है और हजारों भूमिहीन परिवारों के लिए एक नई शुरुआत है। यह ऐतिहासिक निर्णय सभी नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर के लिए प्रशासन के प्रयास में एक सुनहरा अध्याय साबित होगा। उपराज्यपाल ने कहा की यह अग्रणी निर्णय न केवल भूमिहीन गरीबों को जमीन का एक टुक?ा और घर रखने का अधिकार देगा, बल्कि यह उन्हें आजीविका का साधन भी प्रदान करेगा। समाज का गरीब वर्ग आजादी के सात दशकों के बाद भी बुनियादी सुविधाओं और अधिकारों से वंचित था, जिसे विकास की मुख्यधारा में लाया जा रहा है।

बढ़ती बेरोजगारी के लिए केन्द्र जिम्मेदार : कांग्रेस

नई दिल्ली : कांग्रेस ने केन्द्र सरकार को बढ़ती बेरोजगारी के लिए जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस का कहना है कि केन्द्र सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर नियुक्ति नहीं कर रही है। कांग्रेस ने सोमवार को ट्वीट कर आरोप लगाया कि देश में बेरोजगारी दर ने पिछले 02 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जून में यह 8.4 फीसदी पहुंच गई। आखिरी बार 2021 में इतनी भयावह बेरोजगारी देखने को मिली थी। तब देश कोरोना से जूझ रहा था। कांग्रेस ने कहा कि ग्रामीण इलाकों का हाल और बुरा है, यहां बेरोजगारी दर 8.7 फीसदी पहुंच गई है। कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वादा था कि हर साल 02 करोड़ नौकरी देने का लेकिन सरकार इसे भूल गई है। कांग्रेस ने कहा कि देश के सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में 02 लाख से अधिक पद खाली पड़े हैं। लेकिन सरकार इस मुद्दे पर विचार नहीं कर रही है।

माननीय बच्चों का अधिकार न छीनें : अरुणा शंकर

*** रेडमा भी हमारे शहर का हिस्सा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि लोग अपनी राजनीति पावर दिखाने के लिए स्थानीय लोगों की सुविधा और वह भी बच्चों को मिल रहा निगम द्वारा उपहार दादा दादी पार्क से मोहल्ले को वंचित करना चाहते हैं, जो दुखद है। प्रथम महापौर ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि पूरे शहर में निगम द्वारा पांच स्थान पर मेरे कार्यकाल में पारित दादा दादी पार्क बनाया जा रहा है। जिसमें रांची

रोड में बने निगम जोनल कार्यालय के कैंपस में बच्चों को खेलने के लिए मल्टी प्लेस्टेशन वर्ल्ड क्लास पीयू फ्लोरिंग उद्यान गांधी के तर्ज पर लग रहा था। ताकि हमारी रेडमा रांची रोड की माताएं बहने अपने बच्चों को लेकर पार्क में कुछ समय बिता सकें। साथ ही बच्चों को खेलने का एक अच्छा संसाधन मिल सके। पर कुछ राजनीतिक ब्रदर्स को रेडमा का विकास रास नहीं आ रहा हैं। संवेदक को काम करने से रुकवा दिया। संवेदक ने इसकी सूचना नगर आयुक्त को दे दी है। तथा स्थान परिवर्तन करने का अनुरोध किया है। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य है कि लोग जब आपने मोहल्ले का विकास नहीं होने देना चाहते तो शहर का विकास का उनसे क्या उम्मीद की जा सकती है। प्रथम महापौर ने कहा कि माननीय विकास को बाधित ना करें। रेडमा भी हमारे शहर का हिस्सा है। वहां के बच्चों,माताओं,बहनों,बुजुर्गों के अधिकार को ना छीने वरना इतिहास माफ नहीं करेगा।

राजनीतिक दल अब वित्तीय लेखा जोखा ऑनलाइन दाखिल कर सकेंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। राजनीतिक दल अब वित्तीय लेखा-जोखा ऑनलाइन दाखिल कर सकेंगे। चुनाव आयोग ने तीन विवरण दाखिल करने के लिए एक वेब पोर्टल तैयार किया है।इस पोर्टल से राजनीतिक दल अब योगदान रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वार्षिक खाता और राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव व्यय विवरण जमा करा सकेंगे।

आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को लिखे पत्र में इसकी जानकारी दी है। इसके पीछे आयोग के दो उद्देश्य हैं। एक दाखिल करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना और दूसरा, एक मानकीकृत प्रारूप में समय पर लेखा जोखा दाखिल करना सुनिश्चित कराना।

आयोग के अनुसार डेटा की ऑनलाइन उपलब्धता से अनुपालन और पारदर्शिता के स्तर में वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके लिए ऑन-लाइन पोर्टल और व्यावहारिक उपयोग के बारे में समझाने वाला एक मैनुअल और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न तैयार किए गए हैं।

आयोग द्वारा दलों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जायेंगे।

छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार करियर चुनने में मदद करें अभिभावक : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने माता-पिता और शैक्षणिक संस्थानों से कहा कि वे छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार करियर चुनने और आगे बढ़ने में मदद करें। राष्ट्रपति सोमवार को कर्नाटक के मुद्देनहल्ली में श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस (एसएसएसयूएचई) के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के बढ़ते दबाव के कारण छात्रों में तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षाओं में सफलता ही उनकी क्षमताओं का एकमात्र मापदंड नहीं है। आपका व्यक्तित्व, आचरण

और चरित्र आपकी शैक्षणिक उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों और शैक्षणिक संस्थानों से छात्रों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करने और उन्हें उनकी रुचि के अनुसार करियर चुनने और आगे बढ़ाने में मदद करने का भी आग्रह किया। राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि श्री सत्य साई विश्वविद्यालय सभी छात्रों को उच्च शिक्षा निःशुल्क प्रदान कर रहा है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को निःशुल्क छात्रावास सुविधाएं प्रदान करके उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद कर रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी समाज और देश की प्रगति के लिए मूलभूत आवश्यकता हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस ने मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए एम्स, नई दिल्ली और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सहयोग से श्री मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च की स्थापना की है।

गुरुचर्चा आत्मज्ञान को विश्वकल्याण हेतु विस्तारित करता है : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : गुरुपूर्णिमा के अवसर पर पाटन प्रखण्ड के लोइन्गा तोला मतंगवां ग्राम में शिवचर्चा का आयोजन किया गया। जहाँ इलाके के सैकड़ो गुरु बहनों ने चर्चा में भाग लिया। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर वरिष्ठ गुरुभाई गोकुलानंद तिवारी जी को फूलमाला पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किये। अपने चर्चा में हमने कहा मुक्ति का मार्ग चर्चा है, चर्चा लोकसभा में हो विधानसभा में हो कि ग्राम सभा में हो या फिर घर में हो। जिस दिन आप चर्चा नहीं करते हैं उस दिन आप अपने लोगों के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं। रिश्ता भटकाव के मुहाने पर ले जाते हैं। आपसी रिश्ता गुमराह न हो इसके लिए भी चर्चा करना है। बेहतर

जिंदगी और दुनिया से जुड़ाव रखने के लिये चर्चा जरूरी है। जिंदगी के हर जरूरी कार्य निर्बाध गति से चले समाज में मिठास बड़े और आपसी एकता समन्वय सांगठनिक ढांचा से राष्ट्र मजबूत हो इसलिए चर्चा जरूरी है। हमारी जो स्वर्ग की परिकल्पना है वह इसी धरा पर मिले इसलिए भी गुरु चर्चा जरूरी है। अपने एडवोकेट मित्र ओंकार नाथ तिवारी ने बहुत ही प्रभावशाली ढंग से चर्चा को किया, साथ ही भजन के जरिए शमां को बंधा। आज के विशेष चर्चा में मुख्य तौर पर भाई राधेश्याम जी,भाई कामेश सोनी, देवन्ति बहन, प्रतिमा बहन,भाई लड्डू सिंह,विजय गुरु भाई, भाई लखन जी,बहन विमला आदि शामिल रहे।

बैंक ऑफ़ इंडिया ने महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र 2023 आरंभ किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बैंक ऑफ़ इंडिया, जो भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक है, ने अपनी सभी शाखाओं में महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र, 2023 आरंभ किया। यह शुभारंभ बैंक के एमडी एवं सीईओ रजनीश कर्नाटक के कर कमलों से वीसी के माध्यम से किया गया। उद्घाटन सत्र में सभी राष्ट्रीय बैंकिंग समूह कार्यालयों और आंचलिक कार्यालयों ने भाग लिया। एमडी एवं सीईओ रजनीश कर्नाटक ने सूचित किया है कि बैंक ऑफ इंडिया इस योजना को अपनी सभी शाखाओं में संचालित करने वाला पहला बैंक है। बैंक ऑफ इंडिया की सभी शाखाएं महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र, 2023 के तहत खाते खोलने हेतु प्राधिकृत हैं। इस महत्वपूर्ण योजना की घोषणा हमारे माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निरमला सीतारामन ने 1 फरवरी, 2023 को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के अपने बजट-भाषण में की थी। इस योजना में, कोई एकल लड़की या महिला अथवा किसी नाबालिग लड़की की ओर से अभिभावक महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र खोल सकते हैं। इसमें न्यूनतम निवेश रु. 1000/- है और खाते में रु. 100/- के गुणकों में अधिकतम रु. 200000/- तक की राशि जमा की जा सकती है। कोई एकल व्यक्ति कितने भी खाते खोल सकता है बशर्ते निवेश की गई कुल राशि रु.200000/- की अधिकतम सीमा के अंतर्गत हो और दो खाते खोलने के बीच कम से कम तीन महीनों का अंतराल हो।

इस योजना के तहत जमाराशियों पर 7.5त्न प्रति वर्ष की दर से ब्याज मिलेगा। ब्याज का परिकलन तिमाही आधार पर चक्रवृद्धि आधार पर किया जाएगा और उसे खाते में जमा किया जाएगा। महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र के तहत सभी आय, वर्तमान आयकर प्रावधानों के अनुरूप, कर-योग्य होंगी, तथापि इस योजना के तहत टीडीएस की कटौती नहीं की जाएगी। खाता खोलने की तारीख से दो वर्ष पूरे होने पर खाता परिपक्व हो जाएगा और इस योजना के अंतर्गत 31/03/2025 तक खाते खोले जा सकते हैं। योजना में नामांकन (नॉमिनेशन) की सुविधा भी उपलब्ध है।

खाताधारक की मृत्यु की स्थिति में खाता परिपक्वता से पहले बंद किया जा सकता है। खाताधारक की जीवन-घातक बीमारियों में चिकित्सा सहायता या अभिभावक की मृत्यु जैसी अत्यधिक अनुकंपा की स्थिति के आधार पर, जब खाते के संचालन या जारी रखने से खाताधारक को अनुचित कठिनाई हो रही हो तो इस खाते को परिपक्वतापूर्व बंद किया जा सकता है।जब कोई खाता उपर्युक्त शर्तों के अंतर्गत समय से पहले बंद कर दिया जाता है, तो मूल राशि पर ब्याज, धारित अवधि के लिए इस योजना पर लागू दर पर अर्थात् 7.5 प्रतिशत की दर पर देय होगा। खाता खोलने की तारीख से छह महीने पूरे होने के बाद, किसी अन्य आपात स्थिति में या ग्राहक की इच्छा पर, 5.5 प्रतिशत अर्थात् 2 प्रतिशत के जुर्माने के साथ यह खाता समय से पहले भी बंद किया जा सकता है। खाता खोलने की तारीख से 1 वर्ष की समाप्ति के बाद पात्र शेष राशि का 40 प्रतिशत तक निकालकर खाताधारक द्वारा आंशिक निकासी सुविधा का भी लाभ उठाया जा सकता है।अब तक केवल डाकघर ही महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र के अंतर्गत खाता खोलने के लिए प्राधिकृत थे, लेकिन सरकार ने 27-06-2023 की गजट अधिसूचना के माध्यम से अनुसूचित बैंकों को एमएसएससी खोलने की अनुमति दी थी और बैंक ऑफ इंडिया इस योजना को शुरू करने वाला पहला बैंक है।

निगम प्रशासक ने किया मंदिर स्थलों का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। श्रवण माह के शुरू होने से पूर्व प्रशासक शशि रंजन, भाप्रस के द्वारा पहाड़ी मंदिर एवं उसके आस पास के क्षेत्र तथा नामकुम स्थित स्वर्णरेखा नदी की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में उनके द्वारा यह निदेश दिया गया कि श्रावण माह के पूर्व पहाड़ी मंदिर परिसर, इसके आस-पास के स्थलों एवं मंदिर के सभी संपर्क पथों पर साफ-सफाई के कार्य प्रतिदिन सुचारू रूप से किया जाए। पूरे माह शहर के सभी मंदिरों एवं शिवालयों के साफ-सफाई के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। प्रशासक के पहाड़ी मंदिर भ्रमण के क्रम में मंदिर परिसर की सीढियां और दीवारों में मरम्मती तथा कुछेक स्थानों पर मिट्टी भरवाने की आवश्यकता दिखी जिसपर प्रशासक के द्वारा संबंधित सुपरवाइजर को इसे त्वरित ठीक करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि पहाड़ी मंदिर रांची के लिए एक एतिहासिक मंदिर है और इसे स्वच्छ, सुंदर एवं

रमणीक रखने हेतु निगम स्तर से हर संभव प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने पूरे मंदिर परिसर तथा सभी समर्क पथों की खराब पड़े पथ बत्तियों को दुरूस्त करने का निदेश दिया। इसके अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के मंदिर आने की संभावना को देखते हुए एवं क्षेत्र को जाममुक्त रखने हेतु प्रशासक द्वारा पहाड़ी मंदिर के दोनों ओर पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। पूरे श्रावण माह हजारो की संख्या में श्रद्धालु मंदिर आयेंगे जिसके मद्देनजर प्रशासक द्वारा पूरे क्षेत्र में जगह-जगह डस्टबीन रखने का निदेश दिया गया ताकि मंदिर में आनेवाले श्रद्धालु डस्टबीन में ही फूडा डालें। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए उन्होंने चलत शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था करने का निदेश दिया। साथ ही उन्होंने स्वच्छता शाखा की टीम को मंदिरों के आस-पास के स्टॉल्स में प्लास्टिक का उपयोग ना करे, यह सुनिश्चित करने का निदेश दिया। नारियल विक्रेताओं को नारियल के छिलके को इधर-उधर न फेकने के निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने इनफोर्समेंट टीम को क्षेत्र में दुकानों, ठेले खोमचे द्वारा अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने का निदेश दिया। प्रशासक द्वारा नामकुम स्थित स्वर्णरेखा नदी की साफसफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, जिसमे उनके द्वारा सफाई संतोषजनक पाई गई। उन्होंने संबंधित सुपरवाइजर को पूरे क्षेत्र में पूर्ण रूप से सफाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया तथा विद्युत शाखा को खराब पड़े पथ बत्तियों को दुरुस्त करने का निदेश दिया गया।रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से यह अपील करती है कि श्रावण माह के दौरान यदि मंदिर आकर पूजा-अर्चना करते है, तो कूड़ा यत्र-तत्र ना फेके प्लास्टिक का उपयोग ना करे एवं कूड़ा डस्टबिन में ही डाले ताकि निगम की टीम को कचरा एकत्र करने में सुविधा हो और शहर की साफ-सफाई व्यवस्थित रहे।

मौके पर उप प्रशासक रजनीश कुमार सहायक प्रशासक शीतल कुमारी, नगर प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर उपस्थित थे।

मुख्तार अंसारी के मुद्दे पर गरमाई पंजाब की सियासत

प्रभात मंत्र संवाददाता

चंडीगढ़ : उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के मुद्दे पर पंजाब की राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। पंजाब सरकार ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह तथा पूर्व जेल मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा से पैसे वसूल करने को लेकर नोटिस जारी कर दिया है। चंडीगढ़ में इस मुद्दे को लेकर बैठकों का दौर चलता रहा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को यह ऐलान किया था कि मुख्तार अंसारी पर खर्च किए गए 55 लाख रुपये की धनराशि तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह तथा पूर्व जेल मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा से वसूल की जाएगी।इसके बाद सोमवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं तत्कालीन गृहमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सोमवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान इस मामले में झूठ बोल रहें हैं कि गैंगस्टर अंसारी की पैरवी का खर्च 55 लाख रुपये बनता है। उन्होंने दस्तावेजी प्रमाण जारी करते हुए कहा कि अंसारी की पैरवी पर केवल 17 लाख 60 हजार रुपये खर्च हुआ है।रंधावा ने कहा कि वह जब पंजाब के जेल मंत्री थे तब उनके पास खर्च की फाइल आई थी तो उसे वापस भेज दिया था। रंधावा ने कहा कि किसी भी अपराधी को कैसे और कहां रखना है यह पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है। रंधावा ने पंजाब के मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि वह उन्हें रिकवरी नोटिस भेजें वह इस नोटिस का इंतजार कर रहे हैं। रंधावा ने कहा कि वह नोटिस लिये बगैर दिल्ली नहीं जाएंगे।रंधावा की इस चुनौती के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कैप्टन अमरिंदर सिंह तथा सुखजिंदर सिंह रंधावा के नाम नोटिस को ट्वीट कर दिया। नोटिस मिलने के बाद रंधावा ने कहा कि यह नोटिस नहीं बल्कि फाइल की नोटिंग है। नोटिस और नोटिंग में फर्क होता है। रंधावा ने कहा कि वह इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में जाएंगे। दूसरी तरफ कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि उन्हें अभी नोटिस नहीं मिला है। नोटिस मिलने पर वह मुख्यमंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

वाइस एडमिरल अतुल आनंद ने डीएमए के अतिरिक्त सचिव का पदभार संभाला

एजेंसी

नई दिल्ली। वाइस एडमिरल अतुल आनंद ने सोमवार को सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) के अतिरिक्त सचिव के रूप में पदभार संभाला। यह पद पहले लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी के पास था, जो उनके 28 फरवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद चार माह से रिक्त था। इस विभाग का नेतृत्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) सचिव के रूप में करते हैं और इसे तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

वाइस एडमिरल अतुल आनंद 01 जनवरी, 1988 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त हुए थे। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (71वां कोर्स, डेल्टा स्क्वाड्रन) के पूर्व छात्र हैं। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (71वां कोर्स, डेल्टा स्क्वाड्रन), रक्षा सेवा कमान और स्टाफ कॉलेज, मीरपुर (बांग्लादेश) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, नई दिल्ली के पूर्व छात्र हैं। वाइस एडमिरल अतुल आनंद को अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) और विशिष्ट सेवा पदक (वीएसएम) से नवाजा जा चुका है। उन्होंने एशिया पैसिफिक सेंटर ऑफ सिक्योरिटी स्टडीज, हवाई, अमेरिका में उन्नत सुरक्षा सहयोग पाठ्यक्रम में भी भाग लिया है। उन्होंने अपने करियर में कई प्रमुख जिम्मेदारी संभाली हैं, जिनमें टॉरपीडो रिकवरी वेसल आईएनटीआरवी ए72, मिसाइल बोट आईएनएस चटक, कार्वेट आईएनएस खुकरी, विध्वंसक आईएनएस मुंबई की कमान शामिल है। इसके अलावा उन्होंने नौसेना के जहाजों शारदा, रणविजय और ज्योति के नेविगेटिंग ऑफिसर के रूप में भी काम किया और सी हैरियर स्क्वाड्रन आईएनएएस 300 के दिशा अधिकारी और विध्वंसक आईएनएस दिल्ली के कार्यकारी अधिकारी थे। उनकी



महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों में संयुक्त निदेशक, स्टाफ आवश्यकता, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन में निदेशक स्टाफ, निदेशक, नौसेना संचालन और निदेशक, नौसेना इंटेलिजेंस (ऑप्स) शामिल हैं।

उन्होंने रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के एकीकृत मुख्यालय में प्रधान निदेशक, नौसेना संचालन और प्रधान निदेशक, रणनीति, अवधारणाओं और परिवर्तन के रूप में भी काम किया है। एक फ्लैग ऑफिसर के रूप में उन्होंने नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (विदेश, सहयोग और खुफिया), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला में उप कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, कर्नाटक नौसेना क्षेत्र के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग और नौसेना संचालन महानिदेशक के रूप में कार्य किया है।इसका नेतृत्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सचिव के रूप में करते हैं और इसे तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। यह भारतीय रक्षा मंत्रालय के भीतर सैन्य मामलों का प्रभारी विभाग है। पदेन सचिव के रूप में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की अध्यक्षता में डीएमए भारतीय सशस्त्र बलों के बीच एकीकरण प्रदान करता है। इसका मकसद संयुक्त योजना और उनकी आवश्यकताओं के एकीकरण के माध्यम से सेनाओं के लिए खरीद, प्रशिक्षण और स्टाफिंग में संयुक्तता को बढ़ावा देना है। संयुक्त थिएटर कमांड की स्थापना सहित सैन्य कमांड के पुनर्गठन और स्वदेशी उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देना भी इस विभाग का दायित्व है।